वार्षिक रिपोर्ट | Annual Report

2020-2021

लाल बहादुर शास्त्री
राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
मसूरी-248179
ईपीएबीएक्स लाइंस: +91-0135-2222000, 2632236, 2632489, 2632367, 2632374 & 2632405
वेब: http://www.lbsnaa.gov.in

Lal Bahadur Shastri
National Academy of Administration
Mussoorie-248179
EPABX . : 0135-2222000, 2632236, 2632489, 2632367, 2632374 & 2632405
Fax No. : 0135-2632350 & 0135-2632720
Website : http://www.lbsnaa.gov.in



वार्षिक रिपोर्ट

2020-2021

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
मसूरी

विषय सूची

अकादमी मिशन एवं आधारभूत मूल्य.....6

मिशन.....6

आधारभूत मूल्य.....6

अध्याय-1.....8

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी.....8

एक परिचय.....8

प्रारंभ एवं विकास.....8

कालक्रम.....9

प्रशिक्षण पद्धति 11

क्षेत्र दौरा.....12

मैत्रीभाव को प्रोत्साहन 12

परिसर.....12

अध्याय-2 14

वर्ष 2020-2021 के दौरान आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम 14

अध्याय-3.....16

पाठ्यक्रम तथा गतिविधियां - मुख्य अंश.....16

नवनियुक्त अधिकारियों के लिए इंडक्शन ट्रेनिंग 16

आईएएस प्रोफेशनल कोर्स फेज़-I (2019 बैच) (22 सप्ताह).....17

आईएएस प्रोफेशनल कोर्स फेज़-I (2020 बैच) (22 सप्ताह).....25

आईएएस प्रोफेशनल कोर्स फेज़-II (2018 बैच) (6 सप्ताह).....38
अखिल भारतीय सेवाओं तथा अन्य केंद्रीय सेवाओं (समूह-क) के नवनियुक्त अधिकारियों के लिए फाउंडेशन कोर्स (10 सप्ताह).....45
आई.ए.एस. अधिकारियों के लिए मिड करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम 56
मिड करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम फेज़-III (4 सप्ताह).....56
मिड करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम फेज़- III (4 सप्ताह).....60
राज्य सिविल सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत अधिकारियों के लिए 122वां इंडक्शन प्रशिक्षण (6 सप्ताह).....65
अध्याय-4.....70
अनुसंधान केंद्र.....70
आपदा प्रबंधन केंद्र (सीडीएम).....70
बी.एन. युगान्धर ग्रामीण अध्ययन केंद्र (बीएनवाईसीआरएस).....85
नेशनल जेंडर एवं चाइल्ड सेंटर(एनजीसीसी).....92
सार्वजनिक प्रणाली प्रबंधन केंद्र (सीपीएसएम).....95
अध्याय-5..... 100
क्लब एवं सोसाइटियां.....100
साहसिक खेल क्लब.....100
ललित कला सोसायटी.....101
कंप्यूटर सोसायटी.....101
फिल्म सोसायटी.....103
अभिरूचि क्लब 104
हाउस जर्नल सोसायटी.....105
नवोन्मेष क्लब 105

प्रबंधन मंडल.....107

प्रकृति प्रेमी क्लब.....109

अधिकारी क्लब 110

अधिकारी मेस.....111

राइफल एवं तीरंदाज़ी क्लब.....112

समकालीन क्रियाकलाप सोसायटी.....113

समाज सेवा सोसायटी.....114

राहुल सांकृत्यायन हिंदी मंच 118

अध्याय-6.....123

प्रशिक्षण सहयोग.....123

एनआईसी प्रशिक्षण यूनिट.....123

गांधी स्मृति पुस्तकालय 128

राजभाषा.....133

कंप्यूटर केंद्र 134

अध्याय - 7.....136

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी का वित्तीय विवरण.....136

संकाय तथा कर्मचारी कौशल विकास कार्यक्रम.....137

शिष्टमंडल/टीम जिन्होंने लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी का दौरा किया.....139

अध्याय - 8.....140

परिशिष्ट-1: भौतिक अवसंरचना 140

परिशिष्ट-2: हमारे निदेशक एवं संयुक्त निदेशक.....141

परिशिष्ट-3: आई.ए.एस. फेज़-I के प्रतिभागी (2019 बैच).....143

परिशिष्ट-4: आई.ए.एस. फेज़- I के प्रतिभागी (2020 बैच).....144

परिशिष्ट-5: आई.ए.एस. फेज़- II के प्रतिभागी (2018 बैच).....145

परिशिष्ट-6: 95वें फाउंडेशन कोर्स के प्रतिभागी.....146

परिशिष्ट-7: आई.ए.एस. फेज़-III के 16वें दौर के प्रतिभागी.....147

परिशिष्ट-8: आई.ए.एस. फेज़- III के 17वें दौर के प्रतिभागी.....149

परिशिष्ट-9: 122वें इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागी.....151

परिशिष्ट-10: अकादमी में संकाय सदस्य एवं अधिकारी.....152

अकादमी मिशन तथा आधारभूत मूल्य

मिशन

"हमारा लक्ष्य है गुणात्मक प्रशिक्षण द्वारा कार्यकुशल और जवाबदेह सिविल सेवा का निर्माण करके सुशासन स्थापित करना और इसके लिए सहयोगपूर्ण, नैतिक और पारदर्शी परिवेश स्थापित करना।"

आधारभूत मूल्य



वंचितों की सेवा

लोगों के साथ व्यवहार में अपने दृष्टिकोण में मानवता रखें, वंचितों की ताकत बनें तथा उनके खिलाफ किसी भी अन्याय को रोकने में सक्रिय रहें। आप इस प्रयास में सफलता प्राप्त कर सकते हैं यदि आप सत्यनिष्ठा, सम्मान, व्यावसायिकता और सहयोग के साथ कार्य करें।

सत्यनिष्ठा

अपने विचारों, शब्दों तथा कार्यों में एकरूप रहें जो आपको विश्वसनीय बनाती है। अपनी बात कहने का साहस रखें तथा सदैव बिना किसी भय के, यहां तक कि सबसे शक्तिशाली व्यक्ति से भी सत्य बोलें। किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार को कदापि सहन न करें, भले वह राशि, सामग्री या बौद्धिक हो।

सम्मान

जाति, धर्म, रंग, लिंग, आयु, भाषा, क्षेत्र, विचारधारा तथा सामाजिक-आर्थिक स्थिति की भिन्नता को अपनाएं। सभी के साथ विनम्रता तथा सहानुभूति के साथ पेश आएं। भावात्मक रूप से स्थिर रहें, विश्वास के साथ तथा अहंकार के बिना आगे बढ़ें।

व्यावसायिकता

अपने दृष्टिकोण में न्यायसंगत तथा अराजनैतिक रहें, कार्य तथा परिणाम के लिए दृढ़ता के साथ अपने कार्य के प्रति व्यावसायिक तथा पूरी तरह से प्रतिबद्ध रहें और नियमित रूप से सुधार एवं उत्कृष्टता का लक्ष्य रखें।

सहयोग

एक मत बनाने के लिए सभी के साथ गंभीरता से कार्य करके विचारों तथा कार्यों में सहयोग करें। दूसरों को प्रोत्साहित करें, टीम भावना को बढ़ावा दें तथा दूसरों से सीखने के लिए खुलकर चर्चा करें। पहल करें तथा जिम्मेदारी लें।

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी

एक परिचय

कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय (कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग) के अधीन लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी भारत में सर्वोच्च सिविल सेवाओं के सदस्यों के लिए शीर्ष प्रशिक्षण संस्थान है। इसका नेतृत्व निदेशक द्वारा किया जाता है जो भारत सरकार के सचिव स्तर के अधिकारी हैं।

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, विभिन्न रैंकों पर नियुक्त सिविल सेवकों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण मॉड्यूल्स का संचालन करता है। यहां अखिल भारतीय सेवाओं और अन्य केन्द्रीय सेवाओं के समूह 'क' के नव-नियुक्त अधिकारियों के लिए संयुक्त फाउंडेशन कोर्स संचालित किया जाता है। यह अकादमी फाउंडेशन कोर्स के बाद भारतीय प्रशासनिक सेवा के सदस्यों तथा रॉयल भूटान सेवा के सदस्यों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देती है। अकादमी भारतीय प्रशासनिक सेवा के सदस्यों के लिए मिड करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमसीटीपी) और राज्य सिविल सेवाओं से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत अधिकारियों के लिए इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित करती है। इसके साथ-साथ नीतिगत मामलों पर कार्यशालाओं तथा सेमिनारों का भी नियमित अंतराल पर आयोजन किया जाता है।

प्रारंभ एवं विकास

तत्कालीन गृह मंत्री ने 15 अप्रैल, 1958 को लोकसभा में एक ऐसी राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी स्थापित करने संबंधी प्रस्ताव रखा था जहां वरिष्ठ सिविल सेवाओं में भर्ती सभी सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जाए। गृह मंत्रालय ने आई.ए.एस. ट्रेनिंग स्कूल, दिल्ली और आई.ए.एस. स्टाफ कालेज, शिमला को मिलाकर मसूरी में राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी स्थापित करने का निर्णय लिया। 1959 में अकादमी की स्थापना की गई तथा इसका नाम 'राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी' रखा गया। कुछ वर्षों के लिए इस अकादमी ने गृह मंत्रालय के अंतर्गत कार्य किया। अक्तूबर, 1972 में इसका नाम बदलकर 'लाल बहादुर शास्त्री प्रशासन अकादमी' कर दिया गया। जुलाई 1973 में, इसके नाम में 'राष्ट्रीय' शब्द भी जोड़ा गया और अब यह अकादमी 'लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी' के नाम से जानी जाती है।

कालक्रम

1958	लोकसभा में तत्कालीन केन्द्रीय गृह मंत्री पंडित गोविंद वल्लभ पंत द्वारा राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी स्थापित करने की घोषणा।
1959	1959 मसूरी में अकादमी की स्थापना और निदेशक कार्यालय, भाषा ब्लॉक (बाद में नवीनीकरण के उपरांत शार्लेविल नाम रखा गया), सरदार पटेल हॉल (एसपीएच) और हैप्पी वैली गेस्ट हाऊस स्थापित।
1960	भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय विदेश सेवा तथा अन्य सिविल सेवाओं के लिए संयुक्त फाउंडेशन कोर्स की शुरुआत।
1969	अकादमी में सेंडविच पैटर्न की शुरूआत जिसमें फेज़-।, संबंधित संवर्गों में जिला प्रशिक्षण और तदुपरान्त फेज़-।। प्रशिक्षण आरंभ किया गया।
1970	अकादमी ने 1970 तक और 1977 से 1985 तक गृह मंत्रालय के अधीन कार्य किया।
1970-1977	अकादमी ने मंत्रिमंडल सचिवालय के अधीन कार्य-किया।
1972	अकादमी का नाम बदलकर ''लाल बहादुर शास्त्री प्रशासन अकादमी'' किया गया।
1973	तदुपरान्त ''राष्ट्रीय'' शब्द जोड़ा गया और अकादमी का नाम ''लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी'' के हो गया।.
1975-1978	गंगा, कावेरी और नर्मदा छात्रावासों का निर्माण किया गया।
1984	मई 1984 में कैम्पस का एक भाग, जहां अधिकारी मेस, पुस्तकालय, वीआईपी गेस्ट हाऊस, निदेशक आवास इत्यादि थे, आग की चपेट में आ गया।
1985	अकादमी ने कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन कार्य करना आरंभ किया।
1988	राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र एवं प्रशिक्षण यूनिट (निक्ट्) की स्थापना की गई।
1989	ग्रामीण अध्ययन केंद्र (पूर्व में भूमि सुधार यूनिट) की स्थापना की गई।
1991	अक्टूबर, 1991 में, उत्तरकाशी के भूकंप से महिला ब्लॉक तथा जीबी पंत ब्लॉक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और इन दोनों स्थानों पर ''ध्रुवशिला'' तथा ''कालिंदी गेस्ट हाऊस'' का निर्माण किया गया।

1991	उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संपूर्णानंद सभागार का निर्माण किया गया तथा उसका नाम राज्य के दूसरे मुख्यमंत्री के नाम पर रखा गया।
1992	कर्मशिला भवन का उद्घाटन भारत के तत्कालीन उपराष्ट्रपति श्री के.आर. नारायणन द्वारा किया गया।
1995	नेशनल जेंडर सेंटर की स्थापन, यह सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत पंजीकृत सोसाइटी है।
1996	कालिंदी भवन का उद्घाटन तत्कालीन राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन एवं संसदीय कार्य मंत्री माननीय श्री एस.आर. बालासुब्रह्मणयम द्वारा किया गया।
1996	ध्रुवशिला भवन का उद्घाटन तत्कालीन राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन एवं संसदीय कार्य मंत्री माननीय श्री एस.आर. बालासुब्रह्मणयम द्वारा किया गया।.
2004	अस्पताल ब्लॉक का उद्घाटन तत्कालीन गृह मंत्री श्री शिवराज वी. पाटिल द्वारा किया गया।
2004	आपदा प्रबंधन केंद्र का उद्घाटन किया गया।
2010	ज्ञानशिला भवन को क्रियाशील बनाया गया। सिल्वरवुड एग्जिक्यूटिव हॉस्टल का उद्घाटन किया गया।
2012	महानदी एग्जिक्यूटिव हॉस्टल का उद्घाटन किया गया।
2014	नेशनल सेंटर फॉर लीडरशिप डेवलपमेंट एण्ड कॉम्पिटेंसी एसेसमेंट (एनसीएलडीसीए) की स्थापना, यह सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत पंजीकृत सोसायटी है।
2015	आधारशिला ब्लॉक का उद्घाटन माननीय राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन, डॉ. जितेन्द्र सिंह द्वारा किया गया।
2016	1995 में सेन्टर फॉर कोऑपरेटिव्स एण्ड रूरल डेवलपमेंट की स्थापना की गई थी बाद में इसका नाम बदल कर सेंटर फॉर पब्लिक सिस्टम मैनेजमेंट (सीपीएसएम) रखा गया।

प्रशिक्षण पद्धति

इस अकादमी का यह प्रयास रहता है कि देश के लिए ऐसा अधिकारी-तंत्र तैयार करने में मदद की जाए जो अपने पद की अपेक्षा, अपने कार्यों से सम्मान पा सकें। पाठ्य-विवरण को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए उनकी निरंतर समीक्षा कर अद्यतन किया जाता है। यह कार्य राज्य सरकारों की सलाह, प्रतिभागियों के फीडबैक और इस उद्देश्य के लिए गठित सरकारी समितियों की सिफारिशों के आधार पर किया जाता है। केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों से भी समय-समय पर विचार-विमर्श किया जाता है। यह स्पष्ट है कि प्रशिक्षुओं की प्रवृत्तियों और मूल्यों की महत्ता को उजागर करने के लिए कक्षा-व्याख्यान की विधि हर समय बहुत उपयुक्त नहीं होती इसलिए अनेक पद्धतियां अपनाई जाती हैं। अधिकांश पाठ्यक्रम मॉड्यूल के अनुसार चलते हैं, इसके अनुसार उपयुक्त विषय चुने जाते हैं और उसके विशेष मुद्दों के सभी पहलुओं पर विचार करते हुए, सुव्यस्थित तरीके से उसका व्यापक अध्ययन किया जाता है।

मॉड्यूल में निम्नलिखित सभी या कुछ विधियां प्रयुक्त की जाती हैं:-

- अकादमी के संकाय तथा अतिथि संकाय द्वारा व्याख्यान
- विविध विचारों को जानने के लिए पैनल परिचर्चा
- प्रकरण अध्ययन (केस स्टडी)
- फिल्में
- समूह परिचर्चा
- अनुकरण (सिमुलेशन) अभ्यास
- संगोष्ठियां
- मूट कोर्ट और मॉक ट्रायल
- आदेश और निर्णय लेखन अभ्यास
- व्यावहारिक प्रदर्शन
- समस्या समाधान अभ्यास
- रिपोर्ट लेखन (सत्र आलेख)
- समूह कार्य

क्षेत्र दौरे

हिमालय ट्रैक

ऐसे ट्रैकों के दौरान अधिकारी प्रशिक्षणार्थी कठिन भू-क्षेत्र, अप्रत्याशित मौसम, अपर्याप्त आवास और खाद्य-पदार्थों की समिति उपलब्धता जैसी परिस्थितियों का सामना करते हैं। और ऐसी दशाओं में प्रशिक्षु अधिकारियों की हिम्मत की परीक्षा होती है तथा उन्हें मजबूत बनाया जाता है।

पिछड़े जिलों के गांवों का दौरा

प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा ग्रामीण जीवन की समस्याओं और वास्तविकताओं को समझने के लिए पिछड़े जिलों के गांवों का दौरा किया जाता है। इन फील्ड दौरों तथा लाभार्थियों के साथ विचार-विनिमय के जरिए, समाज पर सरकारी कार्यक्रमों के प्रभाव का क्रियात्मक अनुसंधान भी किया जाता है।

"मैत्री-भाव को प्रोत्साहन"

अखिल भारतीय सेवाओं तथा केंद्रीय सेवा समूह 'क' के सभी अधिकारी प्रशिक्षणार्थी लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी से ही अपने व्यावसायिक जीवन की शुरुआत करते हैं। यह सरकारी क्षेत्र में कार्य करने का उनका पहला अनुभव होता है। परिणामस्वरूप, यह संस्था विभिन्न सिविल सेवाओं के युवा अधिकारियों के बीच मिलजुल कर काम करने की भावना कायम करती है। इस प्रकार यह अकादमी अधिकारियों के बीच ऐसा भाईचारा स्थापित करती है कि वे इस संस्था में अपने पुराने दिनों को याद करते हैं और इन मूल्यों को अपनाने का दृढ़ संकल्प रखते हैं।

परिसर

अकादमी की मुख्य विशेषता यह है कि उसकी नवीनतम अवसंरचना के अतिरिक्त, उसके अद्वितीय पुरातन एवं नवीनता का मेल है। प्रसिद्ध शार्लेविल होटल जिसका निर्माण 1870 में किया गया था,

अकादमी की अवस्थिति एवं आरंभिक अवसंरचना का परिचायक है, तत्पश्चात इसका विस्तार किया गया। विभिन्न विगत वर्षों के दौरान नये भवन निर्मित किए गए तथा अन्य का अधिग्रहण किया गया। अकादमी तीन परिसरों शार्लेविल, ग्लेनमायर तथा इंदिरा भवन में फैली हुई है। प्रत्येक की अपनी विशिष्ट प्रकृति है। शार्लेविल में नये प्रशिक्षणार्थियों को संरचित पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण दिया जाता है। ग्लेनमायर में पूर्व का एन.सी.जी.जी. अवस्थित है तथा इंदिरा भवन परिसर में सेवाकालीन प्रशिक्षण तथा अन्य विशिष्ट पाठ्यक्रमों, कार्यक्रमों, कार्यशालाओं तथा संगोष्ठियों का आयोजन किया जाता है। अकादमी की अवसंरचनाओं का अतिरिक्त विवरण परिशिष्ट-**I** में दिया गया है।

वर्ष 2020-2021 के दौरान आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम

वित्तीय वर्ष 2020-2021 के दौरान अकादमी में आयोजित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षणार्थियों का विवरण निम्नानुसार है।

क्रम संख्या	कोर्स का नाम	समन्वयक श्री/सुश्री	कार्यक्रम	प्रतिभागियों की संख्या		
				पुरुष	महिला	कुल
अखिल भारतीय सेवाओं तथा अन्य केंद्रीय सेवाओं (समूह-क) के नवनियुक्त अधिकारियों के लिए इंडक्शन ट्रेनिंग						
1.	आईएएस प्रोफेशनल कोर्स फेज- I (2019 बैच)	नंदिनी पालीवाल	09-12-2019 से 08-05-2020 तक	127	58	185
2.	आईएएस प्रोफेशनल कोर्स फेज- I (2020 बैच)	गौरी पराशर जोशी	21-12-2020 से 26-03-2021 तक	129	53	182
3.	आईएएस प्रोफेशनल कोर्स फेज- II (2018-2020 बैच)	निरंजन कुमार सुधांशु	06-07-2020 से 07-08-2020 तक	135	50	185
4.	अखिल भारतीय सेवाओं तथा अन्य केंद्रीय सेवाओं (समूह-क) के नवनियुक्त अधिकारियों के लिए 95वां फाउंडेशन कोर्स (2020 बैच)	विद्या भूषण	12-10-2020 से 18-12-2020 तक	291	136	427
आईएएस अधिकारियों के लिए मिड करियर कार्यक्रम						
5.	7-9 वर्ष की वरिष्ठता वाले आईएएस अधिकारियों के लिए मिड करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम के फेज़-III का 16वां दौर	अश्वती एस.	17-02-2020 से 13-03-2020 तक	58	25	83
6.	7-9 वर्ष की वरिष्ठता वाले आईएएस अधिकारियों के लिए मिड करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम के फेज़-III का 17वां दौर	नंदिनी पालीवाल	22-02-2021 से 19-03-2021 तक	68	16	84
7.	राज्य सिविल सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत अधिकारियों के लिए 122वीं इंडक्शन ट्रेनिंग कार्यक्रम	विद्या भूषण	09-03-2020 से 19-03-2020 तक और 01-02-2021 से 12-02-2021 तक	47	12	59
शॉर्ट टर्म कोर्स/सेमिनार/वर्कशॉप/अन्य						
8.	जलवायु परिवर्तन: महिला वैज्ञानिकों के लिए चुनौतियाँ और प्रतिक्रिया	आपदा प्रबंधन केंद्र	05-10-2020 से 09-10-2020 तक	0	48	48

9.	वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों के लिए सामुदायिक स्तर पर आपदा न्यूनीकरण में प्रौद्योगिकी की भूमिका	आपदा प्रबंधन केंद्र	23-11-2020 से 27-11-2020 तक	27	8	35
10.	जलवायु परिवर्तन: वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों के लिए चुनौतियां और प्रतिक्रिया	आपदा प्रबंधन केंद्र	14-12-2020 से 18-12-2020 तक	28	16	44
11.	आईएएस/केंद्रीय सिविल सेवा के अधिकारियों के लिए जिला आपदा प्रबंधन योजना	आपदा प्रबंधन केंद्र	23-12-2020 से 24-12-2020 तक	24	8	32
12.	वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों के लिए सामुदायिक स्तर पर आपदा न्यूनीकरण में प्रौद्योगिकी की भूमिका	आपदा प्रबंधन केंद्र	01-02-2021 से 05-02-2021 तक	34	3	37
13.	आईएएस/केंद्रीय सिविल सेवा अधिकारियों के लिए घटना प्रतिक्रिया प्रणाली	आपदा प्रबंधन केंद्र	24-02-2021 से 25-02-2021 तक	42	7	49
14.	नीति निर्माताओं के लिए जेंडर इंक्लूसिव गवर्नेंस पर ई-आईटीईसी कार्यशाला	एनजीसीसी	12-11-2020 से 12-11-2020 तक	18	32	50
15.	नीति निर्माताओं के लिए जेंडर इंक्लूसिव गवर्नेंस पर ई-आईटीईसी कार्यशाला	एनजीसीसी	17-02-2021 से 18-02-2021 तक	34	80	114
16.	अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, 2021 के अवसर पर वेबिनार	एनजीसीसी	08-03-2021	5	22	27
17.	आईएमएफ और एसएआरटीटीएसी के सहयोग से भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के लिए चयनित मैक्रोइकोनॉमिक मुद्दों पर वर्चुअल सेमिनार	सीपीएसएम	10-08-2020 से 14-08-2020 तक	35	17	52
18.	आईएमएफ, एसएआरटीटीएसी और वित्तीय कार्य विभाग के सहयोग से राज्य के वित्तीय सचिवों के लिए सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन पर वर्चुअल सेमिनार	सीपीएसएम	31-08-2020 to 04-09-2020	43	19	62
कुल प्रतिभागी				**1145**	**610**	**1755**

संक्षिप्तियां

सीडीएम - आपदा प्रबंधन केंद्र
एनजीसीसी - नेशनल जेंडर एवं चाइल्ड सेंटर
सीपीएसएम - सार्वजनिक प्रणाली प्रबंधन केंद्र

पाठ्यक्रम तथा गतिविधियां-मुख्य अंश

अकादमी में प्रत्येक वर्ष कई पाठ्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इनमें से फाउंडेशन कोर्स मुख्यतः ज्ञान पर आधारित होता है। प्रोफेशनल कोर्स मूलतः कौशल केंद्रित होते हैं तथा सेवाकालीन पाठ्यक्रम मुख्यतः सरकार में वरिष्ठ पदभार ग्रहण करने हेतु नीति निर्धारण क्षमताओं में वृद्धि करने पर केंद्रित होते हैं।

नवनियुक्त अधिकारियों की इंडक्शन ट्रेनिंग

आईएएस प्रोफेशनल कोर्स फेज़-I (22 सप्ताह)

अकादमी इंडक्शन स्तर और सेवकालीन प्रशिक्षण प्रदान करती है। संघ की अखिल भारतीय सेवाओं और सभी समूह 'क' सेवाओं के नए अधिकारियों के लिए एक संयुक्त फाउंडेशन कोर्स आयोजित किया जाता है। भारतीय प्रशासनिक सेवा (भा.प्र.से.) और रॉयल भूटान सिविल सेवा के नियमित भर्ती अधिकारियों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण फाउंडेशन कोर्स के बाद आयोजित किया जाता है। अकादमी भा.प्र.से. के अधिकारियों के लिए सेवकालीन और मिड-करिअर ट्रेनिंग प्रोग्राम (एमसीटीपी) तथा राज्य सिविल सेवा से भा.प्र.से. में पदोन्नत अधिकारियों के लिए इंडक्शन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी आयोजित करती है, साथ ही लोक प्रशासन में विभिन्न विषयों पर कार्यशालाएँ और सेमिनार आयोजित करती है।

फाउंडेशन कोर्स के पश्चात भा.प्र. सेवा के अधिकारी प्रशिक्षणार्थी प्रोफेशनल कोर्स फेज़-I में पहुंचते हैं। यह पाठ्यक्रम उस वातावरण की समझ को मजबूत करने का प्रयास करता है, जिसके अंतर्गत भा.प्र. सेवा के अधिकारी को कार्य करना होता है। सार्वजनिक प्रणालियों एवं उनके प्रबंधन पर बल दिया जाता है। फेज़-I के दौरान प्रारंभ में भा.प्र. सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को शीतकालीन अध्ययन दौरे पर भेजा जाता है जिसमें तीन सशस्त्र बलों, सार्वजनिक उपक्रम, निजी सेक्टर, नगर निगम निकायों, स्वैच्छिक एजेंसियों, जनजाति क्षेत्रों, ई-गवर्नेंस क्षेत्र तथा गैर-सरकारी संगठनों के साथ अटैचमेंट शामिल है। सशस्त्र बलों के साथ अटैचमेंट से उनकी भूमिका की बेहतर समझ का प्रयोजन पूरा होता है। ये अटैचमेंट्स प्रशिक्षु अधिकारियों को देश की विविध व्यवस्था का अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्हें विभिन्न संगठनों की कार्य पद्धति को नजदीक से देखने तथा समझने का अवसर भी प्राप्त होता है।

तत्पश्चात, अधिकारियों को कक्षा प्रशिक्षण की व्यवस्था से गुजरना होता है। अतः भारत सरकार द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षु अधिकारियों को लोक प्रशासन, प्रबंधन, विधि, कंप्यूटर तथा

अर्थशास्त्र के विषयों की व्यावसायिक जानकारी दी जाती है। फेज़-I पाठ्यक्रम पूर्ण होने पर, प्रशिक्षु अधिकारियों को एक वर्ष के जिला प्रशिक्षण के लिए भेजा जाता है।

आईएएस प्रोफेशनल कोर्स फेज़-I (2019-21 बैच)

(09 दिसंबर 2019 से 08 मई, 2020 तक)

कार्यक्रम का उद्देश्य/लक्ष्य समूह	भा.प्र. सेवा में नवनियुक्त अधिकारियों के लिए प्रोफेशनल कोर्स
पाठ्यक्रम समन्वयक	सुश्री नंदिनी पालीवाल, उप निदेशक (वरिष्ठ)
एसोसिएट-पाठ्यक्रम समन्वयक	श्री सी. श्रीधर, उप निदेशक (वरिष्ठ) श्री मनोज वी. नायर, उप निदेशक (वरिष्ठ) श्री विद्या भूषण, उप निदेशक सुश्री गौरी पराशर जोशी, उप निदेशक
समापन के समय संबोधन	श्री संजीव चोपड़ा, निदेशक, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
कुल प्रतिभागी	कुल 185 जिसमें 03 रॉयल भूटान सिविल सेवा के अधिकारी प्रशिक्षु सम्मिलित (पुरुष-127, महिला-58)

आईएएस फेज़-I (2019-21 बैच) के प्रतिभागियों का ब्यौरा परिशिष्ट-3 में दिया गया है।

पाठ्यक्रम के लक्ष्य

- प्रभावी सिविल सेवक बनने के लिए प्रशिक्षु अधिकारियों के ज्ञान और कौशल में वृद्धि करना तथा व्यवहार को बेहतर बनाना जिससे कि उन्हें -
- नीति-परक एवं विकासात्मक प्रशासन से संबंधित लर्निंग एक्सपीरियेंस से अवगत कराया जाए।

पाठ्यक्रम के उद्देश्य

- अखिल भारतीय परिप्रेक्ष्य में नए सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक-विधिक रूझानों से अवगत कराना, आईएएस की नई भूमिका एवं अन्य सेवाओं के साथ अपनी प्रशासनिक जिम्मेदारियों को समझना।

- सेवा (करिअर) के पहले दशक में निम्नलिखित क्षेत्रों में प्रशासनिक उत्तरदायित्वों का निर्वाह करने के लिए आवश्यक ज्ञान तथा कौशल प्रदान करना:
    - o विधि एवं विधिक प्रावधान
    - o प्रशासनिक नियम, प्रक्रियाएं तथा कार्यक्रम दिशानिर्देश
    - o आधुनिक प्रबंधन साधन तथा
    - o आर्थिक विश्लेषण
    - o प्रशासनिक एवं सांस्कृतिक लोकाचार की बेहतर समझ के लिए आवंटित राज्य की क्षेत्रीय भाषा में कुशलता प्रदान करना।
    - o आवंटित राज्य की सांस्कृतिक तथा सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से अवगत कराना।
    - o अंतर्वैयक्तिक तथा संगठनात्मक, दोनों संदर्भों में लिखित/मौखिक संप्रेषण कौशल का प्रभावी प्रदर्शन करना।
    - o उचित जीवन मूल्यों एवं उचित व्यवहार की जानकारी प्रदान करना।
    - o शारीरिक फिटनेस को बनाए रखना।
    - o "शीलम् परम् भूषणम्" की भावना पर अटल रहना।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

फेज़-I कार्यक्रम की पाठ्यक्रम रूपरेखा ज्ञान एवं विषय वस्तु के संदर्भ में सोच-समझ कर बनायी गई है। अध्ययन, शिक्षा, खेल तथा मनोरंजन को पर्याप्त स्थान देते हुए यहां प्रशिक्षु अधिकारियों में ज्ञान, कौशल तथा उचित व्यवहार का एक ऐसा परिवेश तैयार किया जाता है जिससे वे कार्यक्षेत्र तथा आयाम दोनों में ऐसे भावी उत्तरदायित्वों को निभाने में सक्षम होंगे जो कि काफी पेचीदा होते हैं।

22 सप्ताह का आईएएस प्रोफेशनल कोर्स, फेज़-I, 2019 बैच 09 दिसंबर, 2019 को प्रारंभ हुआ तथा 08 मई, 2020 को समाप्त हुआ था। इसमें दो मुख्य घटक थेः-

- शीतकालीन अध्ययन दौरा (13 दिसंबर, 2019 से 31 जनवरी, 2020 तक)
- ऑन कैंपस ट्रेनिंग इनपुट्स पार्ट 01 (09 दिसंबर, 2019 से 13 दिसंबर, 2019 तक)
- ऑन कैंपस ट्रेनिंग इनपुट्स पार्ट 21 (10 फरवरी, 2020 से 08 मई, 2020 तक)

फेज़-I एक पूर्णकालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम है जिसमें पाठ्यक्रम तथा पाठ्येतर गतिविधियों का मिश्रण होता है। दिन की शुरूआत हैप्पी वैली ग्राउंड में शारीरिक व्यायाम के साथ प्रात: 06:30 बजे होती है। शाम को क्लब तथा सोसाइटियों द्वारा सांस्कृतिक तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते थे।

शैक्षणिक इनपुट्स

ऑन कैंपस शैक्षणिक प्रशिक्षण कार्यक्रम 10 फरवरी, 2020 को आरंभ हुआ था। हालांकि ''भारतीय प्रशासनिक सेवा (अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों की अंतिम परीक्षा) विनियम, 1955'' के अंतर्गत निर्धारित पाठ्य-विवरण बुनियादी फ्रेमवर्क है, तथापि आई.ए.एस. सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण की आवश्यकताओं के अनुसार इसमें समुचित संशोधन किए गए हैं। शैक्षणिक मॉड्यूल विषयवार तैयार किए गए जिसमें अलग-अलग कार्य के ऐसे विषय शामिल किए गए जो विभिन्न कार्य-क्षेत्रों में आई.ए.एस. सेवा के अधिकारियों को करने होते हैं। इसमें विधि, लोक प्रशासन, राजनीति शास्त्र तथा संविधान, प्रबंधन एवं अर्थशास्त्र शामिल हैं। इस दौरान भाषा एवं आई.सी.टी. के व्यापक सत्र भी आयोजित किए गए।

अपनाई गई प्रशिक्षण कार्य-प्रणाली में अन्य बातों के साथ-साथ व्याख्यान, प्रकरण अध्ययन परिचर्चा, सेमीनार, पैनल चर्चा, आदेश लेखन अभ्यास, मूट कोर्ट तथा मॉक ट्रायल, मेनेजमेंट गेम तथा रोल प्ले, समूह अभ्यास, फिल्म, क्षेत्रीय तथा आउटडोर विजिट कार्यक्रम शामिल हैं। अधिकारियों को संबोधित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से अनेक विशेषज्ञ एवं ख्याति प्राप्त व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया। उन्होंने अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों को वैकल्पिक आयामों और विचारों की विविधता का परिचय दिया जो महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए अनिवार्य है।

एक भा.प्र. सेवा अधिकारी के तौर पर प्रशिक्षु अधिकारियों को आवंटित काडर की भाषा में निपुण होना होता है। फेज़-I पाठ्यक्रम में वैधानिक भाषा परीक्षा आयोजित की गई। जो प्रशिक्षु अधिकारी पहले से ही संवर्ग की भाषा से परिचित थे उनको भाषा के प्रशासनिक प्रयोग के बारे में आगे की जानकारी दी गई तथा उनसे वैकल्पिक मॉड्यूल एवं गतिविधियां भी कराई गई। अधिकारी प्रशिक्षुओं से अपना 'स्टेट पेपर' संवर्ग की भाषा में प्रस्तुत करने को कहा गया। फेज़-I का आईसीटी का मॉड्यूल प्रशिक्षु अधिकारियों को जिलों में सूचना प्रौद्योगिकी वातावरण तैयार करने, किसी सिस्टम का कंप्यूटरीकरण करने में उपयोग होने वाले कॉनसेप्ट/विषय, प्रौद्योगिकी के नवीनतम रूझानों, वेब डिजाइन, क्लाइंट/सर्वर कंप्यूटिंग, ई-गवर्नेन्स इत्यादि से परिचित करने हेतु डिजाइन किया गया। इसका उद्देश्य प्रशिक्षु अधिकारियों को कंप्यूटर प्रोफेशनल बनाना नहीं है बल्कि उनको वास्तविक कार्य क्षेत्र से परिचित कराना और प्रौद्योगिकी संबंधी क्षमताएं अर्जित कराना होता है।

मूल्यांकन किए गए शैक्षिक कार्य: पाठ्यक्रम में पुस्तक समीक्षा तथा स्टेट टर्म पेपर के माध्यम से एक स्वअध्ययन आधारित लर्निंग भी कोर्स डिजाइन में समाहित की गई। जिसे परामर्शी समूह बैठक में आवंटित राज्य की क्षेत्रीय भाषा में प्रस्तुत किया गया। शीतकालीन अध्ययन दौरा (डबल्यूएसटी): इसमें ग्रुप प्रेजेंटेशन्स वैयक्तिक शीतकालीन अध्ययन डायरी तथा यात्रावृत्त शामिल थे।

बाह्य गतिविधियां: भा.प्र. सेवा में करिअर अक्सर चुनौतीपूर्ण तथा तनाव मुक्त होता है। सेवा के अधिकारी का शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना सेवा की आवश्यकता है। फेज़-I पाठ्यक्रम में प्रशिक्षु अधिकारियों को नियमित रूप से शारीरिक व्यायाम की आदत विकसित करने एवं उसे बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सुबह का शारीरिक प्रशिक्षण अनिवार्य होता है। शारीरिक व्यायाम तथा बाह्य गतिविधियां इस पाठ्यक्रम का महत्वपूर्ण भाग हैं।

पाठ्येतर गतिविधियां: अधिकारी जिनकी अन्य गतिविधियों में भी रूचि होती है वे सेवा में उत्पन्न होने वाले तनाव से निपटने में अधिक सक्षम होते हैं। फेज़-I पाठ्यक्रम में प्रशिक्षु अधिकारियों को मॉड्यूल द्वारा सृजनात्मक गतिविधियों में रूचि लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

आंचलिक दिवस: प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा फेज़-I पाठ्यक्रम के दौरान आंचलिक दिवस आयोजित किया गया। आंचलिक दिवस आयोजित करने का उद्देश्य प्रशिक्षु अधिकारियों को उनके आवंटित संवर्गों की संस्कृति एवं खान-पान से परिचित करना है। प्रत्येक क्षेत्र के लिए समूह का गठन आवंटित राज्य पर आधारित होता है।

मॉड्यूल्स: पाठ्यक्रम के दौरान विषय पर आधारित मॉड्यूल्स जैसे आई.ए.एस. सेवा के परिप्रेक्ष्य में जिला प्रशासन, ग्रामीण विकास एवं कृषि, भू-प्रशासन, नगर निगम प्रशासन, सामाजिक क्षेत्र: शिक्षा, सामाजिक क्षेत्र: स्वास्थ्य, सार्वजनिक वित्त, जल प्रबंधन, सामाजिक सुरक्षा, निर्वाचन मॉड्यूल्स, ई-गवर्नेन्स एवं मीडिया, कानून एवं व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, वन एवं पर्यावरण तथा जलवायु परिवर्तन तथा इनोवेशन संगोष्ठियाँ आयोजित की गई।

सराहनीय कार्यनिष्पादन के लिए पुरस्कार: प्रोफेशनल कोर्स फेज़-I के दौरान शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों में आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार और पदक प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के प्रख्यात अतिथि वक्ता

- सुश्री उपमा चौधरी, आईएएस, सचिव, भारत सरकार, युवा मामले विभाग, युवा मामले और खेल मंत्रालय, कमरा नंबर 1, सी-विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001
- श्री अंबुज शर्मा, आईएएस (सेवानिवृत्त), पूर्व महासचिव और विशेष मॉनिटर, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली

- श्री पार्थ सारथी सेन शर्मा, आईएएस, संयुक्त सचिव (पीएस), भारत सरकार, उर्वरक विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय, नई दिल्ली
- श्री शाम लाल गोयल, आईएएस, रेजिडेंट कमिश्नर, रेजिडेंट कमिश्नर और अपर मुख्य सचिव, न्यू महाराष्ट्र सदन, केजी मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001
- डॉ. सी. अशोक वर्धन, आईएएस (सेवानिवृत्त), सदस्य, बिहार भूमि न्यायाधिकरण, 11, ऑफ पोलो रोड, पटना-800001 (बिहार)
- श्री विनोद के. अग्रवाल, आईएएस (सेवानिवृत्त), 139, रोड नंबर 17, प्रशासन नगर, जुबली हिल्स, हैदराबाद-500110 (तेलंगाना)
- सुश्री शारदा मुरलीधरण, आईएएस, प्रधान सचिव, स्थानीय स्वशासन विभाग-ग्रामीण, केरल सरकार, तिरुवनंतपुरम (केरल)
- श्री एस. चोकलिंगम, आईएएस, सेटलमेंट आयुक्त, महाराष्ट्र सरकार, तीसरा तल, नया प्रशासनिक भवन, काउंसिल हॉल के सामने, बंद गार्डन रोड, पुणे-411001 (महाराष्ट्र)
- श्री पोन्नूराज वी., आईएएस, प्रबंध निदेशक, कर्नाटक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड, कर्नाटक सरकार, नंबर 82, शक्ति भवन, रेस कोर्स रोड, बेंगलुरु-560001 (कर्नाटक)
- सुश्री विजया जाधव, आईएएस, विकास उपायुक्त, जिला कलेक्टरेट, जिला हजारीबाग (झारखंड)
- श्री पी. संपत कुमार, आईएएस, आयुक्त और सचिव, सामुदायिक और ग्रामीण विकास विभाग, मेघालय सरकार, शिलांग-793 001 (मेघालय)
- सुश्री आर.वी. शाजीवन, आईएएस, अपर निदेशक, तमिलनाडु सरकार, उद्यमिता विकास और इनोवेशन संस्थान (ईडीआईआई), पार्थसारथी कोइल स्ट्रीट, सिडको, गिंडी, चेन्नई (तमिलनाडु)
- डॉ. ए. संतोष मैथ्यू, आईएएस (आर), कंट्री लीड फॉर सोशल एंड पब्लिक फाइनेंस पॉलिसी, बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, नई दिल्ली
- श्री रविशंकर शुक्ला, आईएएस, उपायुक्त, उपायुक्त कार्यालय, स्वर्णरेखा लिंक रोड, साकची, जमशेदपुर-831001 (झारखंड)
- श्री बालमुरुगन डी., आईएएस, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, बिहार निर्वाचन आयोग, पटना (बिहार)
- श्री अमरजीत सिन्हा, आईएएस (सेवानिवृत्त), पूर्व सचिव, ग्रामीण विकास, भारत सरकार, नई दिल्ली
- श्री अरुण कुमार विश्वकर्मा, आईएएस, सीईओ, जिला पंचायत, सीहोर, मध्य प्रदेश
- श्री प्रभात मलिक, आईएएस, निदेशक, संस्थागत वित्त और मुख्य परिचालन अधिकारी, चिप्स (आईटी सोसाइटी), छत्तीसगढ़ सरकार, रायपुर (छत्तीसगढ़)
- श्री जे. निवास, आईएएस, कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट, श्रीकाकुलम
- डॉ. उमा शंकर एस., आईएएस, जिला मजिस्ट्रेट, कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट, बांकुरा (पश्चिम बंगाल)
- श्री कर्ण सत्यार्थी, आईएएस, सब डिवीजनल अधिकारी, राज महल (झारखंड)
- सुश्री फौजिया तरनुम, आईएएस, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला पंचायत, चिक्काबल्लापुर (कर्नाटक)

- सुश्री बीना विजयन, अध्यक्ष, मीनांगडी ग्राम पंचायत, वायनाड जिला (केरल)
- श्री वी. सुरेश, मीनांगडी ग्राम पंचायत, वायनाड जिला (केरल)
- श्रीमती अलका उपाध्याय, आईएएस, अपर सचिव, भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय और महानिदेशक, राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना विकास एजेंसी (एनआरआईडीए), कृषि भवन, नई दिल्ली-110001
- श्री विजय नागराजू, कार्यकारी निदेशक, एविडेंस फॉर पॉलिसी डिज़ाइन (ईपीओडी) इंडिया, एट लीड एच, केआरईए यूनिवर्सिटी
- सुश्री अंशु सिंह, सीनियर रिसर्च एसोसिएट, एविडेंस फॉर पॉलिसी डिज़ाइन (ईपीओडी) इंडिया, एट आईएफएमआर, नई दिल्ली
- सुश्री समीक्षा जैन, फैकल्टी, एविडेंस फॉर पॉलिसी डिज़ाइन (ईपीओडी) इंडिया, एट आईएफएमआर, नई दिल्ली
- सुश्री आर्तिका शुक्ला, आईएएस, एसडीएम, अजमेर (राजस्थान)
- श्री रघुराज राजेंद्रन, आईएएस, माननीय मंत्री के निजी सचिव, भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय, नई दिल्ली -110001
- श्री रवि कपूर, आईएएस, सचिव, भारत सरकार, कपड़ा मंत्रालय, नई दिल्ली
- श्री गौतम भान, सीनियर लीड-एकेडमिक एंड रिसर्च, आईआईएचएस बैंगलोर सिटी कैंपस, नंबर 197/36, दूसरा मेन रोड, सदाशिवनगर, बैंगलोर 560080
- श्री जीमती वतनन, आईएएस, प्रधान सचिव, आवास और शहरी विकास विभाग, ओडिशा सरकार, प्रथम तल, राज्य सचिवालय, एनेक्स-बी, भुवनेश्वर
- सुश्री श्रेया गडेपल्ली, क्षेत्रीय निदेशक दक्षिण एशिया, परिवहन और विकास नीति संस्थान (आईटीडीपी), चेन्नई (तमिलनाडु)
- श्री संजय दुबे, आईएएस, प्रधान सचिव, शहरी विकास एवं आवास विभाग, मध्य प्रदेश सरकार, भोपाल (मध्य प्रदेश)
- सुश्री वर्षा जोशी, आईएएस, आयुक्त, उत्तरी दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली
- डॉ. आशीष कुमार भूटानी, आईएएस, सीईओ (पीएमएफबीवाई) और संयुक्त सचिव (क्रेडिट), भारत सरकार, कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग, नई दिल्ली
- प्रो. रमेश चंद, सदस्य, नीति आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली
- श्री इकबाल धालीवाल, वैश्विक कार्यकारी निदेशक, जे-पाल वैज्ञानिक निदेशक, जे-पाल दक्षिण एशिया
- सुश्री शगुन सभरवाल, निदेशक नीति, जे-पाल दक्षिण एशिया, प्रशिक्षण और संचार और निदेशक, क्लियर साउथ एशिया सेंटर
- श्री गगनदीप सिंह बेदी, आईएएस, कृषि उत्पादन आयुक्त और प्रधान सचिव, तमिलनाडु सरकार, तमिलनाडु, चेन्नई (तमिलनाडु)

- श्री कोना शशिधर, आईएएस, आयुक्त नागरिक आपूर्ति और पदेन सचिव, आंध्र प्रदेश सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग और एलएम, 1-1521, नागरिक आपूर्ति भवन, अशोक नगर, कनुरू, विजयवाड़ा
- श्री अंबलगन पी., आईएएस, सचिव, खनन विभाग, छत्तीसगढ़ सरकार, रायपुर (छत्तीसगढ़)
- डॉ. रतिन रॉय, निदेशक, राष्ट्रीय सार्वजनिक वित्त और नीति संस्थान, 18/2, सत्संग विहार मार्ग, स्पेशल इस्टीट्यूशनल एरिया (निकट जेएनयू), नई दिल्ली-110067
- सुश्री आनंदी, आईएएस, जिला मजिस्ट्रेट, जिला उदयपुर (राजस्थान)
- सुश्री रश्मिता पांडा, आईएएस, निदेशक, रोजगार-एवं-सीईओ, ओडिशा कौशल विकास प्राधिकरण, ओडिशा सरकार, भुवनेश्वर (ओडिशा)
- श्री कबीर वाजपेयी, अशोक फेलो प्रिंसिपल आर्किटेक्ट, विन्यास, सेंटर फॉर आर्किटेक्चरल रिसर्च एंड डिज़ाइन और सीईओ, विन्यास सोसायटी, सोसायटी फॉर रिसर्च, डिज़ाइन, कैपेसिटी बिल्डिंग, एडवोकेसी एंड पॉलिसी, नई दिल्ली
- डॉ. प्रीति वाजपेयी, पूर्व प्रमुख और एसोसिएट प्रोफेसर, वास्तुकला और योजना विभाग, इंदिरा गांधी दिल्ली महिला तकनीकी विश्वविद्यालय, कश्मीरी गेट, नई दिल्ली-110006
- डॉ. रुक्मिणी बनर्जी, सीईओ प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन, बी 4/54 सफदरजंग एन्क्लेव (निकट कमल सिनेमा), नई दिल्ली 110029
- सुश्री मिताली सेठी, आईएएस, सहायक कलेक्टर और परियोजना अधिकारी, एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना (आईटीडीपी), जिला अमरावती (महाराष्ट्र)
- सुश्री बीनू जॉर्ज, कार्मिक परामर्शदाता, वुडस्टॉक स्कूल, मसूरी
- डॉ. आदित्य दहिया, आईएएस, उपायुक्त, जिला जींद, हरियाणा
- श्री रघुराज राजेंद्रन, आईएएस, माननीय मंत्री के निजी सचिव, भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय, नई दिल्ली
- श्री डी. कृष्ण भास्कर, आईएएस, कलेक्टर, सिरिसिला (तेलंगाना)
- श्री राजेश अग्रवाल, आईएएस, अपर सचिव और वित्तीय सलाहकार, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली
- श्री देवेश कपूर, प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान, निदेशक, सीएएसआई, पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय
- डॉ. राजेंद्र डोभाल, महानिदेशक उत्तराखंड विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तराखंड

आईएएस प्रोफेशनल कोर्स फेज़-I (2020-22 बैच)

(21 दिसंबर 2020 से 26 मार्च, 2021 तक)

कार्यक्रम का उद्देश्य/लक्ष्य समूह	भा.प्र. सेवा में नवनियुक्त अधिकारियों के लिए प्रोफेशनल कोर्स
पाठ्यक्रम समन्वयक	सुश्री गौरी पराशर जोशी, उप निदेशक
एसोसिएट-पाठ्यक्रम समन्वयक	सुश्री नंदिनी पालीवाल, उप निदेशक (वरिष्ठ) (मेंटर) श्री मिलिंद डी. रामटेके, उप निदेशक श्री अभिराम जी. शंकर, उप निदेशक श्री नितेश झा, रीडर (राजनीतिक सिद्धांत एवं संवैधानिक विधि) सुश्री दिशा पन्नू, उप निदेशक सुश्री एकता उनियाल, सहायक निदेशक
समापन समारोह के दौरान संबोधन	श्री संजीव चोपड़ा, निदेशक, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
कुल प्रतिभागी	कुल 182 जिसमें 03 रॉयल भूटान सिविल सेवा (पुरुष-129, महिला-53)

आईएएस फेज़-I (2020-22 बैच) के प्रतिभागियों का ब्यौरा परिशिष्ट-4 में दिया गया है।

पाठ्यक्रम के लक्ष्य

- प्रभावी सिविल सेवक बनने के लिए प्रशिक्षु अधिकारियों के ज्ञान और कौशल में वृद्धि करना तथा व्यवहार को बेहतर बनाना जिससे कि उन्हें-
- नीतिगत एवं विकासात्मक प्रशासन से संबंधित लर्निंग एक्सपीरियेंस से अवगत कराया जाए।

पाठ्यक्रम के उद्देश्य

- अखिल भारतीय परिप्रेक्ष्य में नए सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक-विधिक रूझानों से अवगत कराना, आईएएस की नई भूमिका एवं अन्य सेवाओं के साथ अपनी प्रशासनिक जिम्मेदारियों को समझना।
- सेवा (करिअर) के पहले दशक में निम्नलिखित क्षेत्रों में प्रशासनिक उत्तरदायित्वों का निर्वाह करने के लिए आवश्यक ज्ञान तथा कौशल प्रदान करना:
    - o विधि एवं विधिक प्रावधान
    - o प्रशासनिक नियम, प्रक्रियाएं तथा कार्यक्रम दिशानिर्देश
    - o आधुनिक प्रबंधन साधन तथा
    - o आर्थिक विश्लेषण

- प्रशासनिक एवं सांस्कृतिक लोकाचार की बेहतर समझ के लिए आवंटित राज्य की क्षेत्रीय भाषा में कुशलता प्रदान करना।
- आवंटित राज्य की सांस्कृतिक तथा सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से अवगत कराना।
- अंतर्वैयक्तिक तथा संगठनात्मक, दोनों संदर्भों में लिखित/मौखिक संप्रेषण कौशल का प्रभावी प्रदर्शन करना।
- उचित जीवन मूल्यों एवं उचित व्यवहार की जानकारी प्रदान करना।
- शारीरिक फिटनेस को बनाए रखना।
- "शीलम् परम् भूषणम्" की भावना पर अटल रहना।

पृष्ठभूमि

कोविड-19 ने अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों पर दीर्घकालीन प्रभाव डाला है। प्रशिक्षण को भी पुनः आयोजित किया गया, जैसे कि कोविड ने विश्व को सभी कार्य निरंतर करते रहने के लिए प्रेरित किया। अकादमी की यह परंपरा रही है कि जैसे ही फाउंडेशन कोर्स समाप्त होता है, परिसर में फेज़-I शुरू हो जाता है और एक सप्ताह तक चलता है, जिसके बाद प्रशिक्षु अधिकारी भारत दर्शन या शीतकालीन अध्ययन दौरे पर जाते हैं। इस बार, हालांकि, यह निर्णय लिया गया था कि प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए पूरे देश का दौरा करना सुरक्षित नहीं होगा और यदि उन्हें भारत दर्शन पर भेजा जाता है तो कोविड होने की अधिक संभावना होगी। निदेशक, संकाय सदस्यों और नवगठित पाठ्यक्रम टीम के साथ विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा यह निर्णय लिया गया कि फेज़-1 दिनांक 21 दिसंबर, 2020 से आरंभ होगा और 26 मार्च, 2021 तक चलेगा। देश में फैले कोविड पर निर्भर करेगा कि कोर्स के बाद भारत दर्शन को स्थगित किया जाए या नहीं। यह भी निर्णय लिया गया कि चूंकि प्रशिक्षु अधिकारी फाउंडेशन कोर्स के दौरान परिसर में ही थे और भारत दर्शन में गए बिना तथा इसके बाद मिलने वाली ब्लॉक लीव के बिना ही फेज-1 में शामिल हुए, परिसर में निरंतर उपस्थिति के संभावित ब्रेक के लिए एक छोटा सा भ्रमण, संभवतः उत्तराखंड में ही आयोजित किया जाएगा। चूंकि यह विशिष्ट फेज़-1 होगा जब प्रशिक्षु अधिकारी यहां अत्यधिक सर्दी के मौसम में रहेंगे, अकादमी को बुनियादी ढांचे और चिकित्सा संसाधनों, दोनों मामलों में बर्फीले दिनों का सामना करने के लिए बड़े स्तर पर तैयारी की तथा ऑनलाइन-कक्षाओं के लिए फ्रेंडली आईटी क्षमताओं की पुष्टि की गई और प्रशिक्षु अधिकारियों को अच्छी तरह से तैयार रहने की सलाह दी गई। इस उद्देश्य के लिए, पाठ्यक्रम समन्वयक और उनकी टीम ने संपदा और सीपीडब्ल्यूडी तथा चिकित्सा अनुभाग पर विशेष बल देते हुए, नमक (जमी हुई बर्फ को पिघलाने के लिए), जनरेटर के लिए पीओएल तथा बर्फबारी के दौरान होने वाली बिजली की कटौती की आपूर्ति हेतु बिजली की हॉटलाइन के लिए संपर्क किया। संपदा और मेस अनुभाग को अतिरिक्त स्टाफ तैनात करने के लिए कहा गया ताकि स्टाफ के न होने पर लॉजिस्टिक समस्या न हो। चिकित्सा अनुभाग सक्रिय रहा और पाठ्यक्रम टीम तथा डॉक्टरों द्वारा समय पर परामर्शी मेमो और जाँच द्वारा सुनिश्चित किया गया कि पाठ्यक्रम

के दौरान कोई भी प्रशिक्षु अधिकारी गंभीर रूप से बीमार न हो। वास्तव में, पाठ्यक्रम के दौरान किसी भी समय चिकित्सा-समस्या संबंधी कोई भी समस्या नहीं हुई।

भारत दर्शन के संबंध में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग तथा देश के सभी संवर्गों के मुख्य सचिवों को सूचित किया गया कि जब प्रशिक्षु अधिकारी को सर्दियों में शीतकालीन अध्ययन दौरे पर जाएंगे तब उन्हें सात सप्ताह की अवधि के लिए जिला प्रशिक्षण से कार्यमुक्त किया जाए।

प्रारंभ

आईएएस प्रोफेशनल कोर्स फेज-I (2020-22 बैच) का उद्घाटन समारोह

21 दिसंबर, 2020 को पूरे दिन कार्यक्रम चला। रॉयल भूटान सिविल सर्विस के तीन प्रशिक्षु अधिकारियों सहित 182 प्रशिक्षु अधिकारियों वाले इस कोर्स का उद्घाटन श्री पी.के. सिन्हा, माननीय प्रधानमंत्री के मुख्य सलाहकार द्वारा किया गया, उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ भारतीय प्रशासनिक सेवा में अपने और कुछ अन्य अधिकारियों के अनुभव साझा किए और प्रशिक्षु अधिकारियों को अनुभव से शिक्षा प्राप्त करने के लिए व्यापक परिवेश दिया। सामान्य सेवा में विशेषज्ञता की आवश्यकता के उनके विचारपूर्ण मूल्यांकन से प्रशिक्षु अधिकारियों को यह समझने में सहायता मिली कि एकीकृत दृष्टिकोण और गहन चिंतन-मनन की क्षमता, दोनों विशेषताएं एक आईएएस अधिकारी मे अपेक्षित हैं। दोपहर के उद्घाटन से पूर्व आईएएस परिप्रेक्ष्य पर पैनल चर्चा हुई। इस चर्चा के प्रत्येक पैनल में एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी, एक मध्यम स्तर की वरिष्ठता वाले आईएएस अधिकारी और एक लगभग छः से दस वर्ष की सेवा वाले आईएएस अधिकारी शामिल थे। इसका उद्देश्य कार्य और जीवन, सेवा की धारणा में बदलाव, आईएएस से राज्य और सिविक सोसाइटी द्वारा अपेक्षित प्रतिक्रिया में परिवर्तन के पहलुओं पर

और अंततः भाईचारे की भावना पर चर्चा करना था जिससे कि वे मुसीबत में एक-दूसरे के साथ खड़े हो सकें, विशेष रूप से जब कनिष्ठ अधिकारी अपने सिद्धांतों पर अटल रहने के बावजूद किसी मुसीबत का सामना कर रहे हों। इस कोर्स में 129 पुरुष प्रशिक्षु अधिकारी और 53 महिला प्रशिक्षु अधिकारी थे और हमारा प्रयास यह रहा कि सिविल सेवा के नैतिक आदर्शों को समझने में उनकी सहायता करें तथा हमने उनमें हर जेंडर, निशक्तजन के प्रति सम्मान की भावना, तथा समानता के सिद्धांत को भी विकसित किया।

लक्ष्य और विशेष ध्यान

और इस प्रकार हम आईएएस 2020 बैच के फेज-1 कोर्स पर विशेष ध्यान केन्द्रित करने तथा इसके उद्देश्य की ओर अग्रसर होते हैं। सदैव ईमानदार रहना, आगामी कठिन जीवन के लिए तैयार रहना, व्यक्तिगत कारणों से नहीं बल्कि जनहित में चुनौतियों का सामना करना, कानून-व्यवस्था जैसी स्थितियों में, हस्तक्षेप करने के लिए मौका देखना और सही समय की प्रतीक्षा करना, टीम के सदस्य के रूप में, अपने कनिष्ठों को प्रोत्साहित करना, उनकी सहायता के लिए उस समय खड़ा होना जब उन्होंने न्यायपूर्ण और सिद्धांतों के अनुरूप कार्य किया हो, एक मिसाल पेश करना, पूर्व में किए गए अच्छे कामों की सराहना करना, सेवा के मूल्यों को मजबूत बनाना और इस बात को महसूस करना कि सेवा का निर्माण जनहित के नैतिक मूल्यों के आधार पर किया गया है, यह बात याद रखना कि सबसे कमजोर व्यक्ति की आवश्यकता सबसे महत्वपूर्ण है, अपने अधिकार क्षेत्र को ध्यान में रखना और पूरे कार्य को समझना, संक्षेप में, आत्म-सम्मान, दूसरों के प्रति सम्मान, सीखने के लिए विनम्रता और सत्यनिष्ठा को सबसे अधिक महत्व देना हमारा मुख्य उद्देश्य है।

शैक्षणिक और पाठ्येतर संरचना

सभी गतिविधियों के सार्थक समायोजन के उद्देश्य से पाठ्यक्रम टीम ने तीन स्तंभों-शैक्षणिक, पाठ्येत्तर संबंधी गतिविधियों और पीयर लर्निंग के आधार पर पाठ्यक्रम की संरचना तैयार की। शारीरिक प्रशिक्षण पूरे पाठ्यक्रम की रूपरेखा का महत्वपूर्ण भाग था और इसे अनुशासन के आधार पर बनाया गया था जिसे अकादमी हमेशा युवा प्रशिक्षुओं में विकसित करने का दृढ़ संकल्प रखती है।

शैक्षणिक विषय में विधि, राजनीति विज्ञान और भारत का संविधान, लोक प्रशासन, भारतीय इतिहास, अर्थशास्त्र, प्रबंधन और आईटी शामिल थे। सत्र आंतरिक संकाय सदस्यों द्वारा आयोजित किए गए जिन्होंने क्षेत्र तथा विभागों में अपने अनुभव का उपयोग प्रशिक्षु अधिकारियों को बुनियादी स्तर पर सलाह देने के लिए किया, जैसे कि दंड प्रक्रिया संहिता के विशिष्ट निवारक भागों की जानकारी दी गई, इस प्रकार निरंतर ज्ञान को साझा करने के साथ-साथ इस परंपरा को बनाए रखा गया। अतिथि संकाय सदस्यों द्वारा भी सत्र लिए गए जिनका चयन उनकी विशेषज्ञता, नवीनता लाने की योग्यता और अच्छी परंपरा

को बनाए रखने की योग्यता के आधार पर किया गया था, जिससे सकारात्मक बदलाव लाया जाए। उदाहरण के लिए, हमारे अतिथि वक्ताओं में अपर सचिव, गृह, श्री विवेक भारद्वाज, संयुक्त सचिव, नागरिक विमानन मंत्रालय, सुश्री उषा पाधी, वैज्ञानिक और उद्यमी सम्मिलित थे जिन्होंने सामाजिक मार्केटिंग पर व्याख्यान दिए, इसके अलावा श्री सोनम वांगचुक जैसे इनोवेटर्स और भारतीय पुलिस सेवा जैसी सेवाओं के अधिकारी शामिल रहे। इस सेवा के अधिकारी श्री आशीष गुप्ता ने दंड प्रक्रिया संहिता के निवारक खंडों पर व्याख्यान दिए, जो आंतरिक संकाय द्वारा लिए गए कुछ सत्रों के पूरक थे। उन्होंने इतिहास के बारे में बताया कि ये खंड, उपाख्यान और कानून कैसे बने एवं प्रशिक्षु अधिकारियों को काफी प्रभावित किया। हमारे अतिथि वक्ताओं में मनु पिल्लई जैसे इतिहासकार भी थे जिनका विश्लेषण गहन था तथा उन्होंने कई प्रश्न पूछे और प्रशिक्षु अधिकारियों के बीच विचार-विमर्श कराया। ऐसे अधिकारी भी उपस्थित थे जो आईएएस से सेवानिवृत्त हुए थे, उदाहरण के लिए, श्री रवि कपूर और श्री सी. चंद्रमौली ने व्याख्यान दिए जिनका परामर्श तीन दशकों से भी ज्यादा समय तक अत्यंत महत्वपूर्ण रहा।

शारीरिक प्रशिक्षण

सुबह की गतिविधियों में योग, जिमनैजियम वर्क आउट, ज़ुम्बा, एरोबिक्स, बैडमिंटन, टेनिस और साइकिलिंग को शामिल किया गया। हालांकि प्रशिक्षु अधिकारी सुबह की सैर के लिए भी पोलो ग्राउंड जा सकते थे (जो संयोगवश, फाउंडेशन कोर्स के दौरान भी उनके कार्यक्रम का हिस्सा नहीं बन पाया), फिर भी उनके लिए छोटे-छोटे समूह में इन गतिविधियों में भाग लेना अनिवार्य था। आस-पास के स्थानीय ट्रेक से बैच के साथियों के बीच अच्छे संबंध बने और उनमें सहयोग एवं नेतृत्व की भावना का विकास हुआ।

पाठ्येत्तर गतिविधियां और आंचलिक दिवस

अनेक पाठ्येत्तर गतिविधियां आयोजित की गई जिनसे प्रशिक्षु अधिकारी स्वयं में कलाकार, संगीतकार, शेफ, मार्शल आर्ट जैसी प्रतिभाओं को उभारने में व्यक्ति का पता लगाने के लिए सक्षम हुए। इन गतिविधियों में इन्सट्रूमेंटल और वोकल संगीत, स्केचिंग तथा पेंटिंग, नृत्य, आयुर्वेदिक पाक कला, मार्शल आर्ट सम्मिलित थे। राज्यों की संस्कृति और व्यंजनों का उत्सव मनाया गया, इस दौरान भूटान के प्रशिक्षुओं सहित सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को अपनी परंपराओं, पोशाक, व्यंजन और सजावट के प्रदर्शन का गौरव प्राप्त हुआ। प्रशिक्षु अधिकारियों ने वाद-विवाद, कविता पाठ संध्या, क्षेत्रीय भाषाओं, हिंदी और अंग्रेजी में काव्य प्रतियोगिताओं में भाग लिया। उन्होंने सआदत हसन मंटो द्वारा रचित टोबा टेक सिंह जैसे मार्मिक नाटकों के माध्यम से अपने बैचमेट्स और संकाय सदस्यों का मनोरंजन किया।

साहित्य महोत्सव

कई प्रशिक्षु अधिकारी पढ़ने और लिखने में रुचि रखते हैं, दो प्रशिक्षु अधिकारी सुश्री अनु जोशी और श्री प्रत्यूष पांडेय ने पुस्तक लेखन का परिचय दिया। साहित्य महोत्सव में वाद-विवाद, चर्चा और कविता पाठ

संध्याओं का आयोजन किया गया जिसने पाठ्यक्रम की गतिशीलता बनाए रखी। अतिथियों में सेवारत और सेवानिवृत्त सिविल सेवक, आंतरिक संकाय सदस्य और तत्कालीन निदेशक, डॉ. संजीव चोपड़ा शामिल थे, जिन्होंने स्वयं उत्सव के आयोजन में प्रशिक्षु अधिकारियों और संकाय सदस्यों के प्रयासों को आगे बढ़ाया। मसूरी के सुप्रसिद्ध लेखक, श्री गणेश सैली ने भी पहले दिन साहित्य महोत्सव में भाग लिया।

पीयर लर्निंग

हमने प्रशिक्षु अधिकारियों के समूह बनाने का प्रयोग किया जो कानून और प्रबंधन के छात्र थे या जिनकी किसी विषय में विशेष रुचि या ज्ञान प्राप्त था और जिन्होंने अन्य प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ सत्रों का आयोजन किया। इसका परिणाम पाठ्यक्रम के अंत में देखने को मिला। पहली बात यह कि प्रशिक्षु अधिकारियों को संकाय सदस्यों और अतिथि वक्ताओं को सुनने से छूट मिली और कभी-कभी वे अपने साथियों से बात करते समय उन्हें अधिक ध्यान से सुनते थे। दूसरी यह कि कुछ प्रशिक्षु अधिकारियों ने अपनी फीडबैक में कहा कि वे अपने साथियों की तरह स्वयं को अनुभवी महसूस करते हैं और इसलिए यदि संकाय सदस्यों या अतिथि वक्ताओं द्वारा पढ़ाया जाता है तो वे अधिक जानकारी प्राप्त करेंगे। इससे वे सोचने, बोलने तथा सभी आयु और सभी प्रकार के अनुभव का सम्मान करने के लिए बाध्य हुए।

उत्तराखंड भ्रमण

प्रशिक्षु अधिकारियों को जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क और ऋषिकेश के चार दिवसीय दौरे पर ले जाया गया, जहां उन्होंने रिवर राफ्टिंग की और गंगा के एक्वामरीन पानी में समय बिताया। वहाँ पर कई बाघ देखे गए और प्रशिक्षु अधिकारियों को जानवरों के साथ समय व्यतीत करने और साथ ही कैंपस में लंबे समय तक रहने के बाद, भारत दर्शन पर गए बिना और ब्लॉक लीव छूट के बिना मनोबल और उत्साह को बनाए रखने का अवसर मिला।

आईएएस प्रोफेशनल कोर्स फेज-I (2020-22 बैच) के दौरान पुरस्कार वितरण

यह कोर्स 26 मार्च, 2021 को समाप्त हुआ, जिसमें लगभग 150 अतिथि वक्ताओं की मेजबानी की गई और प्रशिक्षु अधिकारियों को कोविड से बचाकर स्वस्थ रखा गया और उन्हें जिला प्रशिक्षण के लिए भेजा गया। कोर्स टीम ने प्रशिक्षु अधिकारियों को अनुशासन में रहना और इस बात को हमेशा याद रखना सिखाया कि वे अपने सिर को ऊंचा रखने के साथ-साथ विनम्रता ज्ञानार्जन के लिए जरूरी है। समापन के दौरान निदेशक, डॉ. संजीव चोपड़ा ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित किया।

अतिथि वक्ता

- श्री विवेक भारद्वाज, आईएएस, अपर सचिव (पीएम), गृह मंत्रालय, भारत सरकार
- श्री अमित कुमार घोष, आईएएस, संयुक्त सचिव, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार
- सुश्री उषा पाधी, आईएएस, संयुक्त सचिव (यू), नागरिक विमानन मंत्रालय, भारत सरकार
- श्री तेजवीर सिंह, आईएएस, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, पंजाब
- श्री धवल जैन, आईएएस, प्रबंध निदेशक, पश्चिम बंगाल कृषि विपणन निगम लिमिटेड
- डॉ. सी. के. मैथ्यू, आईएएस (सेवानिवृत्त), पूर्व मुख्य सचिव, राजस्थान और विजिटिंग प्रोफेसर, अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय
- श्री नितिन कुमार यादव, आईएएस, महानिदेशक, प्राथमिक शिक्षा निदेशालय, हरियाणा
- श्री तरनजोत सिंह, आईएएस, विकास उपायुक्त, डीआरडीए कार्यालय, कलेक्टरेट सीतामढ़ी, बिहार
- डॉ. सी. चंद्रमौली, आईएएस (सेवानिवृत्त), पूर्व सचिव, कार्मिक एवं प्रशिक्षण मंत्रालय, भारत सरकार

- डॉ. विशाल आर, आईएएस, आयुक्त, ग्रामीण पेयजल और स्वच्छता विभाग, कर्नाटक हाउसिंग बोर्ड कॉम्प्लेक्स, बेंगलुरु
- श्री कुमेर-उल-ज़मान चौधरी, आईएएस, आयुक्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान
- श्री विजय किरण आनंद, महानिदेशक, स्कूली शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उत्तर प्रदेश
- न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया, भिलंगना प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनीताल
- श्री डी. कृष्ण भास्कर, आईएएस, कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट विद्यानगर, तेलंगाना
- श्री एस. चोकलिंगम, आईएएस, सेटलमेंट आयुक्त और भू-अभिलेख निदेशक, पुणे
- श्री बुदिति राजशेखर, आईएएस, प्रधान सचिव, स्कूली शिक्षा, आंध्र प्रदेश, वेलगापुडी
- श्री आमोद कुमार, आईएएस, प्रधान सचिव, योजना विभाग, योजना भवन, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
- सुश्री प्रियंका निरंजन, आईएएस, विशेष सचिव, सिंचाई और जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार
- श्री दिव्यांशु पटेल, आईएएस, संयुक्त मजिस्ट्रेट, जिलाधिकारी कार्यालय, बाराबंकी, उत्तर प्रदेश
- श्री मल्लेपल्ली लक्ष्मैया, अध्यक्ष, दलित अध्ययन केंद्र, तेलंगाना
- श्री मुनीश मौदगिल, आईएएस, सचिव, डीपीएआर (प्रशासनिक सुधार), बेंगलुरु
- डॉ. बागडी गौतम, आईएएस, उपायुक्त और जिला मजिस्ट्रेट, चिक्कमगलुरु जिला, कर्नाटक
- सुश्री वी. ललिता लक्ष्मी, आईएएस, निदेशक, उपभोक्ता वस्तु, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, कोलकाता
- सुश्री जसप्रीत तलवार, आईएएस, प्रधान सचिव, जल आपूर्ति और स्वच्छता विभाग, पंजाब सरकार
- श्री अमरजीत सिन्हा, आईएएस (सेवानिवृत्त) प्रधानमंत्री के सलाहकार, प्रधानमंत्री कार्यालय
- डॉ. शाहिद इकबाल चौधरी, आईएएस, उपायुक्त, श्रीनगर
- सुश्री नेहा सिंह, जिला विकास अधिकारी, तापी, गुजरात
- श्री अतहर आमिर उल शफी खान, आईएएस, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, जयपुर
- श्री सी. श्रीधर, आईएएस, संयुक्त सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय
- श्री प्रबीर कुमार नायक, ओएएस (एस), परियोजना निदेशक, कोरापुट, डीआरडीए कोरापुट, ओडिशा
- श्री. एस. हरिकिशोर, आईएएस, कार्यकारी निदेशक, कुदुम्बश्री राज्य मिशन कार्यालय, तिरुवनंतपुरम
- श्री प्रशांत नरनावरे, आईएएस, आयुक्त समाज कल्याण, पुणे
- डॉ. राम कुमार ककानी, प्रोफेसर, आईआईएम को झीकोड
- सुश्री वर्षा जोशी, आईएएस, संयुक्त सचिव (सीडीडी), कृषि भवन, नई दिल्ली
- श्री गगनदीप सिंह बेदी, आईएएस, कृषि उत्पादन आयुक्त और प्रधान सचिव, तमिलनाडु सरकार
- सुश्री प्रियंका शुक्ला, आईएएस, संयुक्त सचिव और मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ सरकार

- प्रो. श्रीधर विश्वनाथ, सहायक प्रोफेसर, कार्यनीतिक प्रबंधन, ग्रामीण प्रबंधन संस्थान आनंद (आईआरएमए)
- प्रो. राकेश अरावटिया, एसोसिएट प्रोफेसर, ग्रामीण प्रबंधन संस्थान आनंद (आईआरएमए)
- श्री संजीव चड्ढा, आईएफएस, प्रबंध निदेशक, नेफेड, नई दिल्ली
- सुश्री शशांक आला, आईएएस, अपर सचिव, श्रम, रोजगार, कौशल विकास और उद्यमिता, मिजोरम सरकार
- श्री रवि कपूर, आईएएस (सेवानिवृत्त), नई दिल्ली
- सुश्री निशा अनंत, सीडीओ, बदायूं, उत्तर प्रदेश
- डॉ. पी.सी. जाफर, आईएएस, सचिव (व्यय), कर्नाटक सरकार
- डॉ. हिमांशु राय, निदेशक, आईआईएम इंदौर
- डॉ. आर. एस. प्रवीण कुमार, आईपीएस, सचिव, तेलंगाना समाज कल्याण आवासीय शैक्षणिक संस्थान सोसायटी
- श्री संदीप दत्त, स्कूल इम्प्रूवमेंट कोच, लर्निंग फॉरवर्ड इंडिया फाउंडेशन
- श्री उदित प्रकाश राय, आईएएस, निदेशक, शिक्षा निदेशालय, शिक्षा निदेशक (डीओई), नई दिल्ली
- सुश्री कामायनी जोशी, टीजीटी अंग्रेजी, राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय, हरि नगर, दिल्ली
- सुश्री सौम्या गुप्ता, आईएएस, सचिव, उच्च शिक्षा, त्रिपुरा सरकार
- श्री रंजीतसिंह डिसाले, अलीपुर रोड, शिवाजी नगर, सोलापुर
- श्री सोनम वांगचुक, वास्तुकार, आईस स्तूप, लद्दाख
- सुश्री मेरलिया शौकत, सीईओ, माधी फाउंडेशन
- श्री मोहम्मद रोशन, आईएएस, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, हावेरी, कर्नाटक
- श्री जटाशंकर, आईएएस, विशेष सचिव एवं निदेशक माध्यमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा और साक्षरता विकास विभाग, रांची, झारखंड
- श्री रोहन चंद ठाकुर, आईएएस, आयुक्त, राज्य कर और उत्पाद शुल्क, एमडी, कौशल विकास निगम, एमडी, हिमाचल प्रदेश वित्तीय निगम, हिमाचल प्रदेश सरकार
- श्री के. जी. जगदीश, आईएएस, सीईओ और सचिव, कॉफी बोर्ड, भारत सरकार
- डॉ. रुक्मिणी बनर्जी, सीईओ प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन, नई दिल्ली
- श्री अजीत बालाजी जोशी, आईएएस, महानिदेशक, उच्च और तकनीकी शिक्षा, हरियाणा सरकार
- डॉ. सुरेश कुमार, निदेशक, डब्ल्यूएचओ कोलैबोरेटिंग सेंटर फॉर कम्युनिटी पार्टिसिपेशन इन पैलिएटिव केयर एंड लॉन्ग टर्म केयर एंड टेक्निकल एडवाइजर, इंस्टिट्यूट ऑफ पैलिएटिव मेडिसिन, कालीकट
- श्री अरुण बरोका, आईएएस, अपर सचिव (एसबीएम और सीवीओ), पेयजल और स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार
- श्री प्रदीप कुमार जेना, आईएएस, ग्रामीण विकास विभाग, ओडिशा सरकार

- सुश्री अपर्णा गुप्ता, आईएएस, एसडीएम बड़गांव कार्यालय, उदयपुर, राजस्थान
- सुश्री पुष्प लता, आईएएस, सहायक कलेक्टर, भावनगर, गुजरात
- श्री ऋषि राज, आईएएस, संयुक्त मजिस्ट्रेट/एसडीएम मैनपुरी, उत्तर प्रदेश
- सुश्री नेहा व्यास, वरिष्ठ पर्यावरण विशेषज्ञ, विश्व बैंक
- श्री जी. श्रीहरि, सामाजिक विकास विशेषज्ञ, विश्व बैंक
- श्री कृष्ण प्रकाश, आईपीएस, पुलिस आयुक्त, पिंपरी-चिंचवाड़, महाराष्ट्र
- सुश्री सौम्या शर्मा, सब डिवीजन मजिस्ट्रेट कार्यालय (कांझावाला), नई दिल्ली
- श्री फजलुल हसीब, हाउस नंबर 24 सी, गवर्नमेंट क्वार्टर्स, एसडीपीओ कार्यालय के पीछे, गांधी नगर, जम्मू
- श्री ऋतुराज चौधरी, एसडीएम निवास, गोड्डा, झारखंड
- श्री मिहिर मनकड, प्रोफेसर, प्रेक्टिस, लीडरशिप कम्युनिकेशन, टफ्ट्स विश्वविद्यालय
- जी.एस.समीरन, आईएएस, जिला कलेक्टर तेनकासी, तमिलनाडु
- सुश्री कीर्ति तिवारी, आईआईएस, राष्ट्रपति की उप प्रेस सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली
- श्री सौरभ सिंह, आईआईएस, उप निदेशक (आर एंड सी), सोशल मीडिया सेल, प्रेस सूचना ब्यूरो
- श्री के. एस. धतवालिया, आईआईएस, प्रधान महानिदेशक, प्रेस सूचना ब्यूरो
- श्री सबाहत अजीम, आईएएस (सेवानिवृत्त), सीईओ और संस्थापक ग्लोकल हेल्थ केयर प्रा. लिमिटेड
- प्रो. (डॉ.) हिताशी लोमश, संकाय सदस्य, सुषमा स्वराज विदेश सेवा संस्थान, नई दिल्ली
- श्री कृष्ण गोपाल तिवारी, अपर आयुक्त (जनजाति कल्याण), मध्य प्रदेश सरकार
- श्री अकुन सभरवाल, आईपीएस, कैबिनेट सचिवालय
- डॉ. अमर केजेआर नायक, प्रोफेसर, कार्यनीतिक प्रबंधन, जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, भुवनेश्वर
- श्री आलोक मिश्रा, आईआईएस, उप महानिदेशक (डीएमईओ), नीति आयोग, नई दिल्ली
- श्री निशांत वारवाड़े, आईएएस, आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा, मध्य प्रदेश सरकार
- श्री दीप जॉय, आईआईएस, प्रेस सूचना ब्यूरो
- डॉ. विनय सहस्रबुद्धे, माननीय सांसद, राज्य सभा, और अध्यक्ष, आईसीसीआर, भारत सरकार (नेटग्रिड)
- श्री आशीष गुप्ता, आईपीएस, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राष्ट्रीय आसूचना ग्रिड (NATGRID), गृह मंत्रालय, भारत सरकार
- श्री कृष्ण मोहन उप्पू, आईएएस, उप सचिव (एनई - III), गृह मंत्रालय, भारत सरकार
इंडक्शन कोर्स विभिन्न राज्यों की चयन सूची में अधिकारियों अथवा राज्य सिविल सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत किए गए अधिकारियों के लिए आयोजित किए जाते हैं। इस कोर्स का उद्देश्य ज्ञान एवं कौशल के स्तरों का उन्नयन करना तथा उन व्यक्तियों के साथ विचार, मत तथा अनुभव के आदान-प्रदान का अवसर उपलब्ध कराना है जिन्होंने राष्ट्र विकास के विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकसित किया है। नए प्रबंधन विचारों, तकनीकों तथा कौशल एवं प्रौद्योगिकी तथा प्रबंधन के अग्रणी क्षेत्रों पर भी पर्याप्त बल दिया जाता है। प्रतिभागियों को एक अखिल भारतीय परिप्रेक्ष्य देने पर बल दिया जाता है। अधिकारियों को देश के अग्रणी संस्थानों के दौरे के लिए भी ले जाया जाता है, जिससे उन्हें सेवा की अखिल भारतीय प्रकृति से अवगत कराया जा सके।

राज्य सिविल सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत अधिकारियों के लिए 122वां इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम

(09 मार्च, 2020 से 19 मार्च, 2020 तथा 01 फरवरी, 2021 से 12 फरवरी, 2021 तक)

कार्यक्रम का उद्देश्य /लक्ष्य समूह	राज्य सिविल सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में (पदोन्नत/चयन सूची) अधिकारियों के लिए इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम
पाठ्यक्रम समन्वयक	श्री विद्या भूषण
सह पाठ्यक्रम समन्वयक	सुश्री मोनिका धामी, सुश्री अलंकृता सिंह, सुश्री गौरी पराशर जोशी, श्री मिलिंद डी. रामटेके
पाठ्यक्रम का उद्घाटन	श्री संजीव चोपड़ा, भा.प्र. सेवा, निदेशक, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
समापन समारोह के दौरान संबोधन	श्री भगत सिंह कोश्यारी, महाराष्ट्र के माननीय राज्यपाल
प्रतिभागियों की कुल संख्या	कुल 59 (पुरुष- 47, महिलाएं 12)

122वें इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम के प्रतिभागियों का ब्यौरा परिशिष्ट-9 में दिया गया है।

पाठ्यक्रम के उद्देश्य

प्रशासनिक सेवाओं की अखिल भारतीय प्रवृत्ति को बहेतर ढंग से समझना तथा देश के लोक प्रशासन एवं मैक्रो-इकोनोमी से सबंधित एक अखिल भारतीय परिप्रेक्ष्य विकसित करना।

विभिन्न क्षेत्रों में अद्यतन नीतियों तथा कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त करने के साथ अपने साथी प्रतिभागियों के अनुभवों से सीखना।
अपने कार्य क्षेत्र में सहयोगी कार्य और नेतृत्व एवं वार्ता के सिद्धांतों को लागू करने में समर्थ होना।

पाठ्यक्रम के लिए अपनाई गई प्रशिक्षण विधियों में व्याख्यान, परिचर्चा, प्रकरण अध्ययन, कंप्यूटर का व्यावहारिक ज्ञान, अनुभव का आदान-प्रदान, फिल्म एवं चर्चा, मैनेजमेंट गेम्स, समूह कार्य तथा क्षेत्र दौरे शामिल किए गए।

पाठ्यक्रम का डिजाइन

सप्ताह 1 भारतीय प्रशासनिक सेवा, सिस्टम थिंकिंग, राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों और चुनौतियों के बारे में पैनल चर्चा, पूर्वोत्तर चुनौतियों और संभावनाओं और दो दिवसीय गतिविधि आधारित नेतृत्व मॉड्यूल
सप्ताह 2 भारत को मानचित्रों, प्रशासकों के लिए राजनीतिक संकल्पनाएँ, एआई और चौथी औद्योगिक क्रांति, बायनेरिज़ और बहिष्करण, सैनिटेशन-विगत, वर्तमान और भविष्य, ह्यूमन ट्रेफिकिंग, सार्वजनिक खरीद, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, वर्णनात्मक साक्ष्य पर डिजिटल मॉड्यूल और एक दिवसीय गतिविधि आधारित बातचीत और संचार मॉड्यूल के माध्यम से ज्ञानार्जन।
सप्ताह 3 सर्वेक्षण, व्यवस्था और भूमि आधुनिकीकरण-II, समावेशी गतिशीलता, प्राथमिक शिक्षा में ज्ञानार्जन के परिणामों में सुधार, भारत में जन स्वास्थ्य सेवाओं में कार्यान्वयन संबंधी चुनौतियां, भारत में प्रवासन, निवारक स्वास्थ्य देखभाल, भावनात्मक बुद्धिमत्ता पर मॉड्यूल, प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और सिविल सेवाओं में करियर की प्रगति
सप्ताह 4 पर्यावरण और स्थिरता, समावेशी शहरीकरण, भारत में कृषि रोडमैप

अनुभव साझा करने वाले असाइनमेंट के आधार पर, चयनित प्रतिभागियों ने उनके द्वारा किए गए अच्छे कार्य के जरिए पियर लर्निंग को बढ़ाने के उद्देश्य से कक्षा से पूर्व प्रस्तुतियाँ दी। प्रतिभागियों को समूहों में विभाजित किया गया और समस्या समाधान अभ्यास के लिए विषय दिया गया जिसका मूल्यांकन बाहरी संकाय द्वारा किया गया। प्रतिभागियों ने संकाय सदस्यों और बाहरी संकाय से लिए गए संकाय सदस्यों के समूह के समक्ष प्रस्तुतियां दीं। चार सप्ताह में चार सत्रों के दौरान आई.सी.टी. इनपुट भी प्रदान किए गए। समूह में प्रतिभागियों ने पिछले दिन के व्याख्यान के बारे में प्रतिदिन डीब्रीफिंग भी प्रस्तुत की। प्रतिभागियों का मूल्यांकन 100 अंकों में से किया गया जिनमें से 40 अंक एम.सी.क्यू. परीक्षा के लिए, 20-20 अंक अनुभव साझा करने संबंधी पत्र और समस्या के समाधान संबंधी दस्तावेज एवं प्रस्तुतीकरण के लिए और 20 अंक अनुशासन, पाठ्येतर गतिविधियों एवं ओ.एल.क्यू. के लिए निर्धारित थे।

देश और विदेश अध्ययन दौरा

पिछले वित्तीय वर्ष (अर्थात 2020-21) के दौरान केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा विदेशी प्रशिक्षण के संबंध में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 15 जून, 2020 के पत्र संख्या-टी-16017/11/2019-आईजीओटी के संदर्भ में और मौजूदा कोविड स्थितियों के संबंध में, प्रशिक्षण-एमसीटीपी के दिनांक 04 जनवरी, 2021 के का.ज्ञा. सं. टी-17011(33)/1/2020 के तहत यह निर्णय लिया गया कि एक सप्ताह के विदेश अध्ययन दौरे और एक सप्ताह के देशीय अध्ययन दौरे के बिना ही 122वें इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया जाए।

पाठ्यक्रम समन्वयक की रिपोर्ट

122वें इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम (आईटीपी) में 14 संवर्गों के अधिकारी प्रतिभागी शामिल थे। राष्ट्रीय सुरक्षा, व्यवहारपरक अर्थशास्त्र, अंतर्विभागीयता और समावेशन, उत्तर-पूर्व में चुनौतियां और संभावनाएं, सर्वेक्षण, बंदोबस्त और भूमि आधुनिकीकरण- II, प्राथमिक शिक्षा के परिणामों में सुधार के लिए फाउंडेशन कौशल, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यावरण और स्थिरता, तथा समावेशी शहरीकरण सहित विभिन्न विषयों पर 4 सप्ताह के शैक्षिक विषय शामिल थे।

हमारे पास शासन के उभरते क्षेत्रों और भारत में प्रौद्योगिकी की भूमिका, एआई तथा चौथी औद्योगिक क्रांति, ईपीओडी टीम द्वारा वर्णनात्मक साक्ष्य पर डिजिटल मॉड्यूल के इनपुट भी थे।

इस बैच ने श्री टीसीए राघवन, लेफ्टिनेंट जनरल पीजेएस पन्नू, श्री रवि कपूर, सचिव, कपड़ा मंत्रालय, सुश्री सुनीता नारायण, श्री रंजीत सिंह डिसाले, वैश्विक शिक्षक पुरस्कार विजेता जैसे प्रख्यात वक्ताओं के साथ बातचीत की।

सामाजिक समावेश पर मॉड्यूल में, प्रतिभागियों ने मुद्दों की गहन समझ और समस्या समाधान दृष्टिकोण विकसित करने के लिए अधिकारियों, गैर-सरकारी संगठनों के साथ-साथ हिंसा के पीड़ितों जैसे कई हितधारकों के साथ बातचीत की।

भावनात्मक बुद्धिमत्ता पर मॉड्यूल में श्री राजेश्वर उपाध्याय ने 2 दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जिसमें जौहरी विंडो, स्व-नियमन, सहानुभूति और सामाजिक कौशल जैसी अवधारणाओं को शामिल किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के साथ एक के बाद एक कोचिंग सत्र भी आयोजित किए और उन्हें व्यक्तिगत फीडबैक प्रदान की।

पीयर लर्निंग की सुविधा के लिए, प्रतिभागियों ने सभी के लिए आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और आरोग्य, जेंडर संवेदनशीलता, व्यवसाय करने में आसानी, स्लम अपग्रेडेशन और संबंधित मुद्दों जैसे विषयों पर 12 समूहों में कार्य किया। प्रतिभागियों ने संबंधित क्षेत्रों में अपने विश्लेषण और प्रस्तावित व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए। इस अभ्यास ने प्रतिभागियों को एक सहयोगी तरीके से समस्या समाधान और महत्वपूर्ण मुद्दों पर सोच विचार करने में सक्षम बनाया।

प्रशिक्षण के एक भाग के रूप में समूह ने एक अध्ययन दौरे के लिए भारतीय सर्वेक्षण विभाग का भी दौरा किया और भूमि सर्वेक्षण और बंदोबस्त के विभिन्न उपकरणों और तकनीकों से ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने देहरादून में एक धर्मार्थ संगठन आरएपीएचएईएल का भी दौरा किया और धर्मार्थ संगठन के कामकाज को जानने तथा परिवार और समुदाय में समर्थन एवं पुनर्वास के माध्यम से दिव्यांग बच्चों और वयस्कों की क्षमता से परिचित हुए।

शारीरिक गतिविधियां जैसी योग, ध्यान, सुबह की सैर और जिम में प्रतिभागी व्यस्त रहे। सप्ताहांत में ट्रेक आयोजित किए गए जहां प्रतिभागियों ने हिमालय के शांत वातावरण अनुभव किया। उन्होंने महाराष्ट्र के जलगाँव के एक प्रतिभाशाली कलाकार श्री सचिन मुसाले के साथ वाटर कलर और कला में भी रुचि दिखाई।

प्रतिभागियों की मूल्यांकन रिपोर्ट इस प्रकार है:-

ग्रेड	प्रतिभागियों की संख्या
ए+	4
ए	41
बी+	13
बी	1

प्रख्यात अतिथि वक्ता

• श्री तेजवीर सिंह, आईएएस, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, पंजाब, पंजाब सिविल सचिवालय, चंडीगढ़।

• श्री स्नेहिल कुमार, लीड फेलो और ट्रेनर, लीड इंडिया, जयपुर, राजस्थान।

• सुश्री भावना लूथरा, लीड फेलो और सह-प्रशिक्षक, लीड इंडिया, नई दिल्ली।

• श्री टीसीए राघवन, आईएफएस (सेवानिवृत्त), महानिदेशक, इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स, सप्रू हाउस, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली।

• लेफ्टिनेंट जनरल पीजेएस पन्नू, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम, गुड़गांव, हरियाणा।

• श्री विवेक भारद्वाज, आईएएस, अपर सचिव (पीएम), गृह मंत्रालय, नई दिल्ली।

• श्री रवि कपूर, आईएएस, सचिव, कपड़ा मंत्रालय, नई दिल्ली।

• डॉ. राम कुमार ककानी, प्रोफेसर, वित्त पोषण, लेखांकन और नियंत्रण, भारतीय प्रबंधन संस्थान, कोझीकोड, केरल।

• डॉ. हिताशी लोमश, एसोसिएट डीन, मनोविज्ञान, जीडी गोयनका विश्वविद्यालय, गुड़गांव, हरियाणा।

• सुश्री रितु सैनी, प्रचारक, स्टॉप एसिड अटैक, नोएडा।

• श्री हरीश अय्यर, सामाजिक कार्यकर्ता, मुंबई।

• श्री अरुणेन्द्र पाण्डेय, निदेशक, अर्ज (अन्याय राहत ज़िन्दगी), वास्को, गोवा।

• डॉ. लेविंसन मार्टिन, निदेशक (विज्ञान और प्रौद्योगिकी), विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण विभाग, गोवा।

• श्री आशिफ शेख, जन साहस, सामाजिक विकास समिति, देवास, मध्य प्रदेश।

• श्री एस. चॉकलिंगम, आईएएस, बंदोबस्त आयुक्त और भूमि अभिलेख निदेशक, महाराष्ट्र सरकार, पुणे।

• श्री ओपी अग्रवाल, आईएएस (सेवानिवृत्त), मुख्य कार्यकारी अधिकारी, विश्व संसाधन संस्थान, मुंबई।

• श्री डी. झिंगरान, आईएएस (सेवानिवृत्त), संस्थापक निदेशक, भाषा और शिक्षण फाउंडेशन, नई दिल्ली।

• डॉ. सबाहत अजीम, आईएएस (सेवानिवृत्त), मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ग्लोकल हेल्थकेयर सिस्टम्स लिमिटेड, कोलकाता, पश्चिम बंगाल।

• श्री रंजीतसिंह डिसाले, शिक्षक, अलीपुर रोड, शिवाजी नगर, बरशी, सोलापुर, महाराष्ट्र।

• सुश्री दिव्या वर्मा, कार्यक्रम प्रबंधक, प्रवासन और श्रम समाधान केंद्र, उदयपुर, राजस्थान।

• प्रो. चिन्मय तुम्बे, भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद, गुजरात।

• श्री प्रमित कुमार गर्ग, आईआरएसई, निदेशक (व्यवसाय विकास), दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन, नई दिल्ली।

• श्री केशवेंद्र कुमार, आईएएस, अपर कार्यकारी निदेशक, राज्य स्वास्थ्य सोसायटी, पटना, बिहार।

• श्री राजेश्वर उपाध्याय, निदेशक, पार एक्सिलेन्स, नवी मुंबई, महाराष्ट्र।

• सुश्री सुनीता नारायण, महानिदेशक, विज्ञान और पर्यावरण केंद्र और कोषाध्यक्ष, संचार सोसायटी, नई दिल्ली।

• श्री ज्ञानेंद्र बड़गैयां आईएएस (सेवानिवृत्त), पूर्व महानिदेशक, राष्ट्रीय सुशासन केंद्र, नई दिल्ली।

• श्री जी.मति वतनन, आईएएस, प्रधान सचिव, आवास और शहरी विकास विभाग, ओडिशा सरकार, भुवनेश्वर।

• श्री अरबिंद कुमार पाढी, कंट्री डायरेक्टर, इंटरनेशनल क्रॉप्स रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर द सेमी-एरिड ट्रॉपिक्स, नई दिल्ली।

• कैप्टन/प्रोफेसर पवनेक्स कोहली, पूर्व सीईओ, एनसीसीडी और पूर्व मुख्य सलाहकार, डीएसी एंड एफडब्ल्यू, नई दिल्ली ।

अनुसंधान केंद्र

आपदा प्रबंधन केंद्र

आपदा प्रबंधन केंद्र (सीडीएम) एक अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र है और लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), भारत सरकार की यूनिट है। इसकी स्थापना वर्ष 2003 में की गई थी और यह सोसायटी पंजीकरण अधिनियम (पंजीकरण संख्या-199/2007-2008 दिनांक 26-05-2007) के तहत स्वायत्त सोसायटी के रूप में पंजीकृत है। यह केंद्र कक्षा, सत्र, केस स्टडी, अनुभव साझा करने वाली प्रस्तुतियाँ, पैनल चर्चा, कार्यशालाएँ, मॉक ड्रिल के माध्यम से आपदा न्यूनीकरण (नीति, योजना, कार्यक्रम निर्माण और कार्यान्वयन) के विभिन्न पहलुओं में मिड-करियर के साथ-साथ इंडक्शन स्तर के प्रोग्राम में सिविल सेवा (आईएएस और अन्य समूह- क सिविल सेवाओं) के अधिकारियों के प्रशिक्षण में शामिल रहा। अनुसंधान कार्य परियोजनाओं के अलावा, यह केंद्र प्रकाशन गतिविधियों जैसे श्रेष्ठ कार्यों का डॉक्युमेंटेशन, केस स्टडी का विकास, पुस्तकों, और आपदा और आपातकालीन प्रबंधन और विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आईईसी सामग्री के विकास में भी शामिल रहा है।

यह केंद्र वर्ष 2007 से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से "सरकारी क्षेत्र में कार्यरत वैज्ञानिकों तथा प्रौद्योगिकीविदों का राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम" की योजना के लिए ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के तहत अनेक विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। देशभर के सैकड़ों वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों को अद्वितीय शैक्षणिक दृष्टिकोण के साथ प्रमुख संस्थान के प्रशिक्षण परिदृश्य से अवगत कराया गया। वर्ष 2012-13 से केंद्र को गृह मंत्रालय द्वारा समर्थन दिया गया। सीडीएम को "आपदा प्रबंधन पर भा.प्र. सेवा/केंद्रीय सेवा अधिकारियों का क्षमता निर्माण" नामक परियोजना के तहत एनडीएमए से समर्थन प्राप्त हो रहा है।

क. मानव संसाधनों के विकास तथा प्रबंधन के लिए आपदा प्रबंधन केंद्र की मुख्य पहलें/उपलब्धियां

आपदा प्रबंधन केंद्र, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी ने भा.प्र.से./भारत में केंद्रीय सेवा के अधिकारियों के लिए निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

1. जलवायु परिवर्तन: महिला वैज्ञानिकों के लिए चुनौतियां और प्रतिक्रिया (05 - 09 अक्टूबर 2020)

कार्यक्रम का उद्देश्य /लक्ष्य समूह	सरकारी क्षेत्र में कार्यरत महिला वैज्ञानिक
पाठ्यक्रम समन्वयक	श्री अभिराम जी. शंकर, आईएएस उप निदेशक और निदेशक, सीडीएम लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
सह-पाठ्यक्रम समन्वयक	डॉ. पंकज कुमार सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, सीडीएम लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
पाठ्यक्रम का उद्घाटन	डॉ संजीव चोपड़ा, आईएएस निदेशक, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी और श्रीमती अंजू भल्ला संयुक्त सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली
समापन समारोह के दौरान सम्बोधन	श्री अभिराम जी. शंकर आईएएस उप निदेशक और निदेशक, सीडीएम लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
प्रतिभागियों की कुल संख्या	कुल: 48 (महिलाएं: 48)

प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य:

- प्रतिभागियों को जलवायु परिवर्तन अनुकूलन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण के विभिन्न पहलुओं के प्रति संवेदनशील बनाना
- विभिन्न सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों और आजीविका पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के बारे में जानकारी प्रदान करना
- जलवायु परिवर्तन अनुकूलन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका से अवगत कराना
- आपदा जोखिम न्यूनीकरण (2015-2030) के लिए यूएनएफ़सीसीसी - पेरिस समझौते, सतत विकास लक्ष्यों (एसजीडीएस) और सेंदई फ्रेम्वर्क के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सुविधा प्रदान करना और समावेशी ज्ञानार्जन को आसान बनाना।

विषयगत क्षेत्र:

- जलवायु परिवर्तन के जेंडर आयाम
- लो कार्बन लाइफ स्टाइल
- जलवायु परिवर्तन अनुकूलन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण
- प्रौद्योगिकी की भूमिका और सीसीए एवं डीआरआर में उसके कार्य
- जलवायु परिवर्तन को मुख्यधारा में लाना

प्रख्यात अतिथि वक्ता:

- डॉ. अखिलेश गुप्ता, सलाहकार/वैज्ञानिक-जी और अध्यक्ष, एसपीएलआईसीई और जलवायु परिवर्तन कार्यक्रम, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), नई दिल्ली
- सुश्री सुरुचि भड़वाल- सीनियर फेलो (इंपेक्ट्स, वलनीरेबिलिटी और एडेप्टेशन एक्सपर्ट), द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी), नई दिल्ली
- डॉ. पी. के. चंपती राय, ग्रुप हेड, जियोसाइंस एंड डिजास्टर मैनेजमेंट ग्रुप, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग, इसरो, देहरादून
- श्री बिष्णुपद सेठी, आईएएस, प्रधान सचिव, राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग, ओडिशा सरकार।
- प्रो. ए. दामोदरन, प्रोफेसर, अर्थशास्त्र और सामाजिक विज्ञान, भारतीय प्रबंधन संस्थान बेंगलुरु (आईआईएमबी), बेंगलुरु
- डॉ. एन. एच. रवींद्रनाथ, प्रोफेसर (सेवानिवृत्त), सतत प्रौद्योगिकी केंद्र (सीएसटी), भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर
- श्रीमती नगमा फिरदौस, पूर्व वरिष्ठ सलाहकार (सीबीडीएम), एनडीएमए, नई दिल्ली
- श्री वी.आर.के. तेजा, आईएएस, प्रबंध निदेशक, केरल पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, केरल
- डॉ. एम. महापात्र, मौसम विज्ञान महानिदेशक, भारत मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली
- डॉ. वाई. पी. सुंदरियाल, अध्यक्ष और प्रोफेसर, भू-विज्ञान विभाग, एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल, उत्तराखंड

2. वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों के लिए सामुदायिक स्तर पर आपदा शमन में प्रौद्योगिकी की भूमिका (23-27 नवंबर 2020)

कार्यक्रम का उद्देश्य/लक्ष्य समूह	सरकारी क्षेत्र में कार्य करने वाले वैज्ञानिक
पाठ्यक्रम समन्वयक	श्री अभिराम जी. शंकर, आईएएस उप निदेशक और निदेशक, सीडीएम लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी

सह-पाठ्यक्रम समन्वयक	डॉ. पंकज कुमार सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, सीडीएम लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
पाठ्यक्रम का उद्घाटन	सुश्री एकता उनियाल सहायक निदेशक लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
समापन समारोह के दौरान सम्बोधन	श्री अभिराम जी. शंकर, आईएएस उप निदेशक और निदेशक, सीडीएम लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
प्रतिभागियों की कुल संख्या	कुल: 35 (पुरुष: 27; महिलाएं: 08)

प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य:

- प्रतिभागियों को आपदा न्यूनीकरण के विभिन्न पहलुओं के प्रति संवेदनशील बनाना
- सामुदायिक स्तर पर आपदा न्यूनीकरण को सक्षम करने के लिए विभिन्न उपकरणों और तकनीकों के बारे में जानकारी प्रदान करना
- विभिन्न सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों और एकीकृत आजीविका पर आपदाओं के प्रभावों से अवगत कराना
- सामुदायिक स्तर पर आपदा न्यूनीकरण योजना में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका से अवगत कराना
- आपदा जोखिम न्यूनीकरण (2015-2030) के लिए सतत विकास लक्ष्यों (एसजीडीएस*)* और सेंदई फ्रेम्वर्क के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सुविधा प्रदान करना और समावेशी ज्ञानार्जन को आसान बनाना।

विषयगत क्षेत्र:

• आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर)

• पार्टिसिपेटरी लर्निंग एवं एक्शन (पीएलए)

• समुदाय आधारित आपदा जोखिम न्यूनीकरण (सीबीडीआरएम) योजना

• आपदा न्यूनीकरण में प्रौद्योगिकी की भूमिका

• कार्यालय आपदा प्रबंधन योजना

प्रख्यात अतिथि वक्ता

- श्री सरबजीत सिंह सहोता, आपातकालीन विशेषज्ञ, आपदा जोखिम न्यूनीकरण अनुभाग, यूनिसेफ इंडिया, यूनिसेफ हाउस, 73 लोदी एस्टेट, नई दिल्ली 110 003
- प्रो. विनोद के. शर्मा, वरिष्ठ प्रोफेसर (आपदा प्रबंधन), भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए), नई दिल्ली और उपाध्यक्ष, सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गंगटोक, सिक्किम सरकार
- प्रो. हरीश सी. पोखरियाल, कार्यकारी निदेशक, स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग, दिल्ली विश्वविद्यालय, 5, कैवर्ली लेन, दिल्ली
- डॉ. अजिंदर वालिया, सहायक प्रोफेसर, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम), *(*गृह मंत्रालय, भारत सरकार), ए-विंग, चौथा तल, एनडीसीसी-II भवन, जय सिंह रोड, नई दिल्ली - 110001
- श्री विशाल वासवानी, आपातकालीन अधिकारी, यूनिसेफ इंडिया, यूनिसेफ कार्यालय छत्तीसगढ़, 503, सिविल लाइंस, रायपुर - 492001, छत्तीसगढ़
- ब्रिगेडियर कुलदीप सिंह, वरिष्ठ सलाहकार, (आईआरएस और मॉक एक्सरसाइज), राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), भारत सरकार, एनडीएमए भवन, ए-1, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली - 110029
- डॉ. के. शेखर, प्रोफेसर और रजिस्ट्रार, मनोरोग सामाजिक कार्य विभाग, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और न्यूरो विज्ञान संस्थान (निमहंस), 101. डॉ. एम वी. गोविंदस्वामी केंद्र, निमहंस, बैंगलोर - 560029, भारत
- डॉ. हरीश चंद्र कर्नाटक, वैज्ञानिक/इंजीनियर - एसजी और प्रमुख, जियोवेब सर्विसेज, आईटी एंड डिस्टेंस लर्निंग (जीआईटी एंड डीएल) विभाग, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग (आईआईआरएस), इसरो, भारत सरकार, 4, कालिदास रोड, देहरादून- 248001 भारत
- डॉ. नीलेश एम. देसाई, एसोसिएट निदेशक, अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (एसएसी), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), अहमदाबाद-380015 गुजरात, भारत
- श्री अनिल के सिन्हा, आईएएस (सेवानिवृत्त), सह-अध्यक्ष, यूएनडीआरआर अराइज फिक्की फॉर इंडिया और फेलो - नीति सलाहकार, अंतर्राष्ट्रीय एकीकृत पर्वतीय विकास केंद्र (आईसीआईएमओडी), काठमांडू।

3. जलवायु परिवर्तन: वैज्ञानिकों एवं प्रौद्योगिकीविदों के लिए चुनौतियां और प्रतिक्रिया (14 - 18 दिसंबर 2020)

कार्यक्रम का उद्देश्य /लक्ष्य समूह	सरकारी क्षेत्र में कार्यरत वैज्ञानिक
पाठ्यक्रम समन्वयक	श्री अभिराम जी. शंकर, आईएएस उप निदेशक और निदेशक, सीडीएम

	लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
सह-पाठ्यक्रम समन्वयक	डॉ. पंकज कुमार सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, सीडीएम लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
पाठ्यक्रम का उद्घाटन	श्री अभिराम जी. शंकर, आईएएस उप निदेशक और निदेशक, सीडीएम लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
समापन समारोह के दौरान सम्बोधन	श्री अनिल के सिन्हा, आईएएस (सेवानिवृत्त) सह-अध्यक्ष, यूएनडीईआरआर एआरआईएसई एफ़आईसीसीआई फॉर इंडिया और फेलो - नीति सलाहकार, इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (आईसीआईएमओडी), काठमांडू
प्रतिभागियों की कुल संख्या	कुल: 44 (पुरुष: 28; महिलाएं-16)

प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य:

- प्रतिभागियों को जलवायु परिवर्तन अनुकूलन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण के विभिन्न पहलुओं के प्रति संवेदनशील बनाना
- विभिन्न सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों और आजीविका पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के बारे में जानकारी प्रदान करना
- जलवायु परिवर्तन अनुकूलन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका से अवगत कराना
- जेंडर समानता से अवगत कराना, जेंडर क्षमता निर्माण और प्रतिभागियों को सभी स्तरों पर अपने कार्य में लक्ष्य बढ़ाने में सक्षम बनाना
- आपदा जोखिम न्यूनीकरण (2015-2030) के लिए यूएनएफ़सीसीसी - पेरिस समझौते, सतत विकास लक्ष्यों (एसजीडीएस) और सेंदई फ्रेम्वर्क के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सुविधा प्रदान करना और समावेशी ज्ञानार्जन को आसान बनाना।

विषयगत क्षेत्र:

- जलवायु परिवर्तन के जेंडर आयाम
- लो कार्बन लाइफ स्टाइल
- जलवायु परिवर्तन अनुकूलन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण
- प्रौद्योगिकी की भूमिका और सीसीए एवं डीआरआर में उसके कार्य

- जलवायु परिवर्तन अनुकूलन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण को विकास योजना की मुख्यधारा में लाना

प्रख्यात अतिथि वक्ता:

- प्रो. अनिल के. गुप्ता, प्रोफेसर, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम), (*गृह* मंत्रालय, भारत सरकार), ए-विंग, चौथा तल, एनडीसीसी-II भवन, जय सिंह रोड, नई दिल्ली - 110001
- डॉ. उमामहेश्वरन राजशेखर, अध्यक्ष, अर्बन रेजिलिएंस, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स, नई दिल्ली
- डॉ. अखिलेश गुप्ता, सलाहकार/वैज्ञानिक-जी और अध्यक्ष, एसपीएलआईसीई और जलवायु परिवर्तन कार्यक्रम, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार, नई दिल्ली
- डॉ. एन. एच. रवींद्रनाथ, प्रोफेसर (सेवानिवृत्त), सतत प्रौद्योगिकी केंद्र (सीएसटी), भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर
- श्री विशाल वासवानी, आपातकालीन अधिकारी, यूनिसेफ इंडिया, यूनिसेफ कार्यालय छत्तीसगढ़, 503, सिविल लाइंस, रायपुर - 492001, छत्तीसगढ़
- डॉ. शैलेंदर कुमार, प्रधान वैज्ञानिक, इनोवेशन सिस्टम फॉर द ड्राइलैंड्स, आईसीआरआईएसएटी, हैदराबाद
- डॉ. के. शेखर, प्रोफेसर, मनोरोग सामाजिक कार्य विभाग, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और न्यूरो विज्ञान संस्थान (निमहंस), 101. डॉ. एम. वी. गोविंदस्वामी केंद्र, निमहंस, बैंगलोर -560029, भारत
- प्रो. महुआ मुखर्जी, प्रोफेसर और अध्यक्ष, सीओई, आपदा न्यूनीकरण और प्रबंधन, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), रुड़की
- डॉ. अरिजीत रॉय, वैज्ञानिक एसजी और अध्यक्ष, आपदा प्रबंधन विज्ञान विभाग, भारतीय रिमोट सेन्सिंग संस्थान (आईआईआरएस), देहरादून
- श्री अनिल के सिन्हा, आईएएस (सेवानिवृत्त), सह-अध्यक्ष, यूएनडीआरआर अराइज फिक्की फॉर इंडिया, आईसीआईएमओडी फेलो - नीति सलाहकार, एकीकृत पर्वतीय विकास केंद्र (आईसीआईएमओडी), काठमांडू

4. आईएएस/केंद्रीय सिविल सेवा अधिकारियों के लिए जिला आपदा प्रबंधन योजना (23 - 24 दिसंबर 2020)

कार्यक्रम का उद्देश्य /लक्ष्य समूह	आईएएस/केंद्रीय सिविल सेवा अधिकारी (सचिव/संयुक्त सचिव (डीएम विभाग), जिला मजिस्ट्रेट/उपायुक्त, अपर जिला मजिस्ट्रेट/अपर उपायुक्त, मल्टी हजार्ड प्रोन जिलों के सब-डिवीज़नल मजिस्ट्रेट)

पाठ्यक्रम समन्वयक	श्री अभिराम जी. शंकर, आईएएस उप निदेशक और निदेशक, सीडीएम लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
सह-पाठ्यक्रम समन्वयक	डॉ. पंकज कुमार सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, सीडीएम लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
पाठ्यक्रम का उद्घाटन	श्री जी. वी. वी. शर्मा, आईएएस सदस्य सचिव राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भारत सरकार, नई दिल्ली
समापन समारोह के दौरान सम्बोधन	श्री अनिल के सिन्हा, आईएएस (सेवानिवृत्त), सह-अध्यक्ष, यूएनडीआरआर अराइज फिक्की फॉर इंडिया, और फेलो - नीति सलाहकार, एकीकृत पर्वतीय विकास केंद्र (आईसीआईएमओडी), काठमांडू
प्रतिभागियों की कुल संख्या	कुल: 32 (पुरुष-24; महिलाएं - 8)

प्रशिक्षण कार्यक्रम के लक्ष्य और उद्देश्य:

- इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा प्रबंधकों, जो समुदायों पर विनाशकारी घटनाओं के प्रभाव को कम करने की दिशा में कार्य करते हैं, की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए आपदा जोखिम प्रबंधन की आवश्यक और उपयोगी मूलभूत शिक्षा तथा कौशल प्रदान करना है।
- प्रतिभागियों को मुख्य कौशल विकसित करने तथा कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर इंटरैक्टिव व्याख्यानों में भागीदारी के माध्यम से सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने के लिए करना।

परिणाम:

- प्रतिभागी डीडीएमपी तैयार करने तथा उसकी समीक्षा करने में सक्षम हो जाते हैं। प्रतिभागी सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए इन-हाउस प्रशिक्षकों, बाह्य संकाय और पारस्परिक बातचीत के माध्यम से सहकर्मी और समावेशी ज्ञानार्जन का लाभ प्राप्त करते हैं।

विषयगत क्षेत्र:

- जिला आपदा प्रबंधन योजना (डीडीएमपी)- लीगल फ्रेमवर्क और सामुदायिक भागीदारी की भूमिका
- समुदाय आधारित जिला आपदा प्रबंधन योजना

- जोखिम, खतरा, वलनीरेबिलिटी और क्षमता मूल्यांकन-उपकरण और तकनीक
- आपदाओं की रोकथाम: आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 और उसके अनुप्रयोग
- जिला आपदा प्रबंधन योजना (डीडीएमपी) में प्रौद्योगिकी का उपयोग
- संकट संचार और मीडिया प्रबंधन योजना
- आपदाओं में मनो सामाजिक देखभाल और मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना
- जिला स्तर पर डीडीएमपी की तैयारी में चुनौतियां और मुद्दे: एक केस स्टडी
- आपदा पुनर्निर्माण और पुनर्वास योजना
- आपदा प्रतिक्रिया और जोखिम न्यूनीकरण: राज्यों से ज्ञानार्जन/सीख
- प्रभावी योजना और तैयारी के लिए चक्रवातों के प्रबंधन से सीख
- अत्याधुनिक ईओसी: अवधारणा, भूमिका और कार्य
- आपदा जोखिम न्यूनीकरण और योजना के लिए निर्णय समर्थन प्रणाली (भू-स्थानिक प्रौद्योगिकियां)
- आपदा जोखिम न्यूनीकरण और योजना के लिए भुवन जियोपोर्टल पर व्यावहारिक ज्ञान
- आपदा जोखिम न्यूनीकरण: वैश्विक परिप्रेक्ष्य
- डीआरआर के लिए राज्य और जिला स्तर के संस्थानों को मजबूत बनाना: चुनौतियां और अवसर
- विकास योजना में सीसीए और डीआरआर को मुख्यधारा में लाना
- भारतीय शहरों के लिए आपदा प्रतिरोधी शहरी योजना: क्रॉस कटिंग मुद्दे और समाधान
- कोविड-19 का शमन और प्रबंधन: राज्यों के अनुभव और राज्यों की विभिन्न पहलें
- जिला आपदा प्रबंधन योजना (डीडीएमपी) की समीक्षा पर समूह कार्य

प्रख्यात अतिथि वक्ता:

- प्रो. संतोष कुमार, प्रोफेसर, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम), (गृह मंत्रालय, भारत सरकार), ए-विंग, चौथा तल, एनडीसीसी-II भवन, जय सिंह रोड, नई दिल्ली - 110001
- श्री बिष्णुपद सेठी, आईएएस, प्रधान सचिव, राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग, ओडिशा सरकार, भुवनेश्वर, ओडिशा - 751001
- श्री केशवेंद्र कुमार, आईएएस, अपर सचिव, पशु और मत्स्य संसाधन विभाग एवं अपर कार्यकारी निदेशक, राज्य स्वास्थ्य सोसायटी, बिहार सरकार, परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना-800014
- प्रो. अनिल के. गुप्ता, प्रोफेसर, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम), (*गृह* मंत्रालय, भारत सरकार), ए-विंग, चौथा तल, एनडीसीसी-II भवन, जय सिंह रोड, नई दिल्ली - 110001
- डॉ. उमामहेश्वरन राजशेखर, अध्यक्ष, अर्बन रेजिलिएंस, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स (एनआईयूए), प्रथम तल, कोर 4बी इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली -110003

- डॉ. हरीश चंद्र कर्नाटक, वैज्ञानिक/ इंजीनियर - एसएफ और अध्यक्ष, जियोवेब सर्विसेज, आईटी और दूरस्थ शिक्षा (जीआईटी एवं डीएल) विभाग, भारतीय रिमोट सेंसिंग संस्थान (आईआईआरएस), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, भारत सरकार, 4, कालिदास रोड, देहरादून - 248001
- श्री प्रदीप कुमार जेना, आईएएस, अपर मुख्य सचिव, ओडिशा सरकार, ग्रामीण विकास विभाग, विशेष राहत आयुक्त एवं प्रबंध निदेशक, ओएसडीएमए, भुवनेश्वर- 751001
- डॉ. राजन एन. खोबरागड़े, आईएएस, प्रधान सचिव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, केरल सरकार, कमरा नंबर 603, छटा तल, एनेक्स II, सचिवालय, तिरुवनंतपुरम - 695001
- डॉ. जे. राधाकृष्णन, आईएएस, प्रधान सचिव, तमिलनाडु सरकार, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, चौथा तल, फोर्ट सेंट जॉर्ज, सचिवालय, चेन्नई - 600009, तमिलनाडु
- श्री विक्रम देव दत्त, आईएएस, प्रधान सचिव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, कमरा नंबर ए-907, ए विंग, 9वां तल, दिल्ली सचिवालय, आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली - 110 002
- श्री अनिल के. सिन्हा, आईएएस (सेवानिवृत्त), सह-अध्यक्ष, यूएनडीईआरआर एआरआईएसई फिक्की और फेलो-नीति सलाहकार, अंतर्राष्ट्रीय एकीकृत पर्वतीय विकास केंद्र (आईसीआईएमओडी), काठमांडू

5. वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों के लिए सामुदायिक स्तर पर आपदा न्यूनीकरण में प्रौद्योगिकी की भूमिका (01 - 05 फरवरी 2021)

कार्यक्रम का उद्देश्य /लक्ष्य समूह	सरकारी क्षेत्र में कार्यरत वैज्ञानिक
पाठ्यक्रम समन्वयक	श्री अभिराम जी. शंकर, आईएएस उप निदेशक और निदेशक, सीडीएम लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
सह-पाठ्यक्रम समन्वयक	डॉ. पंकज कुमार सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, सीडीएम लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
पाठ्यक्रम का उद्घाटन	श्री अनिल के सिन्हा, आईएएस (सेवानिवृत्त) सह-अध्यक्ष, यूएनडीआरआर एआरआईएसई फिक्की फॉर इंडिया और फेलो - नीति सलाहकार, अंतर्राष्ट्रीय एकीकृत पर्वतीय विकास केंद्र (आईसीआईएमओडी), काठमांडू
समापन सम्बोधन	श्री अभिराम जी. शंकर, आईएएस उप निदेशक और निदेशक, सीडीएम लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
प्रतिभागियों की कुल संख्या	कुल: 37 (पुरुष-34; महिलाएं - 3)

प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य:

- प्रतिभागियों को आपदा न्यूनीकरण के विभिन्न पहलुओं के प्रति संवेदनशील बनाना
- सामुदायिक स्तर पर आपदा न्यूनीकरण को सक्षम करने के लिए विभिन्न उपकरणों और तकनीकों के बारे में जानकारी प्रदान करना
- विभिन्न सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों और एकीकृत आजीविका पर आपदाओं के प्रभावों से अवगत कराना
- सामुदायिक स्तर पर आपदा न्यूनीकरण योजना में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका से अवगत कराना
- आपदा जोखिम न्यूनीकरण (2015-2030) के लिए सतत विकास लक्ष्यों (एसजीडीएस*)* और सेंदई फ्रेम्वर्क के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सुविधा प्रदान करना और समावेशी ज्ञानार्जन को आसान बनाना।

विषयगत क्षेत्र:

- आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर)
- पार्टिसिपेटरी लर्निंग एवं एक्शन (पीएलए)
- समुदाय आधारित आपदा जोखिम न्यूनीकरण (सीबीडीआरएम) योजना
- आपदा न्यूनीकरण में प्रौद्योगिकी की भूमिका
- कार्यालय आपदा प्रबंधन योजना

प्रख्यात अतिथि वक्ता

- श्री सरबजीत सिंह सहोता, आपातकालीन विशेषज्ञ, आपदा जोखिम न्यूनीकरण अनुभाग, यूनिसेफ इंडिया, यूनिसेफ हाउस, 73 लोदी एस्टेट, नई दिल्ली 110 003
- प्रो. संतोष कुमार, प्रोफेसर, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम), (गृह मंत्रालय, भारत सरकार), ए-विंग, चौथा तल, एनडीसीसी-II भवन, जय सिंह रोड, नई दिल्ली - 110001
- प्रो. हरीश सी. पोखरियाल, कार्यकारी निदेशक, स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग, दिल्ली विश्वविद्यालय, 5, कैवेलरी लेन, दिल्ली
- डॉ. अजिंदर वालिया, सहायक प्रोफेसर, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम), (गृह मंत्रालय, भारत सरकार), ए-विंग, चौथा तल, एनडीसीसी-II भवन, जय सिंह रोड, नई दिल्ली - 110001
- श्री विशाल वासवानी, आपातकालीन अधिकारी, यूनिसेफ इंडिया, यूनिसेफ कार्यालय छत्तीसगढ़, 503, सिविल लाइंस, रायपुर - 492001, छत्तीसगढ़

- ब्रिगेडियर कुलदीप सिंह, वरिष्ठ सलाहकार, (आईआरएस और मॉक एक्सरसाइज), राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), भारत सरकार, एनडीएमए भवन, ए-1, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली - 110029
- डॉ. के. शेखर, प्रोफेसर, मनोरोग सामाजिक कार्य विभाग, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और न्यूरो विज्ञान संस्थान (निमहंस), 101. डॉ. एम. वी. गोविंदस्वामी केंद्र, निमहंस, बैंगलोर -560029, भारत
- डॉ. हरीश चंद्र कर्नाटक, वैज्ञानिक/इंजीनियर - एसजी एवं प्रमुख, जियोवेब सर्विसेज, आईटी एंड डिस्टेंस लर्निंग (जीआईटी एंड डीएल) विभाग, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सैंसिंग (आईआईआरएस), इसरो, भारत सरकार, 4, कालिदास रोड, देहरादून- 248001 भारत
- डॉ. सुनील के. अग्रवाल, वैज्ञानिक- एफ, एसईईडी और पीसीपीएम प्रभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार, नई दिल्ली
- श्री पी.एन. राय, आईपीएस (सेवानिवृत्त), माननीय सदस्य, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार, पटना

6. भारतीय प्रशासनिक सेवा/केंद्रीय सिविल सेवा अधिकारियों के लिए इंसिडेंट रेसपांस सिस्टम (24-25 फरवरी 2021)

कार्यक्रम का उद्देश्य/ लक्ष्य समूह	आई.ए.एस./केंद्रीय सिविल सेवाओं के अधिकारी (सचिव/संयुक्त सचिव (डीएम विभाग), जिला मजिस्ट्रेट/उपायुक्त, अपर जिला मजिस्ट्रेट/अपर उपायुक्त, आपदाओं की अधिक आशंका वाले जिलों के सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट)
पाठ्यक्रम समन्वयक	डॉ. मिलिंद डी. रामटेके, आईएएस उप निदेशक, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
सहायक पाठ्यक्रम समन्वयक	डॉ. पंकज कुमार सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, सीडीएम लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
पाठ्यक्रम का उद्घाटन	डॉ. वी. थिरुप्पुगज़, आईएएस अपर सचिव (नीति एवं योजना), राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार, नई दिल्ली
समापन समारोह के दौरान संबोधन	श्री अनिल के. सिन्हा, आईएएस (सेवानिवृत्त) सह-अध्यक्ष, यूएनडीआरआर एआरआईएसई एफआईसीसीआई फार इंडिया और फेलो-नीति सलाहकार, इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (आईसीआईएमओडी), काठमांडू
प्रतिभागियों की कुल संख्या	कुल: 49 (पुरूष- 42; महिलाएं-7)

कार्यक्रम के लक्ष्य और उद्देश्य :

- इंसिडेट रेसपांस सिस्टम के प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य समुदायों पर विनाशकारी घटनाओं के प्रभाव को कम करने के लिए आवश्यक और उपयोगी आधारभूत जानकारी प्रदान करना तथा घटना से निपटने के लिए योजना तैयार करना और कार्रवाई करने का कौशल प्रदान करना है।
- भारत में आपदा प्रबंधन के लिए इंसिडेंट रेसपांस सिस्टम (आईआरएस) का परिचय देना और आपदा प्रबंधन के लिए इंसिडेंट रेसपांस सिस्टम (आईआरएस) के सिद्धांतों, अवधारणाओं, कार्य-प्रणालियों और विशेषताओं से परिचित कराना।
- इंसिडेंट रेसपांस आर्गेनाइजेशन, कर्मचारियों की व्यवस्था और इंसिडेंट सुविधाओं के बारे में जानकारी देना, इंसिडेंट संसाधनों और संसाधन प्रबंधन का महत्व बताना और प्रतिभागियों को आपदाओं के प्रभावी प्रबंधन के लिए आवश्यक उपकरणों और तकनीकों से परिचित कराना।
- प्रतिभागियों को इंसिडेंट रेसपांस सिस्टम की योजना, प्रचालन और लॉजिस्टिक्स अनुभाग के कर्मचारियों के मुख्य कार्यों और इंसिडेंट कार्य योजना के महत्व को समझने में सक्षम बनाना और लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने हेतु कार्रवाई करने के लिए उचित दिशानिर्देश देना और आपदा की घटनाओं के दौरान इंसिडेंट की कमान और नियंत्रण संबंधी कार्यनिष्पादन के बारे में बताना।
- भारत में आपदा की स्थिति में प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न सरकारी विभागों में समन्वय की आवश्यकता और महत्व के विषय में बताना।
- प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण कौशल विकसित करने और मुख्य मुद्दों पर विचार मंथन करने वाले परस्पर संवादात्मक व्याख्यानों में भागीदारी के माध्यम से प्रोएक्टिव रवैया अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना।

परिणाम:

- प्रतिभागी इंसिडेंट रेंसपांस सिस्टम की योजना तैयार करने में सक्षम हो जाते हैं। प्रतिभागी सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए इन-हाउस प्रशिक्षकों, बाहरी संकाय सदस्यों और आपस में वार्तालाप के माध्यम से समूह में और एक साथ शामिल होकर ज्ञानार्जन का लाभ उठायेंगे।

विषयगत क्षेत्र:

- इंसिडेंट रेंसपांस सिस्टम: विषय निर्धारित करना
- इंसिडेंट रेंसपांस सिस्टम: सिद्धांत, अवधारणाएं, विशेषताएं और इनका कार्यान्वयन
- इंसिडेंट रेंसपांस सिस्टम: संगठन, कर्मचारियों की व्यवस्था और सुविधाएं-राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर समन्वय करना
- जिला मजिस्ट्रेट: इंसिडेंट रेंसपांस सिस्टम को लागू करने में भूमिका और चुनौतियां
- इंसिडेंट रेंसपांस सिस्टम: प्रचालन और योजना अनुभागों की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां
- व्यवहार में इंसिडेंट रेसपांस सिस्टम: पंढरपुर (महाराष्ट्र) के वारी क्षेत्र पर केस स्टडी
- इंसिडेंट रेसपांस सिस्टम में इंसिडेंट संसाधन और संसाधन प्रबंधन: लॉजिस्टिक्स अनुभाग की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां
- इंसिडेंट रेंसपांस सिस्टम के तहत संकट के समय संचार व्यवस्था और मीडिया प्रबंधन

- आपदा की स्थिति में कार्य करते समय प्रौद्योगिकी का उपयोग
- व्यवहार में इंसिडेंट रेंसपांस सिस्टम: नासिक कुंभ मेला (महाराष्ट्र) में एकत्रित भीड़ का अनुभव
- ओडिशा में अत्यधिक तेज चक्रवाती तूफान का प्रबंधन-प्रौद्योगिकी का उपयोग, टीम वर्क और पारदर्शिता
- अत्याधुनिक ईओसी: अवधारणा, भूमिका और कार्य
- बड़ी धार्मिक सभाओं का प्रबंधन: प्रयागराज कुंभ मेला, 2019 और नासिक कुंभ मेला, 2015 से प्राप्त अनुभव
- कुंभ मेला प्रयोग: मानव जाति की सबसे बड़ी भीड़ की गतिशीलता का आकलन करना, उसे समझना और प्रबंधन को स्थिति के अनुरूप बनाना उज्जैन में कुंभ मेला 2016 के अनुभव
- कोसी आपदा 2008 के प्रबंधन में इंसिडेंट रेंसपांस सिस्टम को प्रयोग में लाया जाना
- आपदा जोखिम को कम करने और योजना बनाने के लिए जियो-स्पेटियल प्रौद्योगिकी का प्रयोग
- आपदा जोखिम को कम करने और योजना बनाने के लिए भुवन जियोपोर्टल पर व्यावहारिक अभ्यास
- आपदा की स्थिति में कार्य करना और जोखिम कम करना: विभिन्न राज्यों से ज्ञानार्जन

प्रख्यात अतिथि वक्ता:

- डॉ. वी. थिरुप्पुगज़, आईएएस - अपर सचिव (नीति और योजना), राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), भारत सरकार, एनडीएमए भवन, ए-1, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली-110029
- कर्नल विश्वास नरहर सुपाणेकर (सेवानिवृत्त)-निदेशक एवं प्रोफेसर, आपदा प्रबंधन केंद्र, यशवंतराव चव्हाण अकेडमी ऑफ डेवेलपमेंट एडमिनिस्ट्रेशन, राजभवन कॉम्प्लेक्स, बनेर रोड, पुणे-411007
- डॉ. एम. आरिज़ अहमद, आईएएस - प्रधान सचिव, लोक उद्यम विभाग, असम सरकार, ब्लॉक सी, तीसरी मंजिल, असम सचिवालय, दिसपुर, गुवाहाटी-781006
- डॉ प्रवीण गेडम, आईएएस-अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, 9वीं मंजिल, टॉवर-I, जीवन भारती बिल्डिंग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001
- डॉ. आशीष वर्मा-एसोसिएट प्रोफेसर, ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम इंजीनियरिंग, संयोजक, आईआईएससी सस्टेनेबल ट्रांसपोर्टेशन लैब (आईएसटी लैब), सिविल इंजीनियरिंग विभाग, भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बैंगलोर-560012, कर्नाटक
- श्री विजय किरण आनंद, आईएएस- महानिदेशक (स्कूली शिक्षा) और राज्य परियोजना निदेशक (समग्र शिक्षा), उत्तर प्रदेश सरकार, बेसिक शिक्षा निदेशालय, यूपी एजुकेशन फॉर ऑल प्रोजेक्ट बोर्ड, विद्या भवन, निशात गंज, लखनऊ-226007
- श्री आलोक मिश्रा, आईआईएस-उप महानिदेशक, विकास निगरानी और मूल्यांकन कार्यालय, नीति आयोग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001
- डॉ हरीश चंद्र कर्नाटक-वैज्ञानिक/इंजीनियर-एसजी और प्रमुख, जियोवेब सर्विसेज, सूचना प्रोद्योगिकी और दूरस्थ शिक्षा (जीआईटी और डीएल) विभाग, भारतीय रिमोट सेंसिंग संस्थान (आईआईआरएस), इसरो, भारत सरकार, 4, कालिदास रोड, देहरादून- 248001 भारत
- श्री पी.एन. राय, आईपीएस (सेवानिवृत्त)-माननीय सदस्य, द्वितीय तल, पंत भवन, बेली रोड, पटना, बिहार-800001

7. विभिन्न कोर्सों के लिए आपदा प्रबंधन पर इन-हाउस सेंसेटाइज़ेशन मॉड्यूल्स:

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान 95वें फाउंडेशन कोर्स (एफसी), 122वें इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम (आईटीपी), आईएएस फेस-I (बैच), आईएएस फेस-II (2018 बैच), एमसीटीपी फेस-III के 16वें और 17वें दौर के प्रशिक्षु अधिकारियों को संवेदनशील बनाने के लिए आपदा की रोकथाम/प्रभाव कम करने, तैयारी करने और योजना बनाने, प्रतिक्रिया और रिकवरी में बिल्ड बैक बेटर, पुनर्वास और रिकस्ट्रक्शन के संबंध में क्षमता निर्माण करने वाले विभिन्न मॉड्यूल्स शामिल किए गए। फाउंडेशन कोर्स और फेज-I के अधिकारियों को कोविड-19 महामारी के प्रकोप का प्रबंधन करने के लिए देश के प्रयासों में नीतिगत हस्तक्षेप में सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों के साथ-साथ महामारी अधिनियम, 1897, और आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005, जन स्वास्थ्य आपातकालीन प्रबंधन रणनीतियों को लागू करने में गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

ख. कर्मचारियों के कल्याण, क्षमता निर्माण/प्रशिक्षण के लिए की गई पहलों पर जानकारी (इनपुट्स)

1. हिमालयन स्टडी टूर (95वां एफसी) के दौरान वायरलेस कम्यूनिकेशन सेट्स और जीपीएस के संचालन से प्रशिक्षु अधिकारियों को परिचित कराया
2. फेस-I प्रशिक्षु अधिकारियों को एचएएम रेडियो प्रशिक्षण प्रदान किया
3. फेस-I प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए आग से बचाव एवं खोज और बचाव हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया
4. कोविड-19 आदेशों की राज्यवार रिपोजेटरी, प्रतिक्रियाएं और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियां: कोविड 19 के दौरान, सीडीएम ने सीएआरयूएनए (राष्ट्रीय आपदाओं में सहायता पहुंचाने के लिए सिविल सर्विसेज एसोसिएशन) प्लेटफार्म के माध्यम से कोविड-19 के मामलों को कम करने और देश भर में जागरूकता लाने हेतु सर्वोत्तम कार्यप्रणालियां अपनाने के लिए केंद्रीय और नोडल केंद्र बनने में प्रमुख (स्टेलर) की भूमिका निभाई।

ग. केंद्र के प्रकाशन:

1. केस स्टडी बुक ऑन डिज़ास्टर गवर्नेंस इन इंडिया-आईएसएसएन: 978-81-928670-6-9, सीरीज 7, 2021
2. जर्नल ऑन डिजास्टर रेसपांस एंड मैनेजमेंट - आईएसएसएन: 2347-2553, वॉल्यूम-VIII, अंक-1, 2021
3. भारत के सिविल सेवा अधिकारियों के लिए आपदा जोखिम कम करने संबंधी टूलकिट
4. प्रशिक्षण की जरुरतों के मुताबिक पाठयक्रम तैयार किया गया और उपर्युक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रशिक्षु अधिकारियों को वितरित किया गया:

क. आपदा प्रबंधन की मूल बातें
ख. आपदा प्रबंधन की कानूनी रूपरेखा
ग. जिला आपदा प्रबंधन योजना
घ. इंसिडेट रेसपांस सिस्टम
ड. जन स्वास्थ्य आपातकालीन प्रबंधन (कोविड 19)
च. आपदा प्रबंधन में प्रौद्योगिकी की भूमिका
छ. सामुदायिक स्तर पर आपदा के प्रभाव कम करने में प्रौद्योगिकी की भूमिका
ज. जलवायु परिवर्तन: चुनौतियां और प्रतिक्रिया

घ. अनुसंधान/प्रकरण अध्ययन

क. अनुसंधान:

आपदा प्रबंधन केंद्र (सीडीएम) ने निम्नलिखित शोध किए और शोध अध्ययन की अंतिम रिपोर्ट राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन (एनडीएमए) को प्रस्तुत की गई है।

1. केरल बाढ़-2018: बाढ़ के कारणों की जांच और जोखिम कम करने की रणनीति
2. आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में गर्म हवाओं (हीट वेव) का प्रबंधन: गर्म हवाओं (हीट वेव) संबंधी दिशानिर्देशों और कार्य योजनाओं के प्रभाव की जांच

ख. केस स्टडीज

आपदा प्रबंधन केंद्र **(**सीडीएम**)** ने वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान निम्नलिखित केस स्टडी तैयार की**:-**

1. आपदा से निपटने के लिए प्रशिक्षण-वर्ष 2018 में आंध्र प्रदेश में तितली चक्रवात का केस
2. कोविड-19 के प्रभाव को कम करना और उसका प्रबंधन: दिल्ली में अपनायी गई सर्वोत्तम कार्यप्रथाएं
3. कोविड-19 के प्रभाव को कम करना और उसका प्रबंधन: महाराष्ट्र में अपनायी गई सर्वोत्तम कार्यप्रथाएं

बी.एन. युगांधर ग्रामीण अध्ययन केंद्र (बीएनवाईसीआरएस)

केंद्र का विजन

"भूमि, ग्रामीण विकास, कृषि आंदोलन, आजीविका, जेंडर और पंचायती राज के विभिन्न मुद्दों पर प्रशिक्षण, अनुसंधान और नीतिगत विचार-विमर्श के लिए वातावरण तैयार करना और उसको बढ़ावा देने में सहायता करना।"

केंद्र का मिशन

"अधिकारी प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण सामग्री और मैनुअल तैयार करना, अनुसंधान संबंधी अध्ययन कार्य करना, कार्यशालाओं और नीतिगत संगोष्ठियों का आयोजन करना, सहयोगी संगठनों और पेशेवरों के साथ समन्वय स्थापित करना, पत्रिकाओं, शोध पत्रों, रिपोर्टों आदि का प्रकाशन सुनिश्चित

करना और नीति बनाने या उसमें परिवर्तन करने के लिए सरकारी एजेंसियों में अनुसंधान आधारित ज्ञान का प्रसार करना तथा युवा पेशेवरों को देश की सामाजिक आर्थिक वास्तविकताओं से रूबरू कराना।

संदर्भ वर्ष के दौरान केंद्र निदेशक का नाम

श्री एन.के. सुधांशु, आईएएस
(01.04.2020 - 20.12.2020)

सुश्री आनंदी, आईएएस
(21.12.2020 - अब तक)

केंद्र की संक्षिप्त पृष्ठभूमि

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में बी. एन. युगांधर ग्रामीण अध्ययन केंद्र वर्ष 1989 में स्थापना के बाद से ही भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण और नीति निर्माण संबधी सिफारिशों देने के लिए प्रमुख संसाधन/प्रतिष्ठान के रूप में उभरा है। इसे मुख्य रूप से भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निधि आबंटित की जाती है और सहायता की जाती है। वर्तमान में यह भारतीय सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत वैज्ञानिक प्रशिक्षण और अनुसंधान समिति के रूप में पंजीकृत है। अकादमी के निदेशक इस केंद्र के पदेन अध्यक्ष हैं और उन्हें किसी भी संयुक्त निदेशक, उप निदेशक या प्रोफेसर को केंद्र निदेशक के रूप में नियुक्त करने का अधिकार है।

केंद्र भूमि सुधार, भूमि अभिलेख प्रबंधन, भुगतान आधारित रोजगार, सामान्य संपत्ति संसाधन, विस्थापन और पुनर्वास, समकालीन कृषि आंदोलनों, और ग्रामीण विकास, पंचायती राज आदि के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान, प्रशिक्षण और प्रकाशन संबंधी कार्य करता है। यह मुख्य रूप से फाउंडेशन कोर्स के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए ग्रामीण दौरा कार्यक्रम आयोजित करता है। गांव के लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार लाने के लिए उनकी प्राथमिकताओं का आकलन करने हेतु प्रशिक्षु अधिकारियों को पार्टिसिपेटरी रूरल एप्रेजल (पीआरए) तकनीकों पर इनपुट्स दिए जाते हैं। केंद्र प्रशिक्षु अधिकारियों के माध्यम से उनके जिला प्रशिक्षण के दौरान कार्यक्रम तैयार करने और उसकी जांच की प्रक्रिया में भी शामिल रहता है। काश्तकारी, भूमि के सीमा निर्धारण, भूमि अभिलेख, भूमि चकबंदी, बंजर भूमि प्रबंधन, आवासहीनता, गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों सहित ग्रामीण विकास कार्यक्रमों पर डेटा एकत्र किया जाता है और प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा निर्दिष्ट गांवों की सामाजिक-आर्थिक और भूमि सुधार संबंधी रिपोर्ट तैयार करने में उपयोग में लाया जाता है। इन रिपोर्टों के आधार पर केंद्र ने 'भारत में भूमि सुधार' की एक सीरीज और 'ग्रामीण भारत की सामाजिक-आर्थिक रूपरेखा' की तीन सीरीज प्रकाशित की हैं। केंद्र के अन्य प्रकाशनों में पुस्तकें, लेख, शोध पत्र शामिल हैं और सबसे महत्वपूर्ण सेज प्रकाशन, नई दिल्ली से प्रकाशित इस क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा किया जाने वाला जर्नल ऑफ लैंड एंड रूरल स्टडीज है जोकि उपर्युक्त विषयों पर विचारों को प्रकट करने और उनको साझा करने का अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्म है। भूमि प्रशासन और ग्रामीण विकास पर विचारों का नियमित आदान-प्रदान करने हेतु यह केंद्र कार्यशालाएं भी आयोजित कर रहा है।

वर्ष के दौरान गतिविधियाँ

(क) प्रशिक्षण कार्यक्रम

बी.एन. युगांधर ग्रामीण अध्ययन केंद्र अकादमी द्वारा आयोजित फाउंडेशन कोर्स और आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के दौरान सक्रिय रूप से सम्मिलित होता है। इस वर्ष के दौरान केंद्र ने निम्नलिखित प्रशिक्षण गतिविधियां आयोजित की:

(i) आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण- I

- ***लैंड एडमिनिस्ट्रेशन मॉड्यूल:*** वर्ष 2020 बैच के 182 आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों को अकादमिक काउंसिल के सदस्यों (एसीएम) द्वारा अनुमोदित डिजाइन के अनुसार लैंड एडमिनिस्ट्रेशन मॉडयूल वितरित किए गए।

लैंड एडमिनिस्ट्रेशन पर कक्षा सत्र

- ***भूमि सर्वेक्षण पर व्यावहारिक प्रशिक्षण:*** केंद्र ने भारतीय सर्वेक्षण, देहरादून और जिला सर्वेक्षण और सेटलमेंट कार्यालय, देहरादून के साथ समन्वय करते हुए आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम फेस- I (2020 बैच) के लिए 'सर्वेक्षण तकनीकों का परिचय' विषय पर व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में पारंपरिक और आधुनिक सर्वेक्षण साधनों और राजस्व सर्वेक्षण के दौरान उनकी उपयोगिता पर ध्यान केंद्रित किया गया।

भूमि सर्वेक्षण पर प्रशिक्षण पर व्यवहारिक प्रशिक्षण के दौरान फोटोग्राफ

(ii) आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण- II के लिए ग्राम अध्ययन असाइनमेंट

- **ग्राम अध्ययन असाइनमेंट :** ग्राम अध्ययन असाइनमेंट प्रशिक्षण के दूसरे चरण के दौरान आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों को दिए गए जिला प्रशिक्षण असाइमेंट का प्रमुख हिस्सा है। वर्ष के दौरान, केंद्र को 2018-20 बैच के आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों से 182 सामाजिक-आर्थिक और भूमि सुधार रिपोर्टें प्राप्त हुई। इन रिपोर्टों का मौजूदा स्थिति, सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक विश्लेषण एवं गरीबी उन्मूलन संबंधी पहलों की जांच-पड़ताल और मूल्यांकन किया गया। ये मूल्यांकन श्रेष्ठ रिपोर्टों की पहचान करने में मुख्य भूमिका निभाते हैं और बाद में ग्रामीण भारत के सोश्यो-इकोनोमिक प्रोफाइल ऑफ इंडिया के संपादित वॉल्यूम्स में संकलन, संपादन और प्रकाशन के लिए उपयोग में लाए जाते हैं। अब तक इन वॉल्यूम्स की तीन श्रृंखलाएँ प्रकाशित हो चुकी हैं।

ग्राम अध्ययन असाइमेंट का पुरस्कार वितरण

- **देशान्तर अध्ययन:** आईएएस अधिकारी प्रशिक्षुओं (2019-21 बैच) के माध्यम से केंद्र ने तत्कालीन आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा 1990 से 2009 के बीच अध्ययन किए गए गांवों की विधिवत पहचान करते हुए 107 गांवों में अध्ययन किया है। इन अध्ययनों का उद्देश्य पिछले दो/तीन दशकों के दौरान चुनिंदा गांवों में हुई विकास की प्रगति को देखने के लिए किए गए थे। गरीबी, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, भूमि सुधार और पंचायती राज संस्थाओं जैसे विभिन्न मुद्दों को शामिल किया गया। आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों की रिपोर्ट में तुलनात्मक और विश्लेषणात्मक तस्वीर उभर कर सामने आएगी जो मूल रूप से शिक्षाविदों और योजनाकारों के लिए अधिक उपयोगी होगी। इन रिपोर्टों में उल्लिखित सिफोरिशें विभिन्न मंत्रालयों के लिए अपनी विभिन्न योजनाओं की निगरानी और नई विकास योजनाएं बनाने के लिए उपयोगी हैं।

नोट:

फाउंडेशन कोर्स के लिए केंद्र द्वारा नियमित रूप से आयोजित किया जाने वाला ग्राम दौरा कार्यक्रम कोविड-19 के कारण संदर्भ वर्ष के दौरान आयोजित नहीं किया जा सका।

(ख) **अनुसंधान अध्ययन/परियोजनाएं**

क्र.सं.	**शीर्षक**	**स्थिति**
1	महाराष्ट्र के डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड्स माडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) का प्रभाव आकलन	पूर्ण
2	पंजाब में नेशनल जेनेरिक डॉक्युमेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम	पूर्ण

	(एनजीडीआरएस) का प्रभाव आकलन	
3	झारखंड में नेशनल जेनेरिक डॉक्युमेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एनजीडीआरएस) का प्रभाव आकलन	पूर्ण
4	हिमाचल प्रदेश में अनुसूचित जनजाति और अन्य पारंपरिक वनवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम-2006 और संशोधन नियम - 2012 के कार्यान्वयन की स्थिति	जारी है
5	गोवा के डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड्स माडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) का प्रभाव आकलन	जारी है
6	मिजोरम के डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड्स माडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) का प्रभाव आकलन	जारी है
7	लक्षद्वीप के डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड्स माडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) का प्रभाव आकलन	जारी है

(ग) प्रकाशन: वर्तमान और आगामी

क्र.सं.	**शीर्षक**
वर्तमान प्रकाशन (2020)	
1	झारखंड और ओडिशा राज्यों में अनुसूचित जनजातियों और अन्य पारंपरिक वनवासियों (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम - 2006 और संशोधन नियम - 2012 के कार्यान्वयन की स्थिति
आगामी प्रकाशन	
2	छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, त्रिपुरा, तमिलनाडु और पुडुचेरी के डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड्स मार्डनाइजेशन प्रोग्राम का प्रभाव आकलन
3	पंजाब के डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड्स माडर्नाइजेशन प्रोग्राम का प्रभाव आकलन
4	राजस्थान के डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड्स माडर्नाइजेशन प्रोग्राम का प्रभाव आकलन
5	पश्चिम बंगाल के डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड्स माडर्नाइजेशन प्रोग्राम का प्रभाव आकलन
6	केरल के डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड्स माडर्नाइजेशन प्रोग्राम का प्रभाव आकलन
7	मध्य प्रदेश में डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड्स माडर्नाइजेशन प्रोग्राम का प्रभाव आकलन
8	उत्तर प्रदेश के डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड्स माडर्नाइजेशन प्रोग्राम का प्रभाव आकलन

9	कर्नाटक के डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड्स माडर्नाइजेशन प्रोग्राम का प्रभाव आकलन
10	बिहार के डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड्स माडर्नाइजेशन प्रोग्राम का प्रभाव आकलन
11	गुजरात के डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड्स माडर्नाइजेशन प्रोग्राम का प्रभाव आकलन
12	सिक्किम के डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड्स माडर्नाइजेशन प्रोग्राम का प्रभाव आकलन
13	मणिपुर के डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड्स माडर्नाइजेशन प्रोग्राम का प्रभाव आकलन
14	उत्तराखंड के डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड्स माडर्नाइजेशन प्रोग्राम का प्रभाव आकलन
15	हैंड बुक ऑन लैंड सर्वे इन इंडिया
16	सोश्यो-इकोनोमिक प्रोफाइल ऑफ रूरल इंडिया (श्रृंखला IV)

घ) जर्नल ऑफ लैंड एंड रूरल स्टडीज

जर्नल ऑफ लैंड एंड रूरल स्टडीज, विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा की गई पत्रिका, वर्ष 2012 से केंद्र की ओर से सेज पब्लिकेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रकाशित की जा रही है। इसमें भूमि सुधार, भूमि प्रशासन और प्रबंधन, ग्रामीण विकास, ग्रामीण बुनियादी ढांचे और औद्योगीकरण, माइक्रो-वित्त/ऋण, आदि जैसे विषयों पर लेख, नीति का संक्षिप्त विवरण, कार्य के दस्तावेज, पुस्तक समीक्षा आदि और इन क्षेत्रों से संबंधित नीतियां, योजनाएं और कार्यक्रम शामिल हैं। इस जर्नल के पास कमेटी ऑन पब्लिक इथिक्स (सीओपीई) की सदस्यता है। यह प्रिंट (आईएसएसएन: 2321-0249) और ऑनलाइन (आईएसएसएन: 2321-7464) में उपलब्ध है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वर्तमान में इसका सर्कुलेशन लगभग 9546 है। पिछले कैलेंडर वर्ष के दौरान जर्नल प्लेटफॉर्म से जर्नल की पूरी सामग्री के उपयोग और डाउनलोड की संख्या 6,879 रही है।

वर्ष के दौरान जर्नल ऑफ लैंड एंड रूरल स्टडीज के निम्नलिखित खंड और अंक प्रकाशित किए गए हैं:

वॉल्यूम 8 अंक 2 (जुलाई 2020) : इसमें शामिल लेख और पुस्तक समीक्षा निम्नलिखित हैं:

1 क्या भूमि स्वामित्व की अवधि में असुरक्षा का भाव वन आच्छादन परिवर्तन को प्रभावित करता है? बेरहानु केफाले एलेमी और टडेसी अमसालु द्वारा इथियोपिया में गेरजेडा राज्य वन से प्राप्त साक्ष्य

2 फसल बीमा को अपनाने के निर्धारक: ममता सवाईं और बसंती रेणु हेमब्राम द्वारा ओडिशा के बोलांगीर जिले से प्राप्त साक्ष्य

3 ओलोवोयो ओलामाइड अहमद और देजि ओलानिके फ़सिलाट द्वारा दक्षिण पश्चिम नाइजीरिया में कृषि योग्य फसल किसानों में भूमि अधिग्रहण की चुनौतियों के संबंध में लैंगिक भेद

4 प्रियब्रत साहू, दिबाकर साहू और सुभाष चंद्र द्वारा ओडिशा में व्यावसायिक समूहों में ग्रामीण गरीबी में परिवर्तन: सुधार के बाद की अवधि का विश्लेषण

5 बिष्णु प्रसाद महापात्र द्वारा जनजातीय विकास के लिए विकेन्द्रीकृत योजना और पंचायतों की भूमिका: ओडिशा के दो जिलों का अध्ययन

6 बोगा थुरा मनात्शा द्वारा बोत्सवाना में विदेशियों द्वारा भूमि के अधिग्रहण पर विचार-मंथन

7 सचिन चतुर्वेदी की पुस्तक 'द लॉजिक ऑफ शेयरिंग: इंडियन अप्रोच टू साउथ-साउथ कोऑपरेशन' की टाडा प्रभाकर रेड्डी द्वारा समीक्षा।

<u>वॉल्यूम 9 अंक 1 (जनवरी 2021)</u> : इसमें शामिल लेख और पुस्तक समीक्षा निम्नलिखित हैं:

1. भूमि प्रशासन सुधार: घाना में भूमि पंजीकरण प्रणाली के लिए इंस्टीट्यूशनल डिजाइन- सैमुअल बी बिटिर, अपाऊ विलियम्स मिलर और सिंथिया इटबो मुसाह
2. खाद्य असुरक्षा के प्रति परिवारों की संवेदनशीलता के निर्धारक: दक्षिणी इथियोपिया से प्राप्त साक्ष्य- फासिल ईशेतु और एडेम गुये
3. कृषि संबंध, भूमिहीनता और असमानता: अविभाजित कालाहांडी के सिंचित और असिंचित क्षेत्रों की केस स्टडी-राम्या रंजन पटेल
4. भूमि पुनर्वितरण से आगे: भूमि सुधार में प्रबंधन का मामला- मेनार्ड मुसेनडेकवा, मुन्यारडजी टिनारो, रूम्बीडजायी चाकौया और इरेक चाकौया
5. भूमि हड़पने की प्रथा और भारत में आजीविका और खाद्य सुरक्षा के लिए खतरा? एसएएस नगर, पंजाब के एरोसिटी एक्सपेंशन प्रोजेक्ट पर केस स्टडी-थॉमस रॉयटर, सरबजीत सिंह, ए.के. सिन्हा और शालिना मेहता
6. दक्षिण पश्चिमी पठार और पश्चिम बंगाल में हाइलैंड क्षेत्र में जनजातीय लोगों के आजीविका विकल्प और आजीविका सुरक्षा- संदीप सतपति और कौशल कुमार शर्मा
7. भूमि की प्लूरल वैल्यू: अनुभवजन्य जांच सात्विक देव बिश्वास
8. झारखंड में अनुसूचित जनजाति और अन्य पारंपरिक वन निवासी (अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 का कार्यान्वयन: समस्याएं और चुनौतियां-गीतांजय साहू
9. विकेंद्रीकृत नवीकरणीय ऊर्जा और ग्रामीण विकास: ओडिशा के पहले सौर गांव से सबक- चिन्मयी मिश्रा
10. जनजातीय भूमि अधिकार: पश्चिम बंगाल के संदर्भ में स्थितिपरक विश्लेषण-सुदीप्त बिस्वास और सुकुमार पाल

11. के अग्रवाल की पुस्तक 'लैंड रजिस्ट्रेशन: ग्लोबल प्रैक्टिसेज एंड लेसन्स फॉर इंडिया (2019)' की संजीव चोपड़ा द्वारा समीक्षा।
12. संजय चक्रवर्ती और अमितेंदु पलित की पुस्तक 'सीकिंग मिडिल ग्राउंड, लैंड, मार्केट्स एंड पब्लिक पॉलिसी' की पाचा मलयाद्री द्वारा समीक्षा।

नेशनल जेंडर और चाइल्ड सेंटर

नेशनल सेंटर फॉर जेंडर ट्रेनिंग, प्लानिंग एंड रिसर्च, (नेशनल जेंडर और चाइल्ड सेंटर) 1993 में स्थापित किया गया था और 1998 में सोसायटी अधिनियम 1860 के तहत सोसायटी के रूप में पंजीकृत हुआ।

इस केंद्र का मुख्य लक्ष्य सरकार में नीतिगत मामलों, कार्यक्रम निर्धारण और क्रियान्वयन में जेंडर तथा बाल अधिकारों को मुख्य धारा से जोड़ना ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पुरुष, महिला तथा बच्चों का समान विकास हो। यह केंद्र पाठ्यक्रमों और जागरूकता कार्यशालाओं के माध्यम से जेंडर तथा बाल अधिकारों के बारे में इंडक्शन स्तर पर सिविल सेवकों को सेवाकालीन प्रशिक्षण देता है। अकादमी के नियमित कार्यक्रमों के अलावा केंद्र विषय विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा सम्मेलनों के आयोजन में एमडब्ल्यूसीडी, एनसीडब्ल्यू, एनसीपीसीआर, यूनिसेफ, यूएन-विमेन, यूएनडीपी, यूएनएफपीए, आईएफपीआरआई जैसी एंजसियों और जागोरी, मजलिस, टीआईएसएस आदि जैसी सिविल सोसाइटियों और शैक्षणिक संस्थानों से भी जुड़ा हुआ है।

- डॉ. संजीव चोपड़ा, अध्यक्ष, नेशनल जेंडर और चाइल्ड सेंटर, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
- मेजर दिशा पन्नू, कार्यकारी निदेशक, नेशनल जेंडर और चाइल्ड सेंटर, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
- डॉ अनुपम तलवार, उप कार्यकारी निदेशक, नेशनल जेंडर और चाइल्ड सेंटर, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी

1. नीति निर्माताओं के लिए जेंडर इनक्लूसिव गर्वनेंस पर दो ई-आईटीईसी-कार्यशालाएं 12-13 नवंबर, 2020 और 17-18 फरवरी 2021 को आयोजित की गईं:-

उपर्युक्त कार्यशालाओं के लक्ष्य और उद्देश्य निम्नलिखित थे: -

- शासन को जेंडर समावेशी बनाने में पेश आने वाली चुनौतियों के महत्व और उसपर बातचीत और चर्चा करने के लिए आईटीईसी देशों के वरिष्ठ नीति निर्माताओं को मंच उपलब्ध कराना।
- इस लक्ष्य को प्राप्त करने के तरीकों और साधनों पर विचार-मंथन करना।

कार्यक्रम समन्वयक	सुश्री अलंकृता सिंह, आईपीएस, कार्यकारी निदेशक (12-13 नवंबर 2020)

	श्री विद्या भूषण, आईएएस, कार्यकारी निदेशक (17-18 फरवरी 2021)
एसोसिएट कार्यक्रम समन्वयक	सुश्री अंजलि एस. चौहान
प्रतिभागियों की संख्या	कुल: 50 (पुरूष: 18; महिलाएं: 32) कुल: 114 (पुरूष: 34; महिलाएं: 80)
कार्यक्रम का उद्घाटन	डॉ. संजीव चोपड़ा, आईएएस, निदेशक, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी श्री राम मोहन मिश्रा, आईएएस, सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार

प्रख्यात अतिथि वक्ता:

- डॉ. जितेंद्र सिंह, माननीय केंदीय राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन, नई दिल्ली
- श्री अखिलेश मिश्रा, अपर सचिव, डेवलपमेंट पार्टनरशिप एडमिनिसट्रेशन (डीपीए), विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली
- डॉ. गीति चंद्रा, एसोसिएटेड स्कॉलर, रेकजाविक, आइसलैंड
- सुश्री दिव्या वर्मा, लीड्स, आजीविका ब्यूरोज पॉलिसी
- डॉ मनीषा प्रियम, एसोसिएट प्रोफेसर, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ़ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन, मानव संसाधन विकास मंत्रालय
- श्रीमती उमा महादेवन, आईएएस, प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, कर्नाटक सरकार
- श्री राघव चंद्र (सेवानिवृत्त आईएएस)
- श्री गौतम भान, सीनियर लीड - एकेडमिक्स एंड रिसर्च, इंडियन इंस्टीट्यूट फॉर ह्यूमन सेटलमेंट्स, बेंगलुरु
- श्रीमती विनी महाजन, मुख्य सचिव, पंजाब सरकार
- सुश्री मोनिका धामी, आईआरएस, उप निदेशक (वरिष्ठ) लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी

2. एडमिनिस्ट्रेटर का विशेष अंक: नेशनल जेंडर और चाइल्ड सेंटर ने 2020 में जेंडर रिस्पॉन्सिव गवर्नेंस में योगदान के 25 साल पूरे किए। "*एडमिनिस्ट्रेटर* " के रजत जयंती विशेष अंक में (लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी का जर्नल) केंद्र के 25 वर्ष के कार्यकाल और 2018 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा महिला और बाल अधिकारों पर प्रस्तुत किए गए शोध निबंधों को प्रकाशित किया गया।

3. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, 2021 के अवसर पर वेबिनार :-

कार्यक्रम समन्वयक	मेजर दिशा पन्नू, कार्यकारी निदेशक
एसोसिएट कार्यक्रम समन्वयक	• डॉ. अनुपम तलवार, उप कार्यकारी निदेशक • सुश्री अंजलि एस.चौहान, एसोसिएट प्रोफेसर
प्रतिभागियों की संख्या	कुल: 27 (पुरुष: 5; महिलाएं: 22)
कार्यक्रम का उद्घाटन	माननीय मंत्री श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार

कार्यक्रम का लक्ष्य और उद्देश्य

नेशनल जेंडर और चाइल्ड सेंटर, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, 2021 के अवसर पर "नेतृत्व में महिलाओं की भूमिका: कोविड -19 की दुनिया में भविष्य में समान अवसरों प्राप्ति" विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। यह वेबिनार देश भर की सभी महिला जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षकों के लिए था जिन्होंने हमारे फ्रंट-लाइन कार्यकर्ताओं के साथ कोविड-19 के विरुद्ध अभियान का नेतृत्व किया था। वेबिनार का उद्देश्य न केवल अधिकारियों को अपने अनुभव और यात्रा साझा करने हेतु मंच प्रदान करना था बल्कि चुनौतियों से प्राप्त उनके अनुभवों को सामने लाना और महिलाओं को परस्पर सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाना था। वेबिनार का आयोजन 11 मार्च, 2021 को किया गया था, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के दौरान महिला नेतृत्वकर्ताओं की सर्वोत्तम कार्यप्रथाओं और प्रेरक अनुभवों को साझा करना था। इस संबंध में यह एक चर्चा थी जिसमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा के प्रभाव, कार्यबल की भागीदारी और संसाधनों तक पहुंच, प्रतिभागियों द्वारा अनुभव-साझा करने एवं जेंडर की दृष्टि से कोविड-19 महामारी का फिर से अवलोकन करने तथा हमारे फ्रंट लाइन वर्करों के साथ कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई और इस चुनौती से निपटने में महिला डीएम और एसपी के अनुभव और उनके सामने देश आने वाली चुनौतियां शामिल थी। उद्घाटन भाषण माननीय मंत्री श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी, माननीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास तथा वस्त्र मंत्रालय द्वारा दिया गया।

प्रख्यात अतिथि वक्ता:

- सुश्री हेफ़सिबा रानी कोरलापति, आईएएस, प्रबंध निदेशक (एमडी), बेंगलुरु स्मार्ट सिटी लिमिटेड
- श्रीमती दिव्या मित्तल; आईएएस, डीएम और कलेक्टर, संत कबीर नगर
- सुश्री ख्याति गर्ग, आईपीएस, डीसीपी पुलिस कमिश्नरेट, लखनऊ
- श्रीमती सिंधु बी रूपेश, आईएएस, जिला कलेक्टर, दक्षिण कन्नड़ जिला
- श्रीमती अमृता सिन्हा, आईपीएस, एसपी, चूड़ाचांदपुर
- श्रीमती वर्नाली डेका, आईएएस, उपायुक्त, गोलपारा
- श्रीमती आदिला अब्दुल्ला, आईएएस, जिला मजिस्ट्रेट, वायनाड
- सुश्री प्रीति प्रियदर्शिनी, आईपीएस, एसएसपी, नैनीताल और एसपी, पिथौरागढ़

सार्वजनिक प्रणाली प्रबंधन केंद्र, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी

सार्वजनिक प्रणाली प्रबंधन केंद्र एक सोसायटी है जिसका पंजीकृत कार्यालय लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में है। यह प्रासंगिक क्षेत्रों में अनुसंधान करता है; संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, परामर्श संबंधी सेवाएं और अन्य गतिविधियों का आयोजन करता है। यह आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों और मिड-करियर प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रतिभागी सिविल सेवकों के साथ-साथ संबंधित क्षेत्रों में अन्य हितधारकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करता है और प्रशिक्षण प्रदान करता है। यह दुनिया के किसी भी हिस्से में शैक्षिक और अन्य संस्थानों के संकाय सदस्यों विद्वानों के ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए सहयोग/समझौता करता है। यह नीतिगत पहल या नीति परिवर्तन हेतु संबंधित मंत्रालय या सरकारी एजेंसी को आवश्यक डेटासेट, विचार, अनुभव उपलब्ध कराता है।

अप्रैल, 2020 से मार्च, 2021 के दौरान की गई संगोष्ठियां

1. आईएमएफ और एसएआरटीटीएसी के सहयोग से भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के लिए चयनित मैक्रो इकोनॉमिक मुद्दे

दिनांक: 10-8-2020 से 14-8-2020 (5 दिन)

समन्वयक: सुश्री मोनिका धामी

भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के लिए चयनित मैक्रो इकोनॉमिक मुद्दों पर वर्चुअल प्रशिक्षण 10 अगस्त 2020 से 14 अगस्त 2020 तक दक्षिण एशिया क्षेत्रीय प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता केंद्र (एसएआरटीटीएसी) के सहयोग आयोजित किया गया। इस केंद्र को भारत सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के सहयोग से स्थापित किया गया है।

पूरे देश से कुल मिलाकर 52 प्रतिभागी शामिल हुए। मॉड्यूल में प्रमुख नीति संबंधी मुद्दों जैसे मैक्रो इकॉनॉमिक अकाउंट्स और आपसी संबंध, कोविड-19 के कारण भारत में समग्र मांग और आपूर्ति पर प्रभाव, आंतरिक और बाहरी संतुलन और नीति कार्यान्वयन, राजकोषीय और मौद्रिक नीति और भारत में मैक्रो इकॉनॉमिक स्थिरीकरण, वित्तीय जोखिम मूल्यांकन और सार्वजनिक ऋण स्थिरता, भारत में राजकोषीय नीति के कार्यान्वयन में बाधाएं, भारत में मौद्रिक और वित्तीय क्षेत्र में सुधार, मैक्रो-फाइनेंशियल संबंध, भारत में कोविड से विकास में धीमी गति, इसके निदान और उपाय संबंधी विचार-विमर्श के उपरांत पैनल चर्चा शामिल रही।

2. आईएमएफ, एसएआरटीटीएसी और वित्तीय मामले विभाग के सहयोग से राज्य वित्त सचिवों के लिए सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन पर संगोष्ठी

दिनांक: 31-8-2020 से 4-9-2020 (5 दिन)

समन्वयक: सुश्री मोनिका धामी

अकादमी ने दक्षिण एशिया क्षेत्रीय प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता केंद्र (एसएआरटीटीएसी) के सहयोग से 31 अगस्त 2020 से 4 सितंबर 2020 तक राज्य वित्त सचिवों के लिए सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन पर पांच दिवसीय वर्चुअल प्रशिक्षण आयोजित किया। इस केंद्र को भारत सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और वित्तीय मामले विभाग के सहयोग से स्थापित किया गया है।

पूरे देश से कुल मिलाकर 62 प्रतिभागी शामिल हुए। मॉड्यूल में प्रमुख नीति संबंधी मुद्दों जैसे कि सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन में सामने आते रुझान, भारत में राजकोषीय पारदर्शिता और रिपोर्टिंग को बढ़ाना, सार्वजनिक निवेश प्रबंधन और कोविड-19 के परिणामस्वरूप वैश्विक अर्थव्यवस्था में परिवर्तन पर विचार-विमर्श और उसके उपरांत पैनल चर्चा शामिल रही।

फूड प्लेनेट और स्वास्थ्य केंद्र

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने अकादमी के सार्वजनिक प्रणाली प्रबंधन केंद्र के साथ साझेदारी से वर्ष 2019 में फूड प्लेनेट और स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की थी।

केंद्र का मुख्य उद्देश्य सिविल सेवकों में समग्र रूप से विचार करने और कार्य करने की क्षमता पैदा करना तथा लोगों और प्लेनेट दोनों के लिए हितकारी खाद्य नीतियां और क्रियाकलापों को बढ़ावा देना है। केंद्र जागरूक करने वाली कार्यशालाओं के माध्यम से दीर्घकालिक खाद्य प्रणालियों, खाद्य सुरक्षा, पोषण और जन स्वास्थ्य पर इंडक्शन लेवल के साथ-साथ सेवाकालीन स्तर पर सिविल सेवकों को प्रशिक्षण प्रदान करने का कार्य कर रहा है तथा कोर्सों में विस्तृत प्रशिक्षण मॉड्यूल्स को सम्मिलित कर रहा है।

केंद्र की कार्यकारी निदेशक: सुश्री मोनिका धामी

वर्ष 2020-2021 के दौरान की गई गतिविधियां

लक्ष्य समूह:	आई.ए.एस. व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण- II (2018 बैच) के प्रशिक्षु अधिकारी
कार्यक्रम समन्वयक:	सुश्री पी अमुधा, आईएएस
विशेषज्ञ:	सुश्री पी अमुधा, आईएएस सुश्री इनोशी शर्मा, निदेशक, एफएसएसएआई डॉ. शिखा शर्मा, पोषण-विशेषज्ञ डॉ. स्वाति भारद्वाज, सलाहकार, एफएसएसएआई डॉ. जोशिता लांबा, सलाहकार, एफएसएसएआई
प्रतिभागियों की संख्या:	185

कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं

सेंटर फॉर फूड, प्लेनेट एंड हेल्थ द्वारा 22 जुलाई 2020 को ऑनलाइन मोड के माध्यम से आईएएस प्रोफेशनल कोर्स फेज-II के अधिकारी प्रशिक्षुओं के लिए 'ईट राइट इंडिया' को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को भारतीय खाद्य सुरक्षा और

मानक प्राधिकरण की व्यापक रूपरेखा, ऑर्गेनोग्राम और 'ईट राइट इंडिया' पहल के सामूहिक प्रयास के बारे में समझाना था। यह तीन सुरक्षा स्तंभों पर आधारित है; यदि यह सुरक्षित नहीं है, तो यह भोजन नहीं है; स्वास्थ्य; भोजन में केवल स्वाद ही नहीं, बल्कि शरीर और मन के लिए पोषण भी होना चाहिए; और स्थिरता; भोजन लोगों और प्लेनेट दोनों के लिए अच्छा होना चाहिए, इसलिए एफएसएसएआई ने लोगों में स्वस्थ जीवन और खान-पान की अच्छी आदतों को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया है। अच्छी और स्वस्थ जीवनशैली के लिए पोषण संबंधी टिप्स साझा किए गए। देश में स्वास्थ्य, पोषण और खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए नेटप्रोफैन (NetProFan) पर चर्चा की गई। इसके अलावा, खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के प्रभावी प्रवर्तन और राज्य स्तर पर उनके नियमों, इसे लागू करने में सामने आने वाली चुनौतियों और सही खान-पान के बारे में विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा की गई पहलों के बारे में बताया गया। खाद्य सुरक्षा और पोषण के संबंध में प्रतिभागियों के मन में जो अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न थे, उनका भी सत्र के दौरान निराकरण किया गया।

74वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सेंटर फॉर फूड, प्लैनेट एंड हेल्थ के निदेशक ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के जवानों का अभिनंदन किया और उन्हें स्वस्थ और फिट रखने में मदद करने के लिए 78 साइकिलें दी।

केंद्र द्वारा कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों से पीपीई किट, मास्क और सैनिटाइज़र का निर्माण करने वाली इकाइयों के प्रमुखों और आपूर्तिकर्ताओं से यह जानकारी एकत्र की गई कि क्या वे देश की दैनिक आवश्यकताओं के अनुसार उत्पादन करने में सक्षम हैं। इसके परिणाम संतोषजनक रहे।

केंद्र द्वारा हेल्पलाइन नंबरों की सूची (मास्टर टेबल) यह जानने के लिए तैयार गई कि कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपने लोगों की मदद किस प्रकार कर रहे हैं।

16 दिसंबर, 2020 को ईट राइट इंडिया पर अतिथि वार्ता

लक्ष्य समूह:	95वें फाउंडेशन कोर्स के प्रशिक्षु अधिकारी
कार्यक्रम समन्वयक:	सुश्री मोनिका धामी
विशेषज्ञ:	सुश्री ऋजुता दिवेकर, लेखक और पोषण विशेषज्ञ
प्रतिभागियों की संख्या:	428

कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं

सेंटर फॉर फ़ूड, प्लैनेट एंड हेल्थ ने दिनांक 16 दिसंबर, 2020 को भारत के शीर्ष पोषण विशेषज्ञ में से एक और स्वास्थ्य एवं खान-पान पर कई बेस्टसेलिंग पुस्तकों की लेखिका सुश्री ऋजुता के साथ अतिथि वार्ता (गेस्ट टॉक) का आयोजन किया। उन्होंने 'ईट राइट इंडिया' विषय पर बात की और इस सत्र का उद्देश्य 95वें फाउंडेशन कोर्स के 428 प्रशिक्षु अधिकारियों के बीच 'ईट राइट इंडिया' अभियान व दैनिक जीवन में उचित पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना और लोगों एवं प्लेनेट दोनों के लिए पौष्टिक भोजन संबंधी नीतियों और कार्यों को बढ़ावा देना था। सुश्री ऋजुता दिवेकर ने पौष्टिक, गुणकारी

और दीर्घकालिक खान-पान की रेसिपी पर चर्चा करते हुए अपना संबोधन आरंभ किया। इसमें मौसमी, पारंपरिक और स्थानीय चाजें शामिल थी। इसके अतिरिक्त उन्होंने भोजन, स्वास्थ्य और कल्याण के विषय में स्वदेशी ज्ञान पर चर्चा की और बताया कि स्वदेशी भाषाओं में उपलब्ध इस जानकारी को खोजना कितना अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि पौष्टिक भोजन की स्थानीय भाषा में एक अलग पहचान है और जितना अधिक हम उन स्वदेशी भाषाओं का संरक्षण करते हैं, उतना ही हम पौष्टिक खान-पान की ओर बढते हैं। यदि भोजन पोषक तत्वों से भरपूर है, उसको आपके क्षेत्र में पैदा किया गया है, गुणकारी और दीर्घकालिक है तो वह सुपर फूड की श्रेणी में आता है और उन्होंने उल्लेख किया कि हमेशा ऐसे भोजन की तलाश करनी चाहिए जो चिकित्सा की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो। उन्होंने 5 ऐसे आम मिथकों को भी खारिज किया जो हमारे भोजन के जुड़े हुए हैं और सही खान-पान पर तीन बिन्दुओं की चर्चा की जिसमें (i) बैठकर भोजन करना (ii) भोजन के समय बात न करना (iii) भोजन आराम से करना शामिल है।

वार्ता के बाद प्रश्नोत्तर सत्र हुआ, जिसमें प्रशिक्षु अधिकारियों को सुश्री दिवेकर के साथ व्यक्तिगत रूप से बातचीत करने और स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला। वार्ता से काफी जानकारी प्राप्त हुई और प्रशिक्षु अधिकारियों को उचित खान-पान, सुपर फूड के बारे में जानकारी मिली और भ्रांतियों को दूर कर ने में सहायता मिली।

3 मार्च 2021 को खाद्य सुरक्षा- एक साझा जिम्मेदारी पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम

लक्ष्य समूह:	आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण-I (2020 बैच) के प्रशिक्षु अधिकारी
कार्यक्रम समन्वयक:	सुश्री मोनिका धामी
विशेषज्ञ:	सुश्री पी अमुधा, संयुक्त सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय
प्रतिभागियों की संख्या:	179

कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं

इस केन्द्र ने दिनांक 04 मार्च, 2021 को अकादमी में खाद्य सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया। सुश्री पी अमुधा, आईएएस, संयुक्त सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय और पूर्व खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने खाद्य सुरक्षा पर बहुत ही व्यावहारिक और उपयोगी व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का आरंभ अलग और अभिनव तरीके से हुआ, जिसमें आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों को वेबसाइट के माध्यम से खाद्य सुरक्षा पर कुछ बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए। ओरिएंटेशन में तमिलनाडु का उदाहरण देकर एफएसएसएआई द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर और खाद्य सुरक्षा विभागों द्वारा राज्य स्तर पर आयोजित की गई खाद्य सुरक्षा गतिविधियों से परिचित कराया गया। खाद्य सुरक्षा में उनके अमूल्य अनुभव ने प्रशिक्षु अधिकारियों को बेहतर नजरिये से चीजों को देखने और खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के रूप में कानूनी प्रावधानों, भोजन से जुड़े जोखिमों और एफएसएसएआई की भूमिका और भोजन से जुडी आदतों के संबंध में सामाजिक और व्यवहारिक परिवर्तन को बढ़ावा देने में सक्षम बनाया। इसके बाद प्रश्न उत्तर सहित वार्तालाप सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दिया गया।

12 मार्च 2021 को 'ईट राइट इंडिया' पर जागरूकता कार्यक्रम

लक्ष्य समूह:	17वें मिड-करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम चरण-III के आईएएस अधिकारी
कार्यक्रम समन्वयक:	सुश्री मोनिका धामी
विशेषज्ञ:	सुश्री ऋजुता दिवेकर
प्रतिभागियों की संख्या:	70

कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं

अकादमी में दिनांक 12 मार्च 2021 को एफएसएसएआई की पहल पर ईट राइट इंडिया (Eat Right India) जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत के अग्रणी खेल विज्ञान व पोषण विशेषज्ञ और दुनिया के सबसे अधिक फॉलो किए जाने वाले पोषण विशेषज्ञों में से एक सुश्री ऋजुता दिवेकर ने सत्र को संबोधित किया। उन्होंने स्वस्थ शरीर और मस्तिष्क के लिए पारंपरिक खाद्य ज्ञान और आधुनिक पोषण विज्ञान के सामंजस्य पर जोर दिया, जिससे 'ईट लोकल थिंक ग्लोबल' का मंत्र परिलक्षित हुआ। उन्होंने 5 शीर्ष खाद्य पदार्थों जैसे केला, मेवा, चावल, घी और घर के बने अचार पर अपने विचार साझा किए जो सभी को अपने आहार में शामिल करना चाहिए ताकि मस्तिष्क संतुलित तरीके से कार्य करे और मोटापा न बढ़े तथा पानी के सेवन और व्यायाम पर उनकी सलाह अपने आप में जागरूकता पैदा करने वाली (eye opener) थी। प्रश्न-उत्तर के माध्यम से वार्तालाप सत्र आयोजित किया गया जिसमें उन्होंने प्रतिभागियों को भोजन के सेवन और पोषण के प्रभावी प्रबंधन की आवश्यकता पर मार्गदर्शन किया, उनकी समस्याओं का निराकरण किया और अपने आप को स्वस्थ बनाने के लिए भोजन की आदतों में बदलाव करने और नीति निर्माण पर विचार साझा किए।

क्लब और सोसाइटियां

अकादमी में प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षु अधिकारियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है। क्लब और सोसाइटियों के माध्यम से प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा विभिन्न इंडोर और आउट डोर कार्यकलाप आयोजित किए जाते हैं। इनका संचालन निदेशक नामिति के समग्र दिशानिर्देशन में प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा स्वयं ही किया जाता है। क्लब और सोसाइटियों की गतिविधियां स्व-अभिव्यक्ति और विकास के लिए प्रशिक्षु अधिकारियों को एक श्रेष्ठ माध्यम उपलब्ध कराती हैं। अपने सृजनात्मक कार्यों के माध्यम से प्रशिक्षु अधिकारी ऐसे कार्यकलाप आयोजित करते हैं जो मनोरंजन ही प्रदान नहीं करते बल्कि अकादमी के परिसरीय जीवन को भी समृद्ध करते हैं। सभी प्रशिक्षु अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे कार्यकलापों में सक्रिय रूप से भाग लें और सुविधाओं का सदुपयोग करें। क्लबों और सोसाइटियों के पदाधिकारियों का चुनाव प्रशिक्षु अधिकारियों में से ही किया जाता है किन्तु क्लब और सोसाइटियों के कार्यकलाप सभी प्रशिक्षु अधिकारियों के सहयोग और सहायता से चलाए जाते हैं। निदेशक नामिति/निदेशक सह नामिति क्लबों और सोसाइटियों के संचालन में और उनके द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों के आयोजन में आवश्यक दिशानिर्देश और सहायता देते हैं। संकाय सदस्य और उनके परिवार के सदस्यों को ऐसे सभी कार्यकलापों में प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाता है। उनके कार्यकलापों को चलाने के लिए क्लबों और सोसाइटियों को वार्षिक और द्वि-वार्षिक अनुदान दिए जाते हैं जिसे वे सदस्यता शुल्क के माध्यम से प्राप्त करते हैं। निदेशक के मूल्यांकन के भाग के रूप में पाठ्यक्रम के अंत में क्लबों तथा सोसाइटियों की गतिविधियों में भागीदारी का मूल्यांकन किया जाता है। क्लबों और सोसाइटियों के उद्देश्यों और गतिविधियों के संबंध में एक संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है।

साहसिक खेल क्लब

- *समिति का गठन : 1 सचिव और 3 सदस्य*
- *निदेशक नामिति: डॉ. मिलिन्द रामटेके, उप निदेशक*

उद्देश्य

विभिन्न साहसिक खेलों का आयोजन करके प्रशिक्षु अधिकारियों के बीच साहस की भावना को उत्पन्न करना। क्रॉस कंट्री दौड़, घुड़सवारी प्रदर्शन, रिवर राफ्टिंग, पर्वतारोहण, रॉक क्लाइंबिंग, हैंग ग्लाइडिंग, पैरासेलिंग आदि जैसे साहसिक खेलों का समय-समय पर आयोजन करना।

गतिविधियां

साहसिक खेल क्लब का उद्देश्य प्रशिक्षु अधिकारियों के बीच साहसिक खेलों के प्रति उत्साह को बनाए रखना और उसको बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन करना है। इस लक्ष्य को

प्राप्त करने के लिए, क्लब द्वारा आयोजित पहली गतिविधि **"नाग टिब्बा का ट्रेक"** थी। यहां प्रशिक्षु अधिकारियों ने कुछ संकाय सदस्यों के साथ 3022 मीटर की ऊंचाई पर हिमालय के नीचले भाग की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने में अपनी सहनशीलता का परीक्षण किया। साहस और मनोरंजन दोनों प्रकार का अनुभव प्रदान करने के लिए, क्लब ने **"पेंट-बॉल"** कार्यक्रम भी आयोजित किया। कोविड-19 और यात्रा प्रतिबंधों के कारण, क्लब ने दो इनडोर कार्यक्रम आयोजित किए। पहला आयोजन **"पोकर"** प्रतियोगिता थी, इस खेल में गणितीय आधार पर बेहतर निर्णय लेकर भाग्य के प्रभाव को कम किया जा सकता है। दूसरा इनडोर आयोजन **"स्पोर्ट्स क्विज़"** था, जिसमें साहसिक खेलों पर विशेष ध्यान दिया गया था।

ललित कला सोसाइटी

- *समिति का गठन: 1 सचिव और 5 सदस्य*
- *निदेशक नामिति: सुश्री आनंदी, उप निदेशक*

उद्देश्य

ललित कला एसोसिएशन ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यापक विविधता के माध्यम से प्रशिक्षु अधिकारियों को एक सूत्र में पिरोया जो समूह प्रतिभागिता पर आधारित थी। एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रमों ने प्रशिक्षु अधिकारियों में मैत्री-भाव को प्रोत्साहित किया तथा धर्म एवं भाषा की सीमाओं से आगे बढ़कर एकता का परिचय दिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों से अनेक प्रशिक्षु अधिकारियों को उनके रचनात्मक पक्ष को उजागर करने का अवसर मिला। ललित कला एसोसिएशन विभिन्न विजिटिंग कलाकारों तथा समूहों के कार्यक्रमों का आयोजन करने में भी सक्रिय रूप से शामिल रही। ललित कला एसोसिएशन ने भारतीय वोकल म्यूजिक, गिटार तथा ड्रम के लिए पाठ्येत्तर मॉड्यूल्स भी आयोजित किए।

गतिविधियां

फाउंडेशन कोर्स के दौरान सोसाइटी ने श्री ए.के. सिन्हा एकांकी नाटक प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

कंप्यूटर सोसाइटी

- *समिति का गठन : 1 सचिव और 4 सदस्य*
- *निदेशक नामिति: श्री विनोद कुमार तनेजा, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक*

उद्देश्य

अनौपचारिक और मैत्रीपूर्ण तरीके से प्रशिक्षु अधिकारियों में कंप्यूटर की जानकारी और कौशलता को बढ़ाना। ऑन लाइन गेम्स, कंप्यूटर प्रश्नोत्तरी, प्रस्तुति और अन्य प्रतिस्पर्धाओं जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजित करके प्रशिक्षु अधिकारियों के बीच रूचि और जागरूकता उत्पन्न करना। प्रशिक्षण के दौरान

प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ-साथ अकादमी के लिए महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर/कोडिंग का विकास करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ प्रशिक्षु अधिकारियों को प्रेरित करना।

इंडिया डे, फेट आदि जैसे कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए अन्य क्लबों और सोसाइटियों को सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी सहायता प्रदान करना।

आई.ए.एस. व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण- I (2019 बैच) (9 दिसंबर, 2019 से 8 मई, 2020):

निदेशक नामिति: श्री विद्या भूषण, उप निदेशक

1. श्री रिजवानबाशा शेख - सचिव
2. श्री राहुल कृष्ण शर्मा - सदस्य
3. श्री शाहिद मोहम्मद अब्दुल - सदस्य
4. सुश्री मनीषा राणा - सदस्य
5. सुश्री प्रणता ऐश्वर्या - सदस्य

गतिविधियां

- प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए काउंटर स्ट्राइक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया
- प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए ऑनलाइन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

95वां फाउंडेशन कोर्स (12 अक्टूबर से 18 दिसंबर, 2020/ 20 अश्विन से 27 अग्रहायण, शक 1942):

निदेशक नामिति: श्री विद्या भूषण, उप निदेशक

1. सुश्री राम्या आर. - सचिव
2. श्री अभिषेक ओसवाल - सदस्य
3. श्री सचिन हनमप्पा नाडागड्डी - सदस्य
4. श्री सुल्तान अब्दुल्ला - सदस्य
5. श्री सुमित कुमार कार - सदस्य
6. सुश्री दीपिका एस. - सदस्य
7. श्री कुमार बिवारंजन - सदस्य
8. श्री पंकज रसगनिया - सदस्य
9. श्री माधव गीते - सदस्य
10. श्री अंशुमन कामिला - सदस्य

गतिविधियां:

प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए ITWiZ प्रश्नोत्तरी और वोकल फॉर लोकल कार्यक्रमों का आयोजन किया गया

आई.ए.एस. व्यावसायिक पाठयक्रम चरण-I (2020 बैच) (21 दिसंबर 2020 से 26 मार्च 2021/30 अग्रहायण, शक 1942 से 5 चैत्र, 1943):

निदेशक नामिति: श्री विनोद कुमार तनेजा, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक

1. श्री कुमार विश्वरंजन - सचिव
2. श्री आशीष कुमार - सदस्य
3. श्री प्रखर सिंह - सदस्य
4. श्री मकरंदु मांडा - सदस्य
5. सुश्री अदिति सिंह - सदस्य
6. श्री वेदभूषण - सदस्य
7. श्री निकस कुमार - सदस्य

गतिविधियां:

- श्री सिद्धार्थ माधव द्वारा इंटरनेट ऑफ थिंग्स पर व्यावहारिक (हैंड्स ऑन) सत्र
- इंटेल द्वारा प्रस्तावित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रशिक्षण मॉड्यूल पर फीडबैक दिया
- इनोवेशन क्लब के साथ-साथ, हम लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में उभरती प्रौद्योगिकियों में जेंट्री ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने के लिए इंटेल और आईएसबी के साथ बातचीत कर रहे हैं। हमने ज्ञापन का मसौदा तैयार किया और एक दूसरे के दृष्टिकोण को समझने और मसौदा ज्ञापन को समेकित करने के लिए कई बैठकें कीं।
- राइफल्स और तीरंदाजी क्लब के साथ काउंटर स्ट्राइक टूर्नामेंट का आयोजन किया गया
- आईसीटी सत्रों में कठिनाई का सामना करने वाले साथी प्रशिक्षु अधिकारियों की मदद करने के लिए कक्षा के दौरान आईसीटी बड्डी सिस्टम की शुरूआत की
- माइक्रोसॉफ्ट पावर बीआई हैंड्स-ऑन सत्र का आयोजन किया गया
- गूगल डेटा स्टूडियो का उपयोग करके एलपीएल बैडमिंटन और लॉन टेनिस इवेंट के लिए लाइव डैशबोर्ड बनाया गया
- मेगा हैकाथॉन इवेंट आयोजित किया गया
- उभरती प्रौद्योगिकियों पर हाल ही में प्रकाशित पुस्तकों की खरीद के लिए मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष के साथ मिलकर आगे की कार्रवाई की गई
- कार्यालय में बेहतर परिणाम देना (ऑफिस प्रोडक्टीविटि) विषय पर श्री योगेश द्वारा सत्र
- आईसीटी मॉड्यूल के लिए पुनरीक्षण कक्षाएं

फिल्म सोसाइटी

- *समिति का गठन : 1 सचिव और 4 सदस्य*
- *निदेशक नामिति : सुश्री अलंकृता सिंह, उप निदेशक*

गतिविधियां:

फिल्म सोसायटी अकादमी में सबसे जीवंत सोसाइटियों में से एक है। 2020-21 के दौरान सोसाइटियों द्वारा निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की गईं:

1. फाउंडेशन कोर्स और आईएएस चरण- I के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए सामाजिक मुद्दों सहित विभिन्न विषयों पर 22 फिल्में दिखाई गईं।
2. 2018 बैच के आईएएस चरण- II के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए फिल्मों से संबंधित विभिन्न ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किए गए।
3. 95वें फाउंडेशन कोर्स के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए मूवी रिव्यू प्रतियोगिता का आयोजन।
4. 2020 बैच के आईएएस चरण-I के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए फिल्मों पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन।
5. 2020 बैच के आईएएस चरण-I के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए फिल्म समीक्षा प्रतियोगिता और डंब-चराड की प्रतियोगिता का आयोजन।

अभिरूचि क्लब

- *समिति का गठन : 1 सचिव और 4 सदस्य*
- *निदेशक नामिति : श्री मिलिंद रामटेके, उप निदेशक*

उद्देश्य

अभिरूचि क्लब का उद्देश्य फोटोग्राफी, पेंटिंग, डाक टिकट संग्रह, पौधों का संग्रह जैसे विभिन्न कार्यों में रुचि पैदा करना और उन्हें लोकप्रिय बनाना, फिल्मों और गीतों आदि पर आधारित प्रश्नोत्तरी आयोजित करना, चर्चा, वार्तालाप, प्रदर्शनियों इत्यादि का आयोजन करना ताकि प्रशिक्षु अधिकारियों में उनके प्रति रूझान पैदा हो सके। क्लब प्रशिक्षु अधिकारियों को सीखने और कुशलता प्राप्त करने में प्रेरित करता है। विचारों के आदान-प्रदान के लिए मंच के रूप में कार्य करता है और अभिरूचि को प्रोत्साहित करने के लिए सामग्री एवं उपकरणों सहित आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराता है।

गतिविधियां:

अभिरूचि क्लब ने अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए वर्ष के दौरान निम्नलिखित गतिविधियां आयोजित की:

- कविता प्रतियोगिता (अंग्रेजी/हिंदी/तमिल/बंगला)/फीफा प्रतियोगिता/डिजिटल पोस्टर प्रतियोगिता/पोकर्स नाइट के लिए जलपान /प्लैंक प्रतियोगिता (पुरुष/महिला) आदि
- मिस्टर एंड मिस/मिसेज लबासना कार्यक्रम
- पेंटिंग प्रतियोगिता
- रंगोली प्रतियोगिता
- पोकर खेल कार्यक्रम
- गेम 29

इन गतिविधियों में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा बड़ी संख्या में भागीदारी की गई। इस अवधि में श्री मिलिंद रामटेके, उप निदेशक, निदेशक नामिति और सुश्री अनुपम तलवार निदेशक सह नामिती थे।

हाउस जर्नल सोसायटी

- *कार्यकारी समिति का गठन : 1 सचिव और 4 सदस्य*
- *निदेशक नामिति : सुश्री गौरी पराशर जोशी, उप निदेशक*

उद्देश्य

रचनात्मक लेखन के माध्यम से साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देना, स्वतंत्र अभिव्यक्ति और एक दूसरे के साथ बातचीत के लिए मंच प्रदान करना और संपादन एवं पत्रकारिता के अन्य पहलुओं के लिए रूझान विकसित करना।

गतिविधियां

गृह पत्रिका सोसाइटी प्रशिक्षु अधिकारियों और पूर्व छात्रों को उनके रचनात्मक और साहित्यिक कौशल का प्रदर्शन करने के लिए मंच प्रदान करती है। सोसाइटी मासिक न्यूज लेटर 'द बज़' भी प्रकाशित करती है। न्यूज लेटर में अकादमी और इससे जुड़े अनुसंधान केंद्रों में आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों/कार्यशालाओं की सूचना शामिल होती है। हिमालयन ट्रैक, ग्राम दौरा और भारत दर्शन पर विशेष संस्करण प्रकाशित किए जाते हैं। फाउंडेशन कोर्स और चरण- I की संपादकीय टीम ने न्यूज़लेटर को आंतरिक (इन-हाउस) रुप से डिज़ाइन किया। रिप्रोग्राफिक सेक्शन के माध्यम से कुछ प्रतियां आंतररिक (इन-हाउस) रुप से मुद्रित की गईं और उन्हें मुख्य रूप से ईमेल द्वारा वितरित किया गया।
इसके अलावा, गृह पत्रिका सोसाइटी ने पाठ्यक्रमों के अंत में बैच निर्देशिका "कौन क्या है" भी इसके साथ उपलब्ध कराई। सोसायटी ने कई लघु कहानी और कविता प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया।

मुख्य गतिविधियां

- प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की
- "यात्रा वृत्तांत" और रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया
- आफिशियली अनआफिशियली-प्रतिस्पर्धी कार्यक्रम का आयोजन किया गया
- भारत दर्शन पर "टेल्स ऑफ इंडिया" का प्रकाशन
- फाउंडेशन कोर्स के दौरान "मैड-एड" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

नवोन्मेष क्लब

- *समिति का गठन: 1 सचिव और 4 सदस्य*
- *निदेशक नामिति: श्री नितेश झा, रीडर*

उद्देश्य:

क्लब का उद्देश्य प्रशासन में जमीनी स्तर पर नवाचार के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना और प्रशिक्षु अधिकारियों को प्रशासन से परिचित कराना, लिंक पोर्टल का रखरखाव और उसको उन्नत बनाना, लिंक पोर्टल में पोस्ट की गई और पूरी नहीं की जा सकी आवश्यकताओं के लिए जमीनी स्तर पर नये-नये विचारों का संकलन करना है। विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षु अधिकारियों और इनोवेटर्स के बीच बातचीत के लिए नवाचार संगोष्ठियां आयोजित करना, क्लब की गतिविधियों में प्रशिक्षु अधिकारियों की भागीदारी में बढ़ोत्तरी के लिए नवाचार प्रदर्शनियों और प्रश्नोत्तरी जैसे कार्यक्रमों का आयोजन करना।

गतिविधियां

95वें फाउंडेशन कोर्स के दौरान

1. **नवप्रवर्तन संगोष्ठियां** : नवप्रवर्तन संगोष्ठियों के 5 ऑनलाइन सत्र 14 और 15 दिसंबर 2020 को आयोजित किए गए, जहां पर 6 अलग-अलग वक्ताओं ने प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ बातचीत की।
2. **इगनाइट 2020**: यह कार्यक्रम लाल बहादुर राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी द्वारा द्वारा प्रशिक्षु अधिकारियों को लिंक पोर्टल के बारे में जागरूक करने के लिए चलाया गया अभियान था। प्रशिक्षु अधिकारियों को एलएनके प्लेटफॉर्म में पोस्ट की गई उन आवश्यकताओं जिन्हें पूरा नहीं किया जा सका और उक्त आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जमीनी स्तर पर नवाचारों को कैसे पोस्ट किया जाए, इसके बारे में बताया गया।
3. **नवाचार प्रश्नोत्तरी**: प्रश्नोत्तरी दो दौर में आयोजित की गई थी और सभी प्रश्नोत्तरी कार्यक्रमों में सबसे अधिक भागीदारी इसी में रही। पारंपरिक प्रश्नोत्तरी से अलग सामग्री और प्रश्न नये थे और कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए ऑनलाइन मोड में आयोजित किए गए। यह टीम इवेंट था, जिसमें प्रत्येक टीम में 3 सदस्य थे और शीर्ष 3 टीमों को प्रमाण पत्र के साथ क्रमशः 3000, 2000 और 1000 रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण- I (2019 बैच) के दौरान

1. **आइडिया सीरीज**: प्रशिक्षु अधिकारियों के बीच नवाचार की भावना को बढ़ावा देने के लिए व्याख्यान के बीच में स्लॉट में शार्ट इनोवेटिव वीडियो दिखाना। निम्नलिखित विषयों पर वीडियो का प्रदर्शन किया गया -
   - पोषण मिशन
   - तिरंगा थाली (पोषण)
   - वाटर व्हील
   - कीटनाशकों के लिए बूम स्प्रेयर
   - एरोफार्म - अभिनव कृषि
   - अपशिष्ट प्रबंधन के लिए अंबिकापुर मॉडल
   - गैर संचारी रोगों का प्रबंधन
   - उन्नयन बांका-शिक्षा मॉडल
   - होल इन द वॉल-शिक्षा में प्रौद्योगिकी
   - शिक्षा में हैप्पीनेस करिकुलम

- शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग- चीन से सबक (क्या करें और क्या न करें)
- मोंटेसरी शिक्षा मॉडल
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवाएं - यूके से ज्ञानार्जन
- प्लास्टिक की ईंटें - प्लास्टिक कचरे के निपटान की नई विधि
- बांस से अभिनव उत्पाद
- पूर्वोत्तर भारत में डे लाइट मैनेजमेंट से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को हल करने के लिए जुगनू बैग
- चक्र सूत- सूत को स्याही और पिंगमेंट में बदलने की विधि
- प्लास्टिक के घर
- फूलों की रीसाइकलिंग-समाधान करने की विधि

2. **"इशुज एट होम" प्रतियोगिता के तहत प्रशिक्षु अधिकारियों को पेश आने वाली समस्याओं का संकलन**: प्रशिक्षु अधिकारियों के सामने आने वाले प्रासंगिक मुद्दों का पता लगाने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह अधिकारी प्रशिक्षु द्वारा चिह्नित मुद्दों से रूबरू होने का सर्वेक्षण था।

3. **"इनोवेशन @ होम" में शीर्ष 3 समस्याओं का समाधान:**
   - अन्यथा सक्षम व्यक्तियों के लिए अकादमी को अधिक समावेशी बनाना
   - अकादमी में वन्यजीवों के साथ मिलकर समय बिताना
   - अकादमी परिसर को पूर्ण रूप से अपशिष्ट से मुक्त करना

4. **ट्राइबल ट्रेजर हंट**: ट्राइफेड, मसूरी के सहयोग से (जीआई महोत्सव के दौरान)
5. **ट्राइफेड, मसूरी के सहयोग से जनजातीय कार्य मंत्रालय के साथ लाइव गिव अवे कार्यक्रम (जीआई महोत्सव के दौरान)**: जीआई टैग और जनजातीय कलाकृतियों पर विभिन्न प्रश्नों को सीधे जुड़े दर्शकों से प्रश्न पूछे गए और मौके पर ही पुरस्कार दिए गए। यह जनजातीय उत्पादों के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए था।
6. **उभरती प्रौद्योगिकी का केंद्र (आगामी)**: इंटेल और आईएसबी, हैदराबाद और कंप्यूटर सोसायटी, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के सहयोग से।

मैनेजमेंट सर्किल

- *समिति का गठन: 1 सचिव और 4 सदस्य*
- *निदेशक नामिती: सुश्री नंदिनी पालीवाल, उप निदेशक (वरिष्ठ)*

उद्देश्य:

मैनेजमेंट सर्किल का मुख्य कार्य विभिन्न क्षेत्रों में हाल ही हुए विकास को बढ़ावा देना और उसका अध्ययन करना तथा नोट्स और सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए मंच के रूप में कार्य करना है।

गतिविधियां:

आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण- I (2019 बैच) के दौरान

1. **मनी मैनेजर, द मॉक इन्वेस्टमेंट कॉम्पिटिशन**: निवेश से संबंधित इस मॉक खेल को 4 सप्ताह तक आयोजित किया गया और इसमें 40 प्रशिक्षु अधिकारियों ने भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य प्रतिभागियों को इक्विटी में निवेश की बारीकियों और उससे जुड़े जोखिमों से परिचित कराना था। खेल की रूपरेखा और नियमों द्वारा सुनिश्चित किया गया कि प्रतिभागियों को पोर्टफोलियो डाइवर्सिफिकेशन और पोर्टफोलियो रिबैलेंसिंग की अवधारणाओं से अवगत कराया जाए। श्री पी. प्रमोद, डॉ. अपराजिता सिंह सिनसिनवार और डॉ. आनंद शर्मा प्रतियोगिता के विजेता रहे। मैनेजमेंट सर्किल की लेखाकार श्रीमती प्रीति रावत ने कार्यक्रमों को सही प्रकार से संचालित करने में प्रमुख भूमिका निभायी।

2. **व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन पर सत्र:** यह सत्र वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित किया गया और इसमें 60 से अधिक प्रशिक्षु अधिकारियों ने भाग लिया। सत्र का संचालन श्री मनोज धर्मराजन (आईपी एंव टीएएफएस: 1991) द्वारा किया गया, जिन्हें दीर्घावधि निवेश का लगभग 2 दशकों का अनुभव है। व्याख्यान में 1 घंटे का शिक्षण सत्र और उसके बाद आधे घंटे का प्रश्नोत्तर सत्र शामिल था तथा इसमें विभिन्न विषयों पर बातचीत की गई:
    - अन्य परिसंपत्ति वर्गों के साथ इक्विटी रिटर्न की तुलना कैसे करें
    - म्यूचुअल फंड, उनके प्रकार और उनमें निवेश कैसे करें
    - म्यूचुअल फंड निवेश का जोखिम/रिटर्न प्रोफाइल
    - व्यवस्थित निवेश योजनाएं (एसआईपी)
    - इक्विटी में निवेश के संबंध में आचरण नियम और उनका अनुपालन कैसे सुनिश्चित करें

प्रशिक्षु अधिकारियों के विचार से यह सत्र बहुत उपयोगी रहा।

95वें फाउंडेशन कोर्स के दौरान

1. **प्रबंधन प्रश्नोत्तरी**- यह प्रश्नोत्तरी ब्रांड्स, बिजनेस लीडर्स, मैनेजमेंट थ्योरी, एंटरप्रेन्योर्स आदि पर आधारित रही। इसमें प्रारंभिक और अंतिम राउंड शामिल थे। इसमें 70 से अधिक प्रशिक्षु अधिकारियों की भागीदारी रही।
2. **वित्तीय स्वतंत्रता सत्र**- सेवानिवृत्ति की योजना बनाने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए गणना करना सिखाया गया। इंडेक्स इनवेस्टिंग और बेंजामिन ग्राहम के दर्शन पर बल देते हुए निवेश रणनीति पर चर्चा की गई। निवेश रणनीतियों पर आचरण नियमों की निहितार्थ बातों पर भी चर्चा की गई।
3. **आयकर रिटर्न सत्र**- अधिकांश प्रशिक्षु अधिकारी पहली बार आयकर का भुगतान करेंगे। प्रशिक्षु अधिकारियों के आयकर रिटर्न दाखिल करने के कार्य को यथासंभव सुगम बनाने के लिए मूल बातें बताने हेतु सत्र का आयोजन किया गया।

4. **अपनी लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के विषय में जानें** - यह कार्यक्रम भारत दिवस के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में 25 स्थानों को पहेलियों के रूप में दिए गए सुरागों का प्रयोग करके खोजा जाना था। ये पहेलियां उस जगह के इतिहास, महत्वपूर्ण व्यक्तित्वों और प्रसिद्ध घटनाओं से संबंधित थी। इस आयोजन में प्रतिभागियों ने टीम वर्क, समस्या समाधान कौशल और तत्परता का परिचय दिया।
5. **वित्तीय प्रबंधन (अतिरिक्त कक्षा)** - नियमित प्रबंधन कक्षाओं की कमी को पूरा करने के लिए तुलन पत्र, आय विवरण और वित्तीय विश्लेषण जैसे विषयों को पढ़ाया गया। अवधारणाओं पर पकड़ मजबूत करने के लिए चर्चा के विषयों से संबंधित समस्याओं को हल किया गया।
6. **अर्थशास्त्र (अतिरिक्त कक्षा)** - अर्थशास्त्र की अंतिम परीक्षा से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। विषयों में प्रशिक्षु अधिकारियों के सुगमता स्तर को बढ़ाने के लिए संबंधिक ग्राफ़ के साथ हैंडआउट्स की सभी शंकाओं का समाधान किया गया।

प्रकृति प्रेमी क्लब

- *समिति का गठन : 1 सचिव और सदस्य*
- *निदेशक नामिति : श्री अभिराम जी. शंकर, उप निदेशक*

उद्देश्य

प्रकृति प्रेमी क्लब ने प्रशिक्षु अधिकारियों तथा विभिन्न पाठ्यक्रमों के संकाय सदस्यों के सक्रिय सहयोग से प्रशिक्षु अधिकारियों को पर्यावरण, प्रकृति, वन्यजीव संरक्षण, प्लास्टिक के हानिकारक प्रभाव इत्यादि के बारे में जागरूक और संवेदनशील बनाने हेतु कई गतिविधियां आयोजित की।

गतिविधियां

सुश्री अनामिका रमेश, आईएएस के नेतृत्व में और श्री अभिराम जी. शंकर, आईएएस के मार्गदर्शन में प्रकृति प्रेमी क्लब ने आईएएस व्यवसायिक पाठयक्रम (दिसंबर 2020 से मार्च 2021) के पहले चरण के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों के बीच प्रकृति के साथ जोड़ने वाली विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। क्लब ने 'एक भारत वन्य भारत फोटोग्राफी प्रदर्शनी' का आयोजन किया, जहां प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा भारत की प्राकृतिक विविधता का चित्रण प्रस्तुत करने वाली 200 से अधिक तस्वीरों का प्रदर्शन किया गया। समाज सेवा क्लब के सहयोग से प्लॉगिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रशिक्षु अधिकारियों ने मसूरी को 'अधिक स्वच्छ और हरा-भरा' बनाने के लिए उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्लब ने श्री अभिराम जी. शंकर की विशेषज्ञता के सहयोग से बर्ड वाचिंग कार्यक्रम आयोजित किए, जहां प्रशिक्षुओं ने मसूरी के सामान्य पक्षियों को देखना और उनको पहचानना सीखा, जिससे स्थानीय पक्षियों और उनके संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा हुई। क्लब ने फोटो निबंध प्रतियोगिता और रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की, जहां प्रशिक्षु अधिकारियों को प्रशिक्षण के दौरान अपनी सीमाओं को विस्तार देने और प्रकृति के साथ अपने जुड़ाव पर चिंतन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

अधिकारी क्लब

- *समिति का गठन : 1 अध्यक्ष, 1 सचिव और 6 सदस्य*
- *निदेशक नामिति : सुश्री दिशा पन्नू*
- *निदेशक सह नामिति : डॉ. अनुपम तलवार*

उद्देश्य:

- अधिकारी क्लब ने अपने सभी सदस्यों अर्थात प्रशिक्षु अधिकारियों, सेवाकालीन पाठ्यक्रमों अर्थात चरण V, चरण IV, चरण III के प्रतिभागियों और अकादमी के संकाय सदस्यों को आउटडोर और इनडोर खेलों की सुविधा प्रदान की।
- क्लब का मुख्य उद्देश्य सदस्यों को अधिक अवसर प्रदान करना है, जहां वे न केवल स्वास्थ्य और समग्र आत्मविश्वास प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं बल्कि बेहतर नेतृत्व कौशल और समूह में कार्य करने की क्षमता विकसित कर सकते हैं।
- आउटडोर सुविधाओं में लॉन टेनिस, बास्केटबॉल और वॉलीबॉल, क्रिकेट, फुटबॉल, स्केटिंग और एथलेटिक्स के आयोजन शामिल हैं। आउटडोर गतिविधियों में राइडिंग एस्टेबलिशमेंट शामिल हैं। घुड़सवारी का बुनियादी कौशल प्रदान करने के लिए अकादमी के पास 23 घोड़े हैं। विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रशिक्षु अधिकारियों और इच्छुक अधिकारियों को घुड़सवारी क्षेत्र (राइडिंग एरिना) में घुड़सवारी का प्रशिक्षण और अनुभव दिलाया जाता है। घुड़सवारी अनुदेशक (राइडिंग इंस्ट्रक्टर्स) को राष्ट्रपति बॉडी गार्ड्स रेजिमेंट से प्रतिनियुक्ति पर बुलाया जाता है, जो भारतीय सेना की उत्कृष्ट घुड़सवार रेजिमेंट है।
- इनडोर खेलों की सुविधाओं में बिलियर्ड्स, कैरम, तैराकी, शतरंज, स्नूकर, टेबल टेनिस, स्क्वैश, फ़ॉस्बॉल और बैडमिंटन शामिल हैं।
- खेल प्रशिक्षण के क्षेत्र में वोकल फॉर लोकल की अवधारणा को बढ़ावा देते हुए, गतिविधि सत्रों को रोचक, आकर्षक और मनोरंजक बनाने के लिए योग, ध्यान, एरोबिक्स और ज़ुम्बा के क्षेत्र में प्रशिक्षित प्रशिक्षकों को नियुक्त किया गया है।
- क्लब में सभी समग्र सुविधाओं वाला जिमनेजियम है जिसकी सेवाएं वर्ष भर उपलब्ध रहती है।

गतिविधियां

1. चरण-1 के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए शार्ट ट्रेक की व्यवस्था: इसके लिए दो मार्गों को चुना गया- जॉर्ज एवरेस्ट और लाल टिब्बा।
2. चरण-1 के प्रतिभागियों के लिए अकादमी प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया जिसमें समिति द्वारा क्रिकेट, बैडमिंटन, शतरंज, लॉन टेनिस, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस और फॉस्बॉल जैसे सभी खेलों के मैच आयोजित किए गए। चरण 1 और चरण 3 के प्रतिभागियों के कुछ मैच सौहार्द बढ़ाने के लिए भी आयोजित किए गए।
3. भागीदारी और सौदार्यपूर्ण प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए चरण-1 के प्रशिक्षु अधिकारियों को गन हिल शूटर्स, दलाई हिल रेडर्स, जॉर्ज एवरेस्ट कॉन्करर्स और लाल टिब्बा वारियर्स

नामक चार टीमों में बांटा गया। टीम में अपनेपन की भावना बनाए रखने के लिए प्रत्येक प्रशिक्षु अधिकारी को नाम और संख्या दर्शाने वाली 4 अलग-अलग रंगों की (प्रत्येक टीम के लिए अलग-अलग) टी-शर्ट दी गई।

4. पोलो ग्राउंड में एथलेटिक्स चैंपियनशिप भी आयोजित की गई जिसमें 11 ट्रैक इवेंट और 6 फील्ड इवेंट (पुरुष और महिला सहित) थे।
5. स्केटिंग के लिए एक अनुभवी और प्रशिक्षित प्रशिक्षक को भी 2020 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए नियुक्त किया गया।
6. अकादमी में एक नई बॉक्सिंग रिंग स्थापित की गई है जो माननीय राज्यसभा सांसद और ओलंपिक पदक विजेता सुश्री एम.सी. मैरी कॉम की उपलब्धियों के लिए समर्पित है और उनके द्वारा इसका उदघाटन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर किया गया।

अधिकारी मेस

- *समिति का गठन : 1 अध्यक्ष, 1 सचिव, 1 कोषाध्यक्ष और 5 सदस्य*
- *निदेशक नामिति : श्री विजय बी.वसंत, प्रोफेसर*

उद्देश्य

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी परिसर में अधिकारी मेस एक सम्मानजनक संस्था है। यह एक ऐसा स्थान है जहां व्यंजनों की विविधता के माध्यम से संस्कृति, परंपराएं, प्रथाएं तथा विश्वास एक साथ मिल जाते हैं। यह संस्था प्रशिक्षु अधिकारियों के बीच विश्वबन्धुत्व एवं भाईचारे की भावना को सदैव बढ़ावा देती है। मेस को अनिवार्य रूप से शिष्टाचार, आचार तथा सेवाओं के संदर्भ में उच्च मानक प्राप्त करना होता है। प्रत्येक प्रशिक्षु अधिकारी इस संस्था का अभिन्न हिस्सा होता है। अधिकारी मेस का संचालन प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा किया जाता है। मेस समिति के सदस्य प्रशिक्षु अधिकारी होते हैं। मेस समिति में एक अध्यक्ष, एक सचिव, एक कोषाध्यक्ष तथा पांच अन्य सदस्य होते हैं जो स्वयं मैत्री भाव के अधारभूत विचार को बढ़ावा देने के लिए मिलजुल कर कार्य करते हैं। मेस समिति अधिकारी मेस के निदेशक नामिति के समग्र दिशा-निर्देश तथा देख-रेख में कार्य करती है। मेस का संचालन हर समय मेस प्रबंधक, लेखाकार, स्टोर कीपर तथा पर्यवेक्षकों द्वारा किया जाता है। इस संस्था में अधिकारी मेस के कर्मचारी, कुक, सहायक, टेबल बीयरर, रूम बीयरर, स्वीपर तथा डिशवॉशर होते हैं। अधिकारी मेस कर्मशिला, ज्ञानशिला तथा इंदिरा भवन परिसर में लगभग 500 लोगों को सेवाएं प्रदान करता है। अधिकारी मेस प्रतिभागियों को इस राष्ट्र के कोने-कोने के विभिन्न व्यंजन (मेस में तैयार किए गए) परोसता है। अधिकारी मेस सभी सेवाएं अपनी निम्नलिखित आउटलेट्स के माध्यम से प्रदान करता है।

- ए.एन.झा प्लाजा कैफे
- होम टर्फ केफेटेरिया
- सॉवेनियर शॉप, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी

गतिविधियां :

- रसोई उपकरणों का उन्नयन

- सॉवेनियर शॉप में नई वस्तुएं शामिल करना
- आंचलिक दिवस, भारत दिवस और फेट का आयोजन करना
- क्षेत्रिय व्यंजन पेश किए गए
- प्रशिक्षु अधिकारियों और संकाय सदस्यों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे खाना पकाना, बेकिंग, गोलगप्पा खाना आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- नोवेल कोरोना वायरस महामारी के लिए निवारक उपाय करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा घोषित राष्ट्रीय लॉकडाउन के दौरान सभी दिहाड़ी मजदूरों को 30.06.2020 तक वेतन का भुगतान किया गया। कोरोना महामारी के दौरान छंटनी किए गए प्रत्येक दिहाड़ी मजदूर को 2,000 रुपये के कूपन भी दिए गए।
- सॉवेनियर शॉप से पुराने स्टॉक को समाप्त करने के लिए वस्तुओं की रियायती दर पर ब्रिकी भी की गई, और ऑफिसर्स मेस द्वारा ज्यादा समय तक न रखी जा सकने वाली वस्तुओं की बिक्री भी की गई।

अधिकारी मेस अकादमी की सभी शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक गतिविधियों से जीवन में उल्लास तथा उत्साह लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है।

राइफल एवं तीरंदाज़ी क्लब

- *समिति का गठन : 1 सचिव और 3 सदस्य*
- *निदेशक नामिति : सुश्री सुनीता रानी, प्रोफेसर*

उद्देश्य

क्लब के सदस्यों को फायर आर्म्स तथा धनुष-बाण को सक्षमता से संचालित करने में प्रशिक्षण देना। एक बेहतर खेल के रूप में सदस्यों के बीच निशानेबाजी की कला एवं विज्ञान को प्रोत्साहित एवं प्रेरित करना। टीमों तथा/अथवा व्यक्तियों के लिए समय-समय पर निशानेबाजी प्रतियोगिताएं आयोजित करना एवं पुरस्कार प्रदान करना। धनुर्विद्या तथा निशानेबाजी दोनों में मनोरंजन कार्यक्रम प्रायोजित/आयोजित करना। छह हथियारों के साथ रेंज तथा आउटडोर निशानेबाजी की सुविधाएं उपलब्ध करना अर्थात 12 बोर राइफल, स्माल बोर राइफल, पिस्टल और रिवॉल्वर, एयर रायफल तथा धनुष-बाण और निशानेबाजी के लिए अन्य गतिविधियां जो कि निदेशक नामिति द्वारा उपयुक्त समझी जा सकती हैं।

गतिविधियां

वर्ष के दौरान राइफल एवं तीरंदाज़ी क्लब ने धनुर्विद्या के साथ-साथ राइफल शूटिंग में प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए अभ्यास सत्रों का आयोजन किया। सत्र के अंत में, सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

समकालीन क्रियाकलाप सोसाइटी

- *समिति का गठन : 1 सचिव और 9 सदस्य*
- *निदेशक नामिति : श्री नितेश झा, रीडर*

उद्देश्य

- सोसाइटी के जरिए चर्चा, वाद-विवाद तथा सामान्य अभिरूचि के सभी मामलों के अध्ययन, जिसमें सामयिकी, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी एवं सामयिक अभिरूचि के विषयों के लिए मंच प्रदान करना।
- अकादमी में अधिकारियों को उन सभी सामान्य गतिविधियों के लिए मंच उपलब्ध कराना जो अन्य क्लबों तथा सोसाइटियों द्वारा विशेष रूप से प्रदान नहीं की जाती हैं।

गतिविधियां

- इंटर हॉस्टल और मेला क्विज: समकालीन क्रियाकलाप सोसाइटी के सचिव द्वारा 22 और 29 नवंबर, 2020 को आयोजित किया गया।

- **आशुभाषण संध्या:** कार्यक्रम की शुरुआत आशुभाषण संध्या से हुई, जिसे 6 जनवरी, 2021 को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बहुत से प्रशिक्षु अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को एक विषय पर लगभग ढाई मिनट तक बोलना था जो उन्हें मौके पर दिया गया था और विषयों में विभिन्न नैतिक और सामाजिक विषयों जैसे पशु अधिकार, इच्छामृत्यु आदि शामिल थे।

- **वाद-विवाद प्रतियोगिता:** 25 जनवरी 2021 को, अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर ध्यान केंद्रित करते हुए शिक्षा विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसे प्रत्येक वर्ष 24 जनवरी को मनाया जाता है। प्रशिक्षुओं ने दो सदस्य वाली टीमों में भाग लिया और उन्होंने न केवल उन विषयों के पक्ष या विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए, जिन पर वे बहस कर रहे थे, बल्कि विपक्षी टीम द्वारा प्रस्तुत तर्कों का खंडन भी किया। संकाय सदस्य जो इस आयोजन के निर्णयकर्ता थे, प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत कुछ तर्कों से काफी प्रभावित हुए। इस कार्यक्रम में पुनः प्रशिक्षु अधिकारियों ने बड़े पैमाने पर उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

- **सामान्य प्रश्नोत्तरी:** 2 मार्च 2021 को, सामान्य प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई जिसमें जयदेव इसके क्विज़मास्टर थे। प्रश्नोत्तरी कठिनाई के विभिन्न स्तरों वाले दो राउंड में आयोजित की गई। प्रशिक्षुओं ने 3 सदस्य वाली टीमों में भाग लिया और शीर्ष तीन टीमों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

- **रचनात्मक कला में महिलाओं पर प्रश्नोत्तरी:** 8 मार्च 2021 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'रचनात्मक कला में महिलाएं' पर प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। प्रश्नोत्तरी के प्रश्नों में विभिन्न

रचनात्मक क्षेत्रों जैसे साहित्य, मनोरंजन, फैशन उद्योग, संगीत, रंगमंच, फिल्मों आदि में महिलाओं की भूमिका को शामिल किया गया। भागीदारी करने के लिए प्रति टीम 3 प्रतिभागियों का फॉर्मेट रखा गया।

- इन आयोजनों के अलावा, समसामयिक क्रियाकलाप की सोसायटी 'दोपहर-एक लेखक के साथ' सत्र का भी हिस्सा बनी जिसमें निदेशक महोदय ने विभिन्न लेखकों के साथ उनकी हाल की या आगामी पुस्तकों के विषय में बातचीत की। समकालीन क्रियाकलाप सोसायटी के सदस्यों ने चर्चाकर्ताओं की तरह प्रतिभाग किया और लेखकों से उनकी पुस्तकों के विभिन्न पहलुओं के बारे में प्रश्न पूछे।

समाज सेवा सोसाइटी

- *समिति का गठन : 1 सचिव और 4 सदस्य*
- *निदेशक नामिति : सुश्री मोनिका धामी, उप निदेशक (वरिष्ठ)*

उद्देश्य

समाज सेवा सोसाइटी में निदेशक नामिती (जो आमतौर पर एक उप निदेशक रैंक का अधिकारी होता है) सोसायटी का नेतृत्व करता है, वैकल्पिक नामिती, एक सचिव और चार सदस्य होते हैं। समिति के मामलों का प्रबंधन करने के लिए संबंधित पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों द्वारा सचिव और सदस्यों को विशेष पाठ्यक्रम (प्रशिक्षण बैच) के प्रतिनिधियों के रूप में चुना जाता है। निदेशक, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी और निदेशक नामिति के मार्गदर्शन में, न केवल अकादमी के कर्मचारियों, बल्कि

स्थानीय समुदाय के निवासियों के हित के लिए कई पहलें करने में सोसायटी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

गतिविधियां:

सामाजिक सेवा सोसाइटी ने मौजूदा गतिविधियों को जारी रखने के साथ-साथ मेहनत से नई गतिविधियों को शुरू करके पिछले बैचों की परंपरा को जारी रखा। यह रिपोर्ट निदेशक नामिति द्वारा नियोजित की गई सभी गतिविधियों और लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में 95वें फाउंडेशन कोर्स और 2020 बैच के चरण-I. व्यावसायिक पाठ्यक्रम के आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा की गई पहलों का समेकित संक्षिप्त विवरण है:

1. समाज सेवा सोसाइटी के लिए पिछला वर्ष चुनौतीपूर्ण था क्योंकि कोविड-19 ने सामाजिक पहुंच के साथ गतिविधियों के आयोजन करने पर प्रतिकूल प्रभाव डाला। लेकिन जैसा कि कहा जाता है, प्रतिकूलता में भी मानव की बढ़ोत्तरी होती है, मार्च से जून, 2020 तक निदेशक नामिति, श्रीमती अश्वथी ने उस समय सिलाई करने वाली महिलाओं के स्वयं सहायता समूह को कोविड के बचने के लिए कपड़े के विशेष मास्क बनाने के कार्य में लगाया, जिस समय इसका बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू नहीं हुआ था और उनकी अत्यधिक मांग थी। स्थानीय महिलाओं से लगभग 1000 से अधिक मास्क तैयार कराए गए और यह न केवल इन महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास था, बल्कि इसने अकादमी के कर्मचारियों, जिन्होंने इन मास्क को पहना उन्हें भी सुरक्षित रखने में सहयोग दिया।
2. लॉकडाउन अवधि के दौरान समाज सेवा सोसाइटी ने बिना राशन कार्ड वाले असहाय और निर्धन लोगों में 100 राशन किट (आटा, चावल, दाल, नमक, मसाले, तेल आदि) बांटे। इस कार्य को एसडीएम मसूरी के सहयोग से संपन्न कराया गया।
3. एक और अनूठी और अभूतपूर्व पहल निदेशक नामिति सुश्री मोनिका धामी द्वारा शुरू की गई, जिन्होंने जुलाई, 2021 से सोसायटी का कार्यभार संभाला और आज तक कार्यभार संभाल रही हैं। यह प्रयास 'सशक्त' नामक स्वयं सहायता समूह स्थापित करने के लिए था जिसमें स्थानीय महिलाएं शामिल हैं जो बुनाई के काम में निपुण हैं। वर्धमान या अन्य प्रसिद्ध ब्रांड की ऊन इन महिलाओं को दी जाती है जो मांग होने पर और अकादमी में विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए भी सुंदर स्कार्फ, मफलर और स्वेटर बुनकर तैयार करती हैं।

इस परियोजना में लगभग 25 स्थानीय महिलाएं शामिल हैं और इन उत्पादों को लागत के आधार पर बेचकर प्राप्त आय को इन महिलाओं में वितरित किया जाता है इससे लगभग 60,000/- रुपये प्रति माह का कारोबार होता है। चरण-I, आईएएस 2020 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने स्वयं सहायता समूह 'सशक्त' के लिए ब्रांड लोगो, टैग और कैरी बैग तैयार किया, जिसे आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया गया और यहां तक कि छोटी वीडियो क्लिपिंग भी तैयार की गई। स्वयं सहायता समूह 'सशक्त' के ऊनी उत्पादों की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया और विभिन्न अवसरों पर 50,000/- रुपये से अधिक मूल्य के ऊनी उत्पादों की बिक्री की गई।

4. फाउंडेशन कोर्स के दौरान, प्रशिक्षु अधिकारी जॉर्ज और उनकी टीम ने सामाजिक संदेश लिखे हुए पोस्टर तैयार करने के साथ-साथ अपने कमरों के लिए स्वच्छता प्रतियोगिता शुरू की।

5. नव वर्ष की पूर्व संध्या पर, चरण-I, 2020 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा हाथ से बने ग्रीटिंग कार्ड बेचकर वंचित महिलाओं के लिए धन जुटाने का कार्य भी किया गया।

6. निदेशक, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाए जाने के साथ स्वच्छता सप्ताह की शुरुआत की गई। इसमें दलाई हिल्स और कंपनी गार्डन में चार दिवसीय स्वच्छता अभियान शामिल था। कला से स्वच्छता प्रतियोगिता (अपशिष्ट से संपन्नता की ओर) तथा पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को समझने के लिए उनके साथ प्रशिक्षु अधिकारियों ने संवाद भी किया। स्थानीय लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए ऋषिकेश में गंगा तट पर सफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन के सिद्धांतों पर आधारित था।

7. आईएएस 2020 बैच की महिला प्रशिक्षु अधिकारियों ने जागरूकता बढ़ाने और महिला अकादमी कर्मचारियों और उनके बच्चों को प्रेरित करने के लिए अपने जीवन संघर्ष को साझा किया। इसमें कई महिला कर्मचारियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन उसी दिवस में किया गया जब बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का शुरूआत हुई थी।

8. निदेशक नामिति सुश्री मोनिका धामी के मार्गदर्शन में, जो कि लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी से जुड़े केन्द्रीय विद्यालय की अध्यक्ष भी हैं, केन्द्रीय विद्यालय में किशोरियों और किशोरों के स्वास्थ्य संकेतकों की जांच करने के लिए मार्च, 2020 के पहले शनिवार के दिन पहली बार मुहिम चलायी गयी। यह अपनी तरह की पहली गतिविधि थी।

   केन्द्रीय विद्यालय के 150 छात्रों के लिए स्वास्थ्य जांच और जीवन कौशल संबंधी सत्र भी आयोजित किए गए। चिकित्सक, स्त्री रोग विशेषज्ञ और दंत चिकित्सक सहित डॉक्टरों की टीम ने सामान्य बीमारियों के बारे में छात्रों की जांच की। मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता, करियर परामर्श, सोशल मीडिया का उपयोग, स्वस्थ जीवन शैली जैसे विभिन्न विषयों पर जीवन कौशल संबंधी कार्यशालाएं भी आयोजित की गईं।

9. **दिल्ली विश्वविद्यालय के यूपीएससी उम्मीदवारों के साथ चर्चा**: प्रशिक्षु अधिकारियों ने तैयारी के संबंध में यूपीएससी उम्मीदवारों के साथ उनके संदेह और मिथकों को दूर करने के लिए ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन किया। उन्होंने कम संसाधन रखने वाले यूपीएससी उम्मीदवारों को तैयारी नोट्स प्रदान किए और कुछ सत्र भी आयोजित किए। इसे ऑनलाइन मोड में संपन्न कराया गया।

10. **प्रशासनिक पहलें**: ज्ञान पोर्टल पर डिस्पैच सीआरयू अनुभाग के संबंध में जानकारी के लिए ऑनलाइन लिंक और एसएमएस सुविधा शुरू करने और संपदा अनुभाग के माध्यम से ड्राई क्लीनिंग सुविधा को फिर से शुरू करने का कार्य इस टीम द्वारा किया गया। तौल मशीन की उपलब्धता: इसका आयोजन प्रशिक्षु अधिकारियों की फिटनेस के बारे में जागरूकता बढ़ाने और भोजन की बर्बादी को रोकने के लिए अधिकारी मेस में किया गया।

राहुल सांकृत्यायन हिंदी मंच

राहुल सांकृत्यायन हिंदी मंच द्वारा निदेशक महोदय के मार्गदर्शन में पूर्व निदेशक नामिती डॉ. कुमुदिनी नौटियाल तत्पश्चात श्री हरि प्रकाश तथा निदेशक सहनामिती डॉ. भावना पोरवाल एवं श्री सरफराज हुसैन खान के सहयोग से प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा आयोजित गतिविधियों का विवरण निम्न प्रकार से है:

व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण-II (2018 बैच) के दौरान आयोजित गतिविधियों का विवरण

